फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 76 संख्याः 3 प्रभात जयपुर, रविवार 3 अगस्त, 2025 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

ARBIT



जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत

Metro

Rashtradoot

Was POK's First Information Chief An Indian Spy?

The fog of war is not always made of gunpowder. Sometimes, it's made of press bulletins, secret calls, and forged identities

From a Wood Sphere to a Smart Ball

Tracing the centuries of innovation that sent the golf ball on a wild ride through history

# मु.मंत्री भजनलाल, दिल्ली में गृहमंत्री अमित शाह से मिले

## मु.मंत्री ने गत मंगलवार को प्र.मंत्री मोदी से भेंट की थी, पर उस दिल्ली यात्रा में अमित शाह से नहीं मिल पाये, अमित शाह की संसद में व्यस्तता के कारण

- मु.मंत्री की प्र.मंत्री मोदी व अमित शाह से मुलाकात इसलिए जरुरी हो गई थी, क्योंकि, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने मुख्यमंत्री के काम-काज के प्रति काफी असंतोष व्यक्त किया था, दिल्ली में, और मुख्यमंत्री पूरी तैयारी से वसुंधरा जी की प्र.मंत्री. से मुलाकात के बाद दिल्ली पहुंचे, तथा वहां उन्होंने अपने काम-काज की पूरी रिपोर्ट पेश की।
- इसके अलावा मध्य प्रदेश व छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भी अमित शाह से मिले, तथा अपनी-अपनी रिपोर्ट पेश की।
- वैसे भी भाजपा के पास इस समय मुख्यमंत्री की तब्दीलियों की बात छेड़ना कोई प्राथमिकता नहीं है, क्योंकि उसके समक्ष उपराष्ट्रपति पद व पार्टी अध्यक्ष का चयन ऐसे मामले हैं कि किसी छोटी बात पर ध्यान देने का कोई मौका नहीं है।



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और राजस्थान में सहकारिता क्षेत्र में हो रहे कार्यों के बारे में जानकारी साझा की।*

-रेणु मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 02 अगस्त। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल ने दिल्ली में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को संसद में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की थी, लेकिन उस दौरान, गृह मंत्री के अन्य राज्यीय मामलों में व्यस्त होने के कारण, उनसे मुलाकात नहीं हो सकी थी। बताया जा रहा है कि यह मुलाकात एक शिष्टाचार भेंट थी, साथ ही राज्य में विकास कार्यों की प्रगति और सरकार के प्रदर्शन का जायजा लेने के उद्देश्य से भी हुई।

सूत्रों के अनुसार, यह मुलाकात वसुंधरा राजे सिंधिया द्वारा मुख्यमंत्री के विरुद्ध गंभीर आपत्ति दर्ज कराने के बाद हुई है। उन्होंने भजनलाल द्वारा "किये गए और नहीं किये गए कार्यों" को लेकर नाराज़गी जताई है, साथ ही सरकार के कामकाज के तौर-तरीकों पर भी सवाल उठाए हैं।

प्रधानमंत्री ने भजनलाल से पहले वसुंधरा राजे से मुलाकात की थी, लेकिन सूत्रों का कहना है कि फिलहाल मुख्यमंत्री के पद को कोई खतरा नहीं है, क्योंकि पार्टी नेतृत्व राज्य के नेताओं के आकलन में जुटा हुआ है।

यह भी पता चला है कि मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्रियों ने भी गृह मंत्री से मुलाकात की। इन मुलाकातों को राज्यों में भाजपा सरकारों के कामकाज की समीक्षा से जोड़कर देखा जा रहा है।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## अमरनाथ यात्रा को एक सप्ताह पहले रोका

श्रीनगर, 02 अगस्त। जम्मू कश्मीर में बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए होने वाली पवित्र अमरनाथ यात्रा को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। प्रशासन ने अमरनाथ यात्रा इस साल समय से पहले ही रोक दी गई है। यह यात्रा 3 जुलाई को शुरू हुई थी और 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन खत्म होने वाली थी। लेकिन यात्रा मार्ग को भारी बारिश के कारण नुकसान हुआ है। इसके चलते प्रशासन ने यात्रा को एक हफ्ते पहले ही रोकने का फैसला किया है। अधिकारियों का कहना है कि रास्तों की मरम्मत जरूरी है।

- भारी वर्षा के कारण अमरनाथ मार्ग को पहुँचे नुकसान के कारण प्रशासन ने यह निर्णय लिया।

कश्मीर के संभागीय आयुक्त विजय कुमार बिधूड़ी ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाल ही में हुई भारी बारिश और अमरनाथजी यात्रा मार्ग के बालटाल और पहलगाम दोनों छोरों पर मार्ग के रखरखाव की आवश्यकता के कारण दोनों मार्गों पर यात्रा बंद कर दी गई है। उन्होंने आगे कहा कि यह देखा गया कि मार्ग पर लगातार श्रमिकों और मशीनरी की तैनाती के कारण हम यात्रा को कल से पुनः आरंभ नहीं कर पाएंगे। इसलिए तीन अगस्त से यात्रा दोनों मार्गों से स्थगित रहेगी।

# शेषाद्रि चारी होंगे उपराष्ट्रपति?

## शेषाद्रि चारी के नाम पर आर.एस.एस. व प्रधानमंत्री मोदी दोनों सहमत हो सकते हैं

- शेषाद्रि चारी, आर.एस.एस. के मुखपत्र ऑर्गनाइज़र के सम्पादक रहे हैं, चार भाषाओं, हिन्दी, मराठी, तमिल व इंग्लिश के अच्छे ज्ञाता हैं, तथा विदेश नीति व परराष्ट्र मंत्रालय के काम-काज से काफी परिचित हैं।
- शेषाद्रि चारी तमिलनाडू के रहने वाले हैं, तथा उनको उपराष्ट्रपति बनाने से भाजपा को दक्षिण भारत में पैर जमाने में मदद मिलेगी।
- अगर शेषाद्रि उपराष्ट्रपति नहीं बनते हैं, तो उनका नाम भाजपा के अध्यक्ष पद के लिए उपयुक्त माना जाता है।

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 अगस्त। आरएसएस के मुखपत्र ऑर्गनाइज़र के पूर्व संपादक शेषाद्रि चारी का नाम शनिवार को भारत के उपराष्ट्रपति पद के संभावित उम्मीदवार के तौर पर सामने आया।

इस समय दिल्ली में रहने वाले चारी आरएसएस से जुड़े हैं और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के समकालीन हैं।

जब आरएसएस ने महानगरों में अपनी गतिविधियाँ विभाजित की थीं, उस समय चारी ने मुंबई में आरएसएस का नेतृत्व किया था और भागवत नागपुर की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।

चारी को हिंदी, मराठी, तमिल और अंग्रेज़ी भाषाओं का अच्छा ज्ञान है। वे विदेश मामलों के विशेषज्ञ भी माने जाते हैं।

वह मूल रूप से तमिलनाडु से हैं, इसलिए उनके चयन से भाजपा को दक्षिण भारत में अपनी पकड़ मजबूत करने में मदद मिल सकती है।

ऐसा माना जा रहा है कि आरएसएस और प्रधानमंत्री मोदी, दोनों ही उन्हें जगदीप धनखड़ के उत्तराधिकारी के रूप में उपराष्ट्रपति बनाने के लिए सहमत हो सकते हैं। ज्ञातव्य है कि पिछले महीने जगदीप धनखड़ ने उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति पद से इस्तीफा दे दिया था।

अगर उन्हें उपराष्ट्रपति नहीं बनाया गया, तो, मोदी की आपत्ति को देखते हुए, संजय जोशी को भाजपा का अध्यक्ष नहीं बनाए जाने की स्थिति में, चारी को जे.पी नडड्ा की जगह लेने के लिए पार्टी अध्यक्ष पद के लिए भी उम्मीदवार बनाया जा सकता है। ज्ञातव्य है कि संजय जोशी भाजपा के संगठन महासचिव रह चुके हैं।

# 'मेरा नाम बिहार की वोटर लिस्ट में नहीं है'

## तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग द्वारा प्रस्तावित मतदाता सूची को पढ़कर यह तथ्य उजागर किया

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 02 अगस्त। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव ने शनिवार को दावा किया कि बिहार की प्रारंभिक (ड्राफ्ट) मतदाता सूची से उनका नाम हटा दिया गया है। किन्तु भारत निर्वाचन आयोग ने उनके इस दावे को "तथ्यात्मक रूप से गलत" बताते हुए, इसका दृढ़तापूर्वक खण्डन किया है।

तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि इस साल होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले राज्य की ड्राफ्ट मतदाता सूची से करीब 65 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए गए हैं। निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार (1 अगस्त) को बिहार के लिए प्रारंभिक मतदाता सूची जारी की थी, जो

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- तेजस्वी के अनुसार, लगभग 65 लाख नाम मतदाता सूची में काटे गये हैं, तथा हर सीट से बीस से तीस हजार नाम काटे गये हैं।
- तेजस्वी ने यह भी कहा, कि चुनाव आयोग जो विज्ञापन जारी करता है, उसमें यह तो बताया जाता है, कि कितने लोग शिफ्ट हो गये हैं, कितने लोग मर चुके हैं, तथा कितने नाम डुप्लीकेट हैं, पर विज्ञापन में यह जानकारी नहीं दी जाती कि किस वोटर का क्या पता है, न ही बूथ नम्बर दिया जाता है, और न ही ई.पी.आई.सी. नम्बर। अतः यह मालूम नहीं हो पाता कि किसका नाम मतदाता सूची से काटा गया है।
- चुनाव आयोग ने तेजस्वी के दावे को तथ्यात्मक रूप से गलत बताया और कहा, तेजस्वी का नाम सीरियल नम्बर 416, दीघा सीट की मतदाता सूची में है।

## पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को उम्र कैद की सजा

बेंगलुरु, 02 अगस्त। कर्नाटक के हाईप्रोफाइल मामले में बेंगलुरु की एक विशेष अदालत ने शनिवार को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए हासन के पूर्व सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना को 47 वर्षीय घरेलू सहायिका से दुष्कर्म करने के जुर्म में आजीवन कारावास की सजा सुनायी।

आजीवन कारावास की सजा के अलावा अदालत ने रेवन्ना पर 10 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया,

- पूर्व प्रधानमंत्री देवेगौड़ा के पोते को कल अदालत ने दुष्कर्म का दोषी करार दिया था।

जिसमें से 7 लाख रुपये पीड़िता को मुआवजे के रूप में दिए जाएंगे। अदालत ने रेवन्ना को यह सजा दुष्कर्म, यौन उत्पीड़न, ताक-झांक, साक्ष्य नष्ट करने और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के उल्लंघन सहित कई आरोपों के अंतर्गत

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'भारत ने रूस से ऑयल खरीदना बंद कर दिया है'

## ट्रंप ने वॉशिंगटन में यह दावा किया और यह भी कहा कि यह एक "अच्छा" कदम है

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 02 अगस्त। अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने शनिवार को दावा किया कि भारत ने रूस से तेल खरीदना बंद कर दिया है, जिसे उन्होंने "अच्छा कदम" बताया। हालांकि, भारत सरकार के सूत्रों ने इस दावे को खारिज किया है।

वॉशिंगटन में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा, "मुझे समझ में आया है कि भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा। मैंने ऐसा सुना है, लेकिन मुझे नहीं पता कि यह सही है या नहीं," उन्होंने यह बात उस समय कही, जब उन्होंने भारत पर 1 अगस्त से लागू होने वाले टैरिफ को एक हफ्ते के लिए टाल दिया।

ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय पर आई है, जब अमेरिका ने रूस से कच्चा तेल और सैन्य उपकरण खरीदने के कारण भारत पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। साथ ही, भारत से आयात होने वाले सामानों पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क भी लगाया गया है। इससे पहले ट्रंप और अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने, यूक्रेन युद्ध

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

- पर, भारत के विदेश मंत्रालय ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, "इस घटनाक्रम की हमें कोई जानकारी नहीं है। पर, हमारी "ऑयल खरीद की नीति स्पष्ट है, जहाँ से ऑयल हमें अच्छे दाम पर मिलता है, हम वहीं से खरीदते हैं। ऑयल खरीद के लिए और कोई मापदण्ड नहीं है।"
- पर, बाज़ार में यह भी चर्चा है कि गत सप्ताह में भारत ने रूस से ऑयल नहीं खरीदा है, क्योंकि "डिस्काउंट" काफी कम हो गया है।
- रॉयटर की रिपोर्ट के अनुसार, भारत की चार सरकारी ऑयल रिफाइनरी कंपनियों (इण्डियन ऑयल, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम, भारत पेट्रोलियम व मैंगलोर रिफाइनरी) ने लगभग एक सप्ताह से रूस का ऑयल नहीं खरीदा है।

## शिक्षक पेपर लीक के 5 आरोपियों की जमानत जब्त

जयपुर, 2 अगस्त। सीबीआई मामलों की विशेष अदालत ने द्वितीय श्रेणी शिक्षक भर्ती-2022 पेपर लीक मामले में पांच आरोपियों मालम सिंह, नानजी, भूपेन्द्र, सविता कुमारी और भागीरथ को मिली जमानत को जब्त कर उनके जमानत-मुचलके रद्द कर दिए हैं। इसके साथ ही, अदालत ने इन आरोपियों के गिरफ्तारी वारंट जारी करते हुए

- अदालत ने आदेश में लिखा कि काफी समय से चार्ज बहस चल रही है, पर पाँचों आरोपी व उनके अधिवक्ता उपस्थित नहीं हो रहे हैं।

बीएनएसएस की धारा 491 के तहत अलग से कार्रवाई खोलने के आदेश दिए हैं। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि जमानत पर रिहा पांचों आरोपी अदालत में पेश नहीं हुए हैं और न इनके अधिवक्ता आए हैं। प्रकरण काफी समय से चार्ज बहस में चल रहा है। ऐसे में इन आरोपियों व इनके वकीलों की ओर से अदालत में उपस्थिति नहीं देना प्रकरण की ट्रायल में देरी कराने की मंशा को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार सी.आई.एस.एफ. के जवानों को राज्यसभा के अन्दर तैनात किया गया'

## खड़गे ने राज्यसभा के उपाध्यक्ष को पत्र लिखकर यह आरोप लगाया कि, यह इसलिए किया गया जिससे विपक्ष अपना विरोध खुलकर प्रकट न कर पाये राज्य सभा में

-डॉ. सतीश मिश्रा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 2 अगस्त। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को कहा कि विपक्षी नेताओं को विरोध-प्रदर्शन करने से रोकने के लिये सेन्ट्रल इन्डस्ट्रियल सिक्योरिटी फोर्स (सी.आई.एस.एफ.) के जवान राज्यसभा के "वैल" में पहुँच गये।

गुरुवार और शुक्रवार (31 जुलाई तथा 1 अगस्त, 2025) को राज्यसभा में सी.आई.एस.एफ. की तैनाती पूरी तरह अविश्वसनीय प्रतीत होती है, लेकिन संसद के निर्वाचित सदस्यों की विरोध-प्रदर्शन की स्वतंत्रता के अधिकार को कुचलने के लिये मोदी सरकार ने सचमुच ऐसा किया था।

स्वतंत्र भारत के संसदीय इतिहास में ऐसा कभी नहीं हुआ। ब्रिटिश शासन के दौरान, जब शहीद भगत सिंह और उनके साथियों ने "बहरी (सरकार को) सुनाने के लिये" सदन के अन्दर "क्रूडबम" फेंका था, उसके बाद औपनिवेशिक सरकार के "होम मेम्बर (गृह मंत्री) ने जरूर तत्कालीन "सेन्ट्रल लेजिस्लेटिव असेम्बली" के अन्दर पुलिस की तैनाती के आदेश दिये थे।

राज्य सभा के उप सभापति को लिखे एक पत्र में राज्य सभा में विपक्ष के नेता खड़गे ने लिखा "हम स्तब्ध एवं क्षुब्ध हैं।"

खड़गे ने इस बात को रेखांकित किया कि गुरुवार एवं शुक्रवार को विपक्ष के विरोध को रोकने के लिये सी.आई.एस.एफ. के जवान दौड़ते हुये वैल में पहुँचे। कांग्रेस नेता ने जोर देते हुए कहा, "यह घोर आपत्तिजनक है तथा हम साफ शब्दों में इसकी भर्त्सना करते हैं।"

- अंग्रेज हुकूमत में भी यह एक ही बार ऐसा हुआ था, जब भगत सिंह व उनके साथियों ने सैंट्रल लेजिसलेटिव एसेम्बली में एक बम फेंका था, जिससे "बहरी सरकार कुछ सुन सके।"
- पत्र में यह भी लिखा है, कि, "उन्हें अब यह आशंका है, कि अब वह दिन दूर नहीं जब विपक्ष सदन के "वैल" में विरोध प्रदर्शन कर रहा हो, तथा सी.आई.एस.एफ. के जवान "वैल" में आ जायें विरोध प्रदर्शन रोकने के लिए।
- संसदीय मामलों के मंत्री रिजिजू ने इस मुद्दे पर यह स्पष्टिकरण दिया कि कुछ सांसद काफी आक्रमक हो गये थे, अपने विरोध प्रदर्शन में तथा कुछ सांसदों ने यह आक्रामक व्यवहार देख कर मांग की थी, कि सदन में सुरक्षा और बढ़ाई जाये, और इसलिए सी.आई.एस.एफ. के जवानों की नियुक्ति की गई है।

पत्र में आगे कहा गया, "हम उम्मीद करते है कि भविष्य में, जब भी सदस्य जनता से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे उठा रहे होंगे तो सी.आई.एस.एफ. के जवान दलबल सहित सदन के वैल में नहीं आएंगे।"

इस पत्र को सोशल मीडिया पर शेयर करते हुये, कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ के "अचानक एवं अप्रत्याशित" इस्तीफे के बाद, सांसद सुरक्षा बल के जवानों द्वारा "सदन को अधिगृहीत" (टेक ओवर ऑफ चैम्बर) होते देख रहे हैं।

हालाँकि, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सदन के अन्दर सी.आई.एस.एफ. को बुलाये पर सफाई देने की कोशिश की। और यह कहते हुए विपक्ष के आरोपों का खण्डन करने का प्रयास किया कि सुरक्षा व्यवस्था इसलिये की गई थी क्योंकि "कुछ सांसद आक्रामक हो गये थे",

समाचार एजेंसियों ने रिजिजू को यह कहते हुये उद्घृत किया, "संसद सदस्यों की यह माँग थी कि सुरक्षा बढ़ाई जाये, इसलिये सी.आई.एस.एफ. तैनात की गई।" उन्होंने कहा कि "कभी-कभी सदन में सदस्य सत्ता पक्ष पर तथा वैल के पास शारीरिक बल प्रदर्शन की मुद्रा में आ जाते हैं।" रिजिजू की शब्दावली यह दर्शाती है कि सरकार सत्ता में बने रहने के लिये किसी भी सीमा तक जाने के लिये तैयार हो सकती है। हो सकता है कि सत्ता पक्ष के कुछ सांसदों ने इस प्रकार की माँग की हो, लेकिन यह बिल्कुल ही असंभव है कि आत्म सम्मान रखने वाला कोई सांसद इस प्रकार की बेतुकी

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## चचेरे भाई से कुकर्म कर हत्या करने वाले को आजीवन कारावास

जयपुर, 2 अगस्त। पॉक्सो मामलों की विशेष अदालत क्रम-1 महानगर प्रथम ने 12 साल के चचेरे भाई के साथ कुकर्म कर उसकी गला घोंटकर हत्या करने वाले अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही, अदालत ने 35 वर्षीय अभियुक्त पर एक लाख दस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

- अभियुक्त की निशानदेही पर दूसरी मंजिल पर कमरे में प्लास्टिक के बोरे में सड़ी-गली लाश बरामद हुई।

अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक एसएस राजावत व पीड़ित पक्ष की वकील सोनिया गिल ने अदालत को बताया कि 12 वर्षीय बालक के चाचा ने 24 मई, 2023 को लालकोठी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

**नेकी से विमुख हो बदी करना निस्संदेह बुरा है। मगर सामने मुस्काना और पीछे चुगली करना और भी बुरा है। –संत तिरुवल्लुवर**

# बुढ़ापे में स्वास्थ्य का प्रबंध

**क्या** आप बुढ़ापे की ओर बढ़ रहे हैं? यदि हाँ, तो आज की चर्चा पुनः आपके लिये है। वस्तुतः समय के परिणाम से बुढ़ापा और मृत्यु हर व्यक्ति के जीवन में अंततः आते हैं, और उत्पन्न बुढ़ापे में होने वाली समस्यायें स्वाभाविक हैं। इनकी चिकित्सा नहीं होती (कालस्य परिणामेन जरामृत्युनिमित्तजाः। रोगाः स्वाभाविका दृष्टाः स्वभावो निष्प्रतिक्रियः।। च.शा.1.115)। इनसे डरने की आवश्यकता भी नहीं है। स्वाभाविक जरावस्था को नहीं टाला जा सकता, पर अकाल-जरा या असमय बुढ़ापे की समस्याओं से निपटने के लिये आयुर्वेद में पर्याप्त, प्रभावी और प्रमाण-आधारित उपाय हैं।

बुढ़ापे के लक्षणों को वात-वृद्धि, विषमाग्नि (मन्दाग्नि, तीक्ष्णाग्नि) और दोनों के प्रभाव से कफक्षय के सन्दर्भ में ही समझा जा सकता है। अकाल-जरा या समय से पहले बुढ़ापा आने का मूल कारण त्रिदोष-भड़काऊ जीवन-शैली, अनवरत असात्मऐन्द्रियार्थ संयोग एवं अहर्निश प्रज्ञापराध हैं। क्रमशः होने वाली स्थिति देखें तो वात के प्रकोप से विषमाग्नि (मन्दाग्नि, तीक्ष्णाग्नि) के कारण त्रुटिपूर्ण आहार-रस निर्माण, इसके कारण आम का बनना, आम बनने से भोजन के रस से सार और किट्ट का सम्यक विभाजन गड़बड़ाना, इस कारण अनावश्यक मल-संचय बढ़ना, और मल-संचय से स्त्रोतोरोध व खवैगुण्य होना, और इस स्थिति के लम्बे समय तक रहने से आमविष का निर्माण होने लगता है। ऑटो-इम्युनिटी के पचड़े इसी आमविष कारण लग जाते हैं। दूसरी और विषमाग्नि के कारण भूताग्नि व धात्वाग्नि का ह्रास होता है। फलतः रसधातु में खराबी आने से धातु क्षय होता है।

शरीर की क्रियात्मक समग्रता या फिजियोलॉजिकल-इंटेग्रिटी में उत्तरोत्तर होने वाली हानि के कारण बुढ़ापा आता है, जिसके परिणामस्वरूप अंततः मृत्यु होती है। शरीर की क्रियात्मक समग्रता जैसे-जैसे टूटती जाती है वैसे-वैसे मनुष्य कैंसर, मधुमेह, हृदयरोग, न्यूरोडीजेनेरेटिव समस्यायें व क्रोनिक रेस्पिरेटरीट्रैक्ट इन्फ़ेक्शन बढ़ने लगते हैं। आयुर्वेद की भाषा में परिणामकाल और आधुनिक वैज्ञानिक शब्दावली में समय-निर्भर क्रियात्मक गिरावट में पूर्ण साम्य है।

चूँकि आयु पहले से तय नहीं होती है, अतः आयुर्वेद द्वारा प्रदत्त उपायों के उपयोग के जरा-व्याधि का नाश करते हुये जीवन के अंतिम समय तक स्वस्थ रहा जा सकता है। उम्र के साथ बढ़ने वाले रोगों की उत्पत्ति फ्री-रेडिकल्स की बहुलता से ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस बढ़ने और इनफ्लेमेशन के कारण होती है। यदि आहार, विहार, रसायन, वाजीकरण और औषधियों की युक्तियुक्त व्यवस्था से ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और इनफ्लेमेशन (दर्द या सूज़न) को नियंत्रित कर लिया जाये तो उम्र के आधार पर लगने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है।

आयुर्वेद की दृष्टि में जरावस्था में वात का प्रकोप, कफ का क्षय, विषमाग्नि और धातुक्षय को नियंत्रित कर लिया जाये तो समस्याओं का समाधान हो जाता है। आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण यह है कि उम्र के साथ बढ़ने वाले रोगों की उत्पत्ति फ्री-रेडिकल्स की बहुलता से ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस बढ़ने और इनफ्लेमेशन के कारण होती है। यदि आहार, विहार, रसायन, वाजीकरण और औषधियों की युक्तियुक्त व्यवस्था से ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस और इनफ्लेमेशन (दर्द या सूज़न) को नियंत्रित कर लिया जाये तो बुढ़ापे में लगने वाली बीमारियों से बचा जा सकता है। आयु-आधारित व्याधिजनन या एज-रिलेटेड-पैथोजेनेसिस समकालीन विश्व की सबसे गंभीर समस्या है। बायो-मेडिकल साइंस अभी तक इस समस्या से पार नहीं पा सका है।

बुढ़ापे में वात का प्रकोप तो रहता ही है, वात को प्रकुपित करने वाले कारण या हेतु का अधिक प्रयोग करने पर वात व्याधियां भी विकसित हो जाती हैं। इसलिए वात को भड़काने वाले आहार-विहार नहीं करना चाहिये: (1) बहुत रूखा-सूखा भोजन नहीं खाना चाहिये, (2) व्यायाम में अति नहीं करना चाहिये, पर इसका तात्पर्य यह नहीं कि बंद ही कर दें, (3) उपवास या आंकठ भोजन दोनों से बचना चाहिये, (4) झगड़ा या भिडंत, खासकर अपने से सवाया के साथ, बचना चाहिये, (5) व्यायाम और टहलना लाभकारी है, परन्तु बहुत अधिक चलने से बचना चाहिये, (6) जोर लगाकर प्राकृतिक शारीरिक वेग नहीं निकालें, और न आये हुये वेगों का उदीरण भी नहीं करना चाहिये, (7) आये हुये शारीरिक वेगों को जबरन नहीं रोकना चाहिये, (8) भार-वहन या वजनी वस्तुओं को नहीं ढोना या उठाना चाहिये, (9) बहुत रोना या बहुत हंसना नहीं चाहिये, (10) ऐसी स्थिति न बनायें कि किसी प्रकार की चिन्ता न रह जाये, किन्तु अति-चिन्ता, अति-प्रसन्नता याभयातुरता से भी बचें, (11) विषम शारीरिक या मानसिक चेष्टायें न करें, (12) विरूद्धान्न भोजन या विरुद्धाहार, विषमाशन, या अजीर्ण, या ठंडा-बासी भोजन न करें, (13) दिन में ज्यादा सोने और रात में जागने से बचना चाहिये, (14) हाथी, घोड़ा, खच्चर आदि की सवारी नहीं करें, (15) समुचित आहार-विहार, सद्वृत्त, स्वस्थव्रत, रसायन एवं आचार रसायन को नियमित दिनचर्या, रात्रिचर्या, व ऋतुचर्या का अंग बनायें।

जहाँ तक भोजन का प्रश्न है, प्रायः मधुर, अम्ल, लवण रसप्रधान, स्निग्ध, उष्ण, मात्रापूर्वक, अच्छी तरह पच जाने पर, तन्मयतापूर्वक, वृष्य, बल्य, वातशामक पदार्थों का सेवन करना चाहिये। आजकल घी व दूध से लोग दूर भागते हैं। पर बुढ़ापे में वात रोगों के समाधान में तेल और घी से बेहतर कोई द्रव्य ज्ञात नहीं है। असल में घी व दूध का निरंतर सेवन उत्तम रसायन है (क्षीरघृताभ्यासो रसायनानां श्रेष्ठम्। च.सू.25.40)। भोजन में गाय का घी सम्यक मात्रा में लेते रहने से बुढ़ापा रोगरहित कटता है, पर ध्यान यह रखना है कि घी की मात्रा बहुत अधिक न हो। ध्यान यह भी रखना है कि बुढ़ापे में घी खाना उपयोगी है पर घी खाने का अधिकार उन्हें ही है जो नित्य अपने बल के आधे तक व्यायाम करते हों।

**असल में बुढ़ापे में वात अकेले नहीं भड़का रहता, बल्कि यह कफ व पित्त को भी उकसाता और शरीर में तमाम यात्रा कराता रहता है या परस्थानिक करता रहता है। बुढ़ापे में वात की समस्या सम्हालने के लिये सबसे सरल सूत्र तो यह है कि दोष, अग्नि, धातुयें, मलक्रिया, सम करने वाली चिकित्सा लें, और आत्मा, इंद्रियों और मन को प्रसन्न रखने वाले काम किये जायें। बुढ़ापे में वात-प्रत्यनीक चिकित्सा, आहार-विहार,पथ्य-अपथ्य का ख्याल रखते हुये जीवन चलाने में आनंद है।**

असमय बुढ़ापा घेर रहा हो तो गाय के घी (500 ग्राम) में उड़द (150 ग्राम), मूंग(150 ग्राम), तिल (200), सिंघाड़े का आटा (100 ग्राम) मिलाकर कड़ाही में भूनिये। इसमें मिश्री, खांड, इक्षु-शर्करा (300 ग्राम), और गाय के घी (50 ग्राम) में हल्के भुने और छोटे टुकड़े किये हुये ताल मखाना (200 ग्राम) मिलाइये। बाद में द्राक्षा (200 ग्राम), खजूर (200 ग्राम), चिरोंजी (100 ग्राम) व बादाम (200 ग्राम), कालीमिर्च (20 ग्राम), सोंठ (20 ग्राम), पिप्पली (10 ग्राम), दालचीनी (10 ग्राम), जावित्री (3 ग्राम), केशर (3 ग्राम), और इलायची (20 ग्राम) मिला लें। मिश्रण को सुरक्षित रख लीजिये। इस मिश्रण का 25 से 35 ग्राम नाश्ते व रात में केशर मिले गुनगुने दूध के साथ आनंद लीजिये। यह वृष्य, वाजीकर, बल्य, शुक्रवर्धक, रसायन और धातु-पुष्टिकर योग है। तथापि, शर्करा होने के कारण इसका उपयोग मधुमेह के रोगियों के लिये वर्जित है।

असल में बुढ़ापे में वात अकेले नहीं भड़का रहता, बल्कि यह कफ व पित्त को भी उकसाता और शरीर में तमाम यात्रा कराता रहता है या परस्थानिक करता रहता है। बुढ़ापे में वात की समस्या सम्हालने के लिये सबसे सरल सूत्र तो यह है कि दोष, अग्नि, धातुयें, मलक्रिया, सम करने वाली चिकित्सा लें, और आत्मा, इंद्रियों और मन को प्रसन्न रखने वाले काम किये जायें। बुढ़ापे में वात-प्रत्यनीक चिकित्सा, आहार-विहार,पथ्य-अपथ्य का ख्याल रखते हुये जीवन चलाने में आनंद है।

वात-व्याधियाँ प्रायः दुखदायी होती हैं। अतः समुचित रसायनों के प्रयोग द्वारा व्याधियों को आने से रोकना चाहिये। बुढ़ापे में वात-शामक प्रिवेन्टिव उपाय उपयोगी होते हैं। इसके लिये नियमित रूप से आयुर्वेदाचार्य की सलाह से अभ्यंग (तेल से शरीर, सिर और पैरों की स्वयं मालिश), दीपन, पाचन, स्नेहन, स्नेहपान, स्वेदन, विरेचन एवं वस्ति आदि उपयोगी क्रियायें हैं। बुढ़ापे को देर से और कठिनाई से आने देना है तो समय पर युक्तियुक्त कोष्ठशुद्धि कराते रहना चाहिये (एवं विशुद्धकोष्ठस्य कायाग्निरभिवर्धते। व्याधयश्चोपशाम्यन्ति प्रकृतिश्चानुवर्तते।। इन्द्रियाणि मनोबुद्धिर्वर्णश्चास्य प्रसीदति।बलं पुष्टिरपत्यं च वृषता चास्य जायते।। जरां कृच्छ्रेण लभते चिरं जीवत्यनामयः। तस्मात् संशोधनं काले युक्तियुक्तं पिबेन्नरः।। च.सू.16.17-19)। शुद्धकोष्ठ वाले व्यक्ति की उम्र, प्रकृति, और सात्म्य को जानने वाला वैद्य जिस व्यक्ति के लिये जो रसायन उचित हो उसे उस व्यक्ति में प्रयोग करना चाहिये (शुद्धकोष्ठं तु तं ज्ञात्वा रसायनमुपाचरेत्। वयः प्रकृतिसात्म्यज्ञो यौगिकं यस्य यद्भवेत्। च.चि.1.1.28)। नियमानुसार पंचकर्म, रसायन और वाजीकर का प्रयोग करने से धातुसाम्य बना रहता है, रोग नहीं होते, धातुयें बढ़ती हैं इसलिये बूढ़े होने की गति धीमी हो जाती है (यथाक्रमं यथायोग्यमत ऊर्ध्वं प्रयोजयेत्। रसायनानि सिद्धानि वृष्ययोगांश्च कालवित्।। रोगास्तथा न जायन्ते प्रकृतिस्थेषु धातुषु।धातवश्चाभिवर्धन्ते जरा मान्द्यमुपैति च।। च.सू.7.48-49)। दोष भड़कने के पूर्व ही प्रिवेंटिव शोधन करना अनागत समस्या का निदान परिवर्जन है।

कुछ बातें और भी हैं: (1) महिलाओं के प्रति संयम / मर्यादा रखने वाले लम्बी उम्र, देर से बुढ़ापे में जाना, शरीर-बल और वर्ण, ठोस और स्थिर-मांसपेशी वाले होते हैं (आयुष्मन्तो मन्दजरा वपुर्वर्णबलान्विताः।। स्थिरोपचितमांसाश्च भवन्ति स्त्रीषु संयताः। सु.चि.24.112-113)। (2) व्यायाम करने वाले आदमी को उसके दुश्मन भी डर की मारे नहीं तंग करते। बुढ़ापा भी सहसा नहीं चढ़ता (न च व्यायामिनं मर्त्यमर्दयन्त्यरयो बलात्। न चैनं सहसाऽक्रम्य जरा समधिरोहति। सु.चि.24.41-42)। (3) रूखा-सूखा व मात्रा से कम खाना और अति उपवास करना, शोधन क्रियाओं की अति (पंचकर्म आदि), शोक, वेगों व नींद को रोकना, शरीर के रुक्ष रहने पर रुक्ष उबटन व नित्य रुक्ष स्नान, स्वाभाविक कमजोर गुणसूत्र, वृद्धावस्था, रोगों का लग जाना, और गुस्सा इंसान को बहुत कमजोर (कृश) कर देते हैं (वक्ष्यते वाच्यमतिकार्श्ये त्वतः परम्।। सेवा रूक्षान्नपानानां लङ्घनं प्रमिताशनम्। क्रियातियोगः शोकश्च वेगनिद्राविनिग्रहः।। रूक्षस्योद्वर्तनं स्नानस्याभ्यासः प्रकृतिर्जरा। विकारानुशयः क्रोधः कुर्वन्त्यतिकृशं नरम्।। च.सू.21.10-11)। अतः जरा-व्याधि को युक्तिपूर्वक रोके रहना ही ठीक है। (4) बूढ़े हो रहे लोगों द्वारा नस्य का प्रयोग करने से सिर आदि ऊपर के अंगों में बुढ़ापा अपना असर नहीं दिखा पाता (न चास्य रोगाः सहसा प्रभवन्त्यूर्ध्वजत्रुजाः।। जीर्यतश्चोत्तमाङ्गेषु जरा न लभते बलम्। च.सू.5.62-63)।

भारत में शारीरिक, मनोवैज्ञानिक, सामाजिक और आर्थिक समस्याओं वाले लगभग 112 मिलियन बूढ़े लोग हैं। आधुनिक वैज्ञानिक अध्ययनों का निष्कर्ष है कि माथे में सोचने-विचारने की गति धीमी हो रही हो और शारीरिक चाल मंद पड़ने लगे तो समझिये बुढ़ापे की ओर तेज गति से जा रहे हैं। आज दिखाई पड़ने वाले गैर-संचारी रोगों सहित तमाम ऐसे रोगों, जो स्वाभाविक बुढ़ापे की समस्यायें नहीं हैं, उनसे पूरी तरह बचते हुये बुढ़ापे को सुखदायी बनाया जा सकता है। आयुर्वेदाचार्यों की सलाह लीजिये। उत्तम वैद्य से लिये जाने वाले चिकित्सकीय परामर्श का कोई विकल्प नहीं है। स्वयं चिकित्सक की भूमिका में न उतरें। आहार, विहार, रसायन, औषधि या जड़ी-बूटी का प्रयोग अपने आयुर्वेदिक डॉक्टर के परामर्श से ही करें।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. दीप नारायण पाण्डेय**
**( इंडियन फारेस्ट सर्विस से सेवानिवृत्त, वर्तमान में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में विजिटिंग प्रोफेसर )**
**( यह लेखक के निजी विचार हैं और 'सार्वभौमिक कल्याण के सिद्धांत' से प्रेरित हैं। )**

# लो जी, हो गई ऑपरेशन सिंदूर पर बहस, गरज लिए नेता लोग

## कुछ उत्तर मिले, असहज लगे उन्हें इतिहास के पन्ने पलटकर दफन कर दिया



महावीर सिंह

पुलवामा में पाक समर्थित आतंकियों में निर्दोष लोगों को मौत के घाट उतारा। भारत के हर नागरिक में इस पर दुख, क्षोभ व्यक्त किया। यह कहना नितांत नासमझी या किसी को तिरस्कृत करने के उनकी आदत का अंग है कि कुछ लोगों को इस से खुशी हुई -- ऐसा कुछ नेताओं में संसद में कहा। चलो नेताओं के बोलों पर क्या चर्चा, यह लोग तो आए दिन ऐसे ही ऊटपटांग पालते है, शायद यह मन के की जनता इस से ही खुश होती हा-होती भी होगी तभी तो उनको चुनती है। ऑपरेशन सिंदूर के संबंध में दो पक्ष है -- एक सेना की बहादुरी, शौर्य का जिसकी समवेत स्वर में भारत के हर नर नारी में मुक्तकंठ से प्रशंसा की। दूसरा पक्ष था सरकार से उन प्रश्नों का उतर प्राप्त करना जो भारत के अधिकांश लोग जानना चाहते थे और अब भी जानना चाहते है और आगे उन्हीं पर विचार करेंगे।

क्या भारत के सैन्य साज – सामान, संसाधनों का कोई नुकसान हुआ? रक्षा मंत्रीजी ने कुछ इस अंदाज में इसे निपटा दिया कि जब अच्छे नंबरों से पास हो जाएं तो यह गणना नहीं की जाती कि कितने पेन पेंसिल टूटी??? रक्षा मंत्री का पलट प्रश्न था -- विपक्ष पूछता है कि कितने विमान गिरे, यह क्यों नहीं पूछता कि दुश्मन के कितने गिराए? चलो जी विपक्ष में नहीं पूछा होगा, अब आप बता दीजिए। दुश्मन का नुकसान हुआ तो सरकार कितना ही बता दे, लोग तो वैसा ही मानने को तैयार हैं, बता दे 10,20,30 विमान गिराए, शायद ही कोई चुनौती देगा।

चलो आगे चलें, सीधे-सीधे या घुमा-फिराकर ट्रंप महोदय अब तक 29 बार कह चुके है कि व्यापार का प्रश्न बीच में रख कर भारत-पाक युद्ध रुकवाया। निश्चित ही, इसके उतर से सेना की युद्धक तैयारियों, योजनाओं से कोई संबंध नहीं किंतु सीधा-सपाट उतर तो नहीं आया। कहा गया है "22 अप्रैल से 17 जून के बीच भारत के पीएम व ट्रंप जी के बीच कोई वार्ता नहीं हुई।" यह सत्य कहा, जनता मानने का तैयार किंतु युद्ध रुकवाने के लिए सीधे के बजाए अपरोक्ष तरीका भी तो हो सकता है। जब इतनी सच्चाई बता दी तो बता देते कि कोई अप्रत्यक्ष दबाव भी नहीं था यद्यपि यह जरूर कहा गया अमरीका से किसी भी स्टेज पर व्यापार की बात नहीं हुई??

किंतु यह कहने का क्या अर्थ है कि जब दो परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्रों में युद्ध होता है तो बहुत से देश चिंतित होते है और युद्ध रुकवाने का प्रयास करते है। चलो 100 सत्य मान लें इसको, तो फिर उनके ही नाम बता दो जिन देशों में ऐसे प्रयास किए? भारत कोई अफ्रीकन, दक्षिणी अमेरिकन या किसी छोटे यूरोपीय देश का तो ऐसा आग्रह मानने वाला नहीं, तो फिर ऐसे देश है कौन से??

विदेश मंत्री जी के बचाव में ऐसा बयान आया कि विपक्ष की बोलती ही बंद हो गई --"विपक्ष को भारत के विदेश मंत्री पर भरोसा नहीं, किसी ओर देश पर भरोसा है ---20 साल विपक्ष में बैठे रहोगे" !!! इतनी सटीक भविष्य वाणी, पर विपक्ष को निराश होने की जरूरत नहीं 20 साल ही की तो बात है!! एक सांसद महोदय ने एक तीखी बात कह दी -- "पहले जब मैं कश्मीर गया तब चप्पे चप्पे पर जवान रहते थे" लेकिन पहलगांव में उस रोज जवान क्यों नहीं थे, किसने आदेश दिए कि वहां पुलिस नहीं होगी?? शायद ही इस प्रश्न का उत्तर आया हो। इतना जरूर है कि उपराज्यपाल श्री सिन्हा ने जरूर सुरक्षा चूक मानी है, बस बात वहीं समाप्त। वैसे 29 जुलाई को संसद में ताल ठोक कर उत्तर दे दिया है कि तीनों आतंकियों को ऑपरेशन महादेव करके सिर में गोली मार कर मार दिया है, जैसा लोग चाहते थे। और जैसा लगातार सत्ता पक्ष के नेताओं से सुनते है वह डायलॉग भी गुंजा--"अब सरकार केवल डोजियर नहीं भेजती, अब घर में घुश कर मारती है"। कम से कम, शायद बेचारी जनता को, जनता न सही सांसदों को तो इतना जानने का हक होता ही होगा कि जब इतने टूरिस्ट जा रहे थे तो सुरक्षा, मेडिकल आदि जरूरी व्यवस्थाएं क्यों नहीं थी? उत्तर मिलना चाहिए या देश सुरक्षा हित में उत्तर अनावश्यक है? कोई आश्चर्य नहीं होगा, शायद कोई न कोई ऐसे प्रश्न पूछने को भी देशद्रोह बता दे!

एक दूसरे संसद जी में पूछ लिया कि पुलवामा ऊरी के बाद भी कहा गया था कि आतंकी ढांचा नष्ट कर दिया और अब फिर वहीं?? झूठ बोला जा रहा है क्या??? अब इसका क्या उत्तर -- जब तक पड़ोस में पाकिस्तान होगा, यह सब होता ही रहेगा । एक सांसद जी ने पूछ लिया जब था पाकिस्तान घुटनों पर, गिड़गिड़ा रहा था तो युद्ध विराम क्यों और किन शर्तों पर करना पड़ा?

युद्ध विराम क्यों, उसका उत्तर तो कमोबेश मिल गया कि सेना में युद्ध पूर्व तय लक्ष्यों को प्राप्त के लिया इसलिए युद्ध विराम नहीं स्थगित किया है। लेकिन इस का उतर शायद नहीं मिला कि जब हमारी सेना का निर्णायक रूप से युद्ध पर नियंत्रण था तो किन शर्तों पर युद्ध स्थगित किया?? POK क्यों नहीं लिया जो वर्तमान शासकीय दल द्वारा, कई बार एक भयानक गलती बताई जाती है, सुधार लेना चाहिए था, चूक गए क्या?? वैसे सनद रहे कि संसद में कहा गया है– "दिया आपने, वापिस हम लेंगे"। कोई भी ले, ले तो लो भाई, यह रग सदा के लिए मिटे।

गांव-शहर का आम नागरिक मानता है कि शर्तों को बताने से और POK लेने से तो देशवासियों का सीना चौडा ही होगा, बताना चाहिए, क्या हर्ज है????

बंगाल से आए एक प्रखर वक्ता सांसद जी ने कह दिया -- क्या कोई 90 रन पर पारित घोषित करता है क्या, सिवाय --!!!! कुछ सांसदों को इस बात का दुख था कि श्री थरूर व तिवारी जैसे प्रखर वक्ताओं को क्यों बोलने से रोक??

एक अति धुंआधार वक्ता तो इतिहास के ऐसे पन्ने उधेड़ने लगे कि देश के बंटवारे, 1948 में अचानक युद्ध रोकने, अक्साई चीन को चाइना का देने, 1962 की शर्मनाक हार के लिए नेहरू को, 1965 व 1971 में सेनाओं की जीत पर पानी फेरने का काम के कांग्रेस ने किया, अनेक आतंकी हमलों व गुनाहगारों को भागने देने की तोहमत तथा ओर भी कई कामों – कुकर्मों के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराते हुए, बेचारे विपक्ष की तो बोलती ही बंद करवा दी!!???

इस प्रकार वक्ता के आगे, विपक्षी तो अमरनाथ हमले,संसद पर हमला, पठानकोट एयरबेस पर हमला फिर पाकिस्तानी सैन्य अफसरों के साथ संयुक्त जांच, लाहौर यात्रा, कारगिल, आगरा शिखर वार्ता आदि-आदि पर मिमिया भी नहीं सके।

बहुत से सांसदों ने तो अत्यंत ही शालीनता से अपनी प्रभावोत्पादक बातें भी कही यथा खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, तिरुचि शिवा आदि कुछ नाम मुझे स्मरण है। खड़गे का भाषण सुन कर तो भैरों सिंह जी की बोलने की शैली याद हो आई। प्रियंका गांधी का बोलने का अंदाज अत्यंत गंभीर था कई बातों के साथ-साथ उन्होंने मुंबई हमलों की ओर ध्यानकृष्ट कर बताया कैसे तीन आतंकी ऑन स्पॉट मारे गए, कैसे देश के तत्कालीन गृह मंत्री व महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने त्यागपत्र दिया था।समझदारों के लिए इशारा ---!! राहुल गांधी ने अन्य सटीक, देश हित की बातों के साथ साथ एक अत्यंत चुभने वाला आरोप लगा दिया --- "पी एम सेना का इस्तेमाल अपनी इमेज बनाने के लिए कर रहे है। हिम्मत है तो कह दें ट्रंप झूठा है।" वैसे राहुल जी आप बार बार थी रट क्यों लगाए जा रहे है?? अगर देश हित में मन रहना ज्यादा मुफीद है तो रहने दो। राहुल गांधी ने एक महत्वपूर्ण बात कही कि अब भारत को पाकिस्तान से ही नहीं चाइना पाकिस्तान के गठजोड़ से लड़ना पड़ेगा और सरकार इस गंभीर, नए खतरे से चिंतित नहीं लगती। कुछ ऐसी ही बात कई बड़े सैन्य अधिकारी भी कहते हैं।

कुछ सांसदों की आवाज थी कि प्रशन पूछना कब से राष्ट्रद्रोह हो गया??

किंतु इस सब के बीच, बहुत ही प्रभावशाली ढंग से, साथी सांसदों को हंसते हुए, अपनी बात श्री हनुमान बेनीवाल ने कही। उनके वक्तव्य शुरू करने के कुछ समय बाद पीठासीन अधिकारी जी ने जब घंटी बजाई तो कुछ कुछ यों बोले ----- बोलने तो दो, एक तो रात को साढ़े दस, 11 बजे बुलवाते हो, ---अब अखबारों में तो छपने से रहा, कोई सोशल मिडिया आदि से कम चलेगा --- देख लो, यहां केवल 100,150 मेरे जैसे सांसद ही बैठे हैं जिनके दिलों में सेना के प्रति अपार सम्मान है। --- उन्होंने कुछ ऐसा भी कह दिया -- नाम रखा ऑपरेशन सिंदूर, पाकिस्तान की मांग में सिंदूर भर दिया तो वापसी में साथ लाते (मुझे पता नहीं यह उचित था या नहीं किंतु कहा तो है)।

इस अब के बीच उन्होंने कुछ अत्यंत गंभीर बात कही ---पहलगांव में चूक के लिए कौन जिम्मेदार इसकी पूरी गहराई, गंभीरता से जांच हो -- अग्निवीर योजना समाप्त हो।

लेकिन सबसे अधिक तो सदन के नेता को सुनने की उत्सुकता सब में थी। उनके भाषण के बाद एक पूर्णतः ग्रामीण परिवेश के आदमी ने कहा कि उसे दुख हुआ जब यह कहा -- पहलगांव घटना होते ही वे उछल पड़े, मजे ले रहे थे -- कहां खो गया मोदी --कहां गई 56" की छाती --जब पायलट अभिनंदन, BSF एक जवान पकड़े गए तो -- खुश थे, तरह-तरह के सवाल पूछने लगे -- विपक्षी AI के जरिए सेना का मनोबल तोड़ रहे है –सेना का विरोध करना कांग्रेस का पुराना रवैया है-- यह भी कह दिया कि ऊरी की सर्जिकल स्ट्राइक पर व बालाकोट की एयर स्ट्राइक पर भी इन लोगों (किन लोगों ने!!) में सवाल पूछे थे?? वे कहते है उनके राज में भी कई बार सर्जिकल स्ट्राइक हुई थी!!!! --- – कांग्रेस तो मुद्दों के लिए पाकिस्तान पर ही निर्भर है। उस भोले आदमी का कहना था कि देश का हर नागरिक देश प्रेमी है, सेना के शौर्य का आज से नहीं, 10,15 साल से नहीं सदैव से अभिनन्दन करता आया है----इसलिए कुछ की आड़ में इस प्रकार की संशय उत्पन्न करने वाली बातें कहना शोभा तो नहीं देता।

खैर एक बात पीएम साहब ने डंके की चोट कह दी कि 6,7 मई की सुबह ही प्रेस कॉन्फ्रेंस करके उनकी आर्मी को बता दिया था कि भारत का लक्ष्य आतंकी अड्डे व प्रशिक्षण के अड्डों को नष्ट करना था और केवल आतंकी ठिकाने नष्ट किए है। यदि उनमें समझदारी होती तो आतंकियों के साथ खड़े नहीं होते।

यह भी डंके की चोट कह दिया – -- ऑपरेशन सिंदूर को रोकने के लिए भारत को किसी देश में नहीं कहा। उनके अनुसार 9 मई की रात्रि को अमरीका के वाइस प्रेसिडेंट का फोन आया कि पाकिस्तान बहुत बड़ा हमला करने वाला है भारत का जवाब था "अगर पाक का इरादा बड़ा हमला करने का है तो हम उस से भी बड़ा हमला करेंगे --गोली का जवाब गोले से देंगे।"

उनके DGMO का फोन आया कुछ यों यों कहा-- "बहुत मारा है, ज्यादा मार झेलने की ताकत नहीं, हमला रोको ---" तब किया ऑपरेशन सिंदूर स्थगित।

अब विपक्ष नहीं माने तो मत मानों, विपक्ष तो राजी तब हो जब पीएम सीधे सीधे यह कहें कि ट्रंप ने कोई युद्ध विराम नहीं कराया। क्यों कहें? विपक्ष का कहना है कि पीएम अमरीका में जाकर अब की बार ट्रंप सरकार बोल कर आए, हाउडी मोदी करके आए, अपना प्यार मित्र बताते है इसलिए उन्हें समझा दें, बार-बार ऐसा झूठ, झूठ नहीं कहते। 29 बार बताया जा रहा, अब कहते हैं 30वीं बार भी कह दिया। संसद में इतना साफ-साफ कह दिया फिर भी ट्रंप जी नहीं मान रहे तो फिर ---अब कम से कम एक विरोध पत्र भेजना तो बनता ही है, नहीं क्या??

खैर संसद में बहुत सी अत्यंत गंभीर बातें हुई और विपक्ष के कुछ प्रशन तो बहुत ही गंभीर है, उतर तो आना ही चाहिए -- (1) पहलगांव में सुरक्षा बंदोबस्त लगभग शून्य के बराबर क्यों थे जब हजारों की संख्या में टूरिस्ट जा रहे थे? सीमा से इतने अंदर तक आतंकी घुसे कैसे? (2) भारत के कुछ अत्यंत वरिष्ठ पदों पर बैठे अधिकारियों व राजनीतिक कार्यकारिणी के बयानों में कुछ कुछ अंतर क्यों? (3) ट्रंप महोदय, यह जो लगातार कह रहे है कि उन्होंने व्यापार का हवाला देकर युद्ध रुकवाया, जबकि हमारे पीएम साफ कर चुके कि किसी में नहीं रुकवाया तो एक विरोध पत्र तो अमरीकी राजदूत या विदेश मंत्रालय को जाना ही चाहिए, नहीं ?? (4) सही है, पहलगांव में हुए आतंकी हमले की 2,3 देशों को छोड़कर सब देशों ने निंदा की है किंतु अधिकांश देश पाकिस्तान पर आतंक को पनाह देने की बात कहने से बचते रहे। हमारे पड़ोसियों का भी वैसा समर्थन नहीं मिला जो अपेक्षित था, क्यों? क्या हमारी विदेश नीति मूल सिद्धांतों से हट कर व्यक्ति आधारित तो नहीं हो गई। (6) पहलगांव हमले के बाद भी पाकिस्तान को कई अंतरराष्ट्रीय ऋण दात्री संस्थाओं से ऋण कैसे मिले, क्या यह विदेशी प्रभावशाली राष्ट्रों पर हमारे प्रभाव की कमी नहीं दर्शाता??

खैर इस पूरी दो-ढाई दिन की 32 घंटे की बहस में ओर कुछ मिला या न मिला कुल मिला कर, दर्शकों, श्रोताओं का मनोरंजन खूब हुआ। एक हंसोड़ आदमी में हल्का-फुल्का कॉमेंट किया -- भाई लोगो संसद में जो भाषण दिए उनके दो मकसद थे, एक अपनी भाषण कला से लोगों को प्रभावित करना, कुछ प्रश्नों का उत्तर लेना व देना और कुछ अटपटी बातों, मुद्दों का उत्तर न देने के लिए इतिहास के पन्ने उधेड़ कर दफन करने का सहारा लेना। दूसरा महत्वपूर्ण उद्देश्य होता है अपनी भावभंगिमा से, असल मुद्दों से ध्यान भटकने की कला से, अपने उस मतदाता समूह का मनोरंजन करना जिनका गंभीर बातों से कोई खास सरोकार नहीं होता और ऐसा समूह बहुत बड़ा होता है, कोई नेता गंभीर बातें करने की बड़ी भूल कर उनको अप्रसन्न करने की जोखिम नहीं न उठा सकता। मजबूरी है उन बेचारों की।

**–महावीर सिंह, पूर्व आइएएस**

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पौधे वितरित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

**■ कार्यक्रम के दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी संगीता यादव ने सहजन के औषधीय गुणों के बारे में जानकारी दी**

**पावटा, (निसं)।** राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत शनिवार को बाल विकास परियोजना अधिकारी संगीता यादव ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सहजन के पौधे वितरित किए। कार्यक्रम के दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी संगीता यादव ने सहजन के औषधीय गुणों के बारे में जानकारी दी।

बाल विकास परियोजना अधिकारी संगीता यादव ने बताया कि सहजन के पौधे में 300 बीमारियों को ठीक करने का गुण है, सहजन की पत्ती को छाया में सुखाकर पाउडर बनाकर उसे आटे में गूंथकर, सब्जी में डालकर, दूध में घोलकर पीने से शरीर मे आयरन, कॅल्शियम व प्रोटीन की पूर्ति होती है। इसी प्रकार इसके फली को व बीज की सब्जी के रूप में खाया जाता है। हरे पत्ती को पीसकर पानी के साथ लिया जा सकता है। सहजन की पत्तियां, छाल, गोंद, फली सभी औषधीय गुणों व पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। उन्होंने कहा कि गर्भवती, धात्री महिला व बच्चों को इसका उपयोग अवश्य करना चाहिए।

कुपोषण को दूर करने में सहजन एक उपयोगी पौधा है। कार्यक्रम के दौरान विकास परियोजना अधिकारी संगीता यादव ने बताया कि राजस्थान सरकार की ओर से पर्यावरण संरक्षण हेतु हरियालो ऐप पर पौधे मोबाइल जियो टैग किया जा रहा है। इसी कड़ी में विभाग के सभी अधिकारी, कर्मचारी, मानदेय कर्मियों के द्वारा ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। सहजन के पौधे का महत्व व पोषणगुणों की जानकारी दी गई। महिला पर्यवेक्षक सुमन शर्मा ने ज्यादा पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर कार्यकर्ता माया देवी, श्यामा गुप्ता, आशा शर्मा, सपना, संगीता कंवर, सुनीता, तारा देवी किरण मीना, गीता आदि मौजूद रही।

## राशिफल रविवार 3 अगस्त, 2025



पंडित अनिल शर्मा


सावन मास, शुक्ल पक्ष, नवमी तिथि, रविवार, विक्रम संवत 2082, विशाखा नक्षत्र प्रातः 6:35 तक, शुक्ल योग प्रातः 6:14 तक, कौलव करण प्रातः 9:43 तक, चन्द्रमा आज वृश्चिक राशि में संचार करेगा।

ग्रह स्थितिः सूर्य-कर्क, चन्द्रमा-वृश्चिक, मंगल-कन्या, बुध-कर्क, गुरू-मिथुन, शुक्र-मिथुन, शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह राशि में।

रवियोग प्रातः 6:35 से आरम्भ होगा। आज हरि जयन्ती और फ्रेन्डशिप डे है।


**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 7:35 से 9:14 तक, लाभ-अमृत 9:14 से 12:33 तक, शुभ 2:12 से 3:51 तक।

**राहूकालः** 4:30 से 6:00 तक। सूर्योदय 5:56, सूर्यास्त 7:10



**मेष**

परिवार में स्वास्थ्य संबंधित परेशानी हो सकती है। परिवार में आपसी मतभेद बढ़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी।



**वृष**

परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।




**मिथुन**

विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। व्यक्तिगत प्रयासों से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है।




**कर्क**

धार्मिक-मांगलिक कार्यों पर धन खर्च हो सकता है। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में मनोरंजन के कार्यक्रम बन सकते हैं।



**सिंह**

घर-परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। मन में असंतोष बना रहेगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बना रहेगा।



**कन्या**

परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।




**तुला**

आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। महत्वपूर्ण कार्यों में उचित सफलता मिलेगी। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है।




**वृश्चिक**

मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनःस्थिति में सुधार होगा। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन होगा।



**धनु**

अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। मन में असंतोष बना रहेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।




**मकर**

आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।



**कुंभ**

अपने अति आवश्यक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। अटके हुए कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिलेगी।



**मीन**

धार्मिक-मांगलिक कार्यों में भाग ले सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा।

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने विकास कार्यों की ली समीक्षा बैठक

## बैठक में बारिश के कारण जलभराव, सीवर लाइन डैमेज, नालों की सफाई के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की



उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ( बीच में ) ने शनिवार को सचिवालय में विधाधर नगर विधानसभा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक की।

**जयपुर।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शनिवार को सचिवालय में विधाधर नगर विधानसभा क्षेत्र से जुड़े विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक की। बैठक में नगर निगम,

■ उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी वार्डों,मुख्य मार्गों पर आवश्यकतानुसार त्वरित सफाई कार्य सुनिश्चित किया जाए

जयपुर विकास प्राधिकरण, जलदाय विभाग, मेडिकल, मेट्रो, एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी, शिक्षा, वन विभाग, आरआईआईसीओ सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में बारिश के कारण उत्पन्न समस्याओं जैसे जलभराव, सड़कों की क्षित, सीवर लाइन डैमेज, नालों की सफाई एवं जल निकासी के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी वार्डों एवं मुख्य मार्गों पर आवश्यकतानुसार त्वरित सफाई कार्य सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट्स, सामुदायिक भवन, सीवर लाइन शिफ्टिंग, सड़क निर्माण, नाला सफाई, स्कूल व आंगनबाड़ी मरम्मत एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी योजनाएं लंबित हैं, उनकी अद्यतन स्थिति जल्द प्रस्तुत की जाए एवं कार्य शीघ्र प्रारंभ किए जाएं।

बैठक में नाड़ी फाटक, सीतावाली फाटक, हसनपुरा घाटी, अम्बाबाड़ी सब्जी मंडी, वीकेआई क्षेत्र, नीवास रोड, सीकर रोड, सूरज नगर, गोकुल विहार आदि स्थानों पर चल रहे विकास कार्यों और बाधाओं की समीक्षा की गई।

उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि जनता की समस्याओं के समाधान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और सुनिश्चित करें कि जनता को राहत शीघ्र मिले।

बैठक में यह भी तय किया गया कि जिन योजनाओं को बजट में स्वीकृति मिल चुकी है, उनकी प्रगति की रिपोर्ट आगामी मीटिंग्स में प्रस्तुत की जाएगी।

# जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी पर आयकर विभाग ने की छापेमारी

## आयकर सूत्रों के अनुसार छापेमारी में करीब 3 करोड़ की नकदी मिली

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** राजधानी जयपुर के जगतपुरा इलाके में जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी (जे.एन.यू) पर बुधवार सुबह शुरू हुई आयकर छापेमारी शुक्रवार देर शाम तक चलती रही। आयकर विभाग के दिल्ली स्थित मुख्यालय की 5 अन्वेषण शाखा की छापेमार कार्रवाई जयपुर के अलावा दिल्ली, नोएडा और भीलवाड़ा में भी जारी रही।

विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक जयपुर के सिडलिंग समूह की स्कूलों के साथ जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी के संचालक संदीप बख्शी व उनके सहयोगियों के यहां आयकर विभाग की टीमों ने शुक्रवार देर शाम तक कार्रवाई की है। बीते 3 साल में 100 करोड़ रुपए की टैक्स गड़बड़ियां पकड़े जाने का दावा किया जा रहा है।

आयकर सूत्रों का कहना है कि छापेमारी में दिल्ली के आयकर

■ आयकर विभाग के दिल्ली स्थित मुख्यालय की 5 अन्वेषण शाखा की छापेमार कार्रवाई जयपुर के अलावा दिल्ली, नोएडा और भीलवाड़ा में भी जारी रही

अधिकारियों के हाथ करीब 3 करोड़ की नकदी भी लगी है, जिसका लेखा पुस्तिकाओं से विस्तृत विश्लेषण किया जा रहा है। इसके साथ हीकई किलो वजन के सोने की ज्वैलरी, प्रॉपर्टी में किए गए करोड़ों के निवेश और अनेक लॉकर्स भी पकड़े जाने की भी सूचना है।

सूत्रों का दावा है कि दिल्ली मुख्यालय से आई आयकर विभाग की टीमों को अब राज्य की अन्वेषण शाखा के अधिकारी भी मदद कर रहे हैं, राज्य की अन्वेषण शाखा के करीब एक दर्जन अधिकारियों व कर्मचारियों को बुधवार देर रात इस कार्रवाई में शामिल किया गया और अब तक मिले दस्तावेज के विश्लेषण में मदद ली जा रही है।

दावा यह है कि छापेमारी की यह कार्रवाई समूह के शिक्षण संस्थानों में समायोजन एंट्रियों और दान के माध्यम से आय के समायोजन के आधार पर हुई है। केवल दो ट्रस्टों के माध्यम से करीब 30 करोड़ रुपए की हेराफेरी पकड़े जाने भी सूचना है, लेकिन यह आंकड़ा और बढ़ेगा। आशंका है कि संदीप बख्शी की जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी व समूह की सीडलिंग स्कूल में भी छात्रों के प्रवेश को लेकर लिए जा रहे कथित डोनेशन को लेकर यह शिकायत उच्च स्तर पर हुई थी, अतः यह भी माना जा रहा है कि कार्रवाई में स्थानीय अधिकारियों को शुरुआत में दूर ही रखा गया।

बताया जाता है कि जयपुर के बस्सी के आगे आगरा रोड पर समूह के संचालक एक नामी होटल चैन के साथ एक लग्जरी होटल के निर्माण से भी जुड़े हैं, जिसमें काली कमाई को खपाया गया। काली कमाई का उपयोग समूह और इससे जुड़े लोगों ने प्रॉपर्टी की खरीद में किया अब अधिकारी समूह व इससे जुड़े लोगों को जमीन बेचने वालों को भी रडार पर लेने की योजना पर कार्य कर रहे हैं। इसके अलावा जयपुर नेशनल यूनिवर्सिटी के संचालक संदीप बख्शी को महंगी गाड़ियों का शौकीन भी बताया जा रहा है, उनके ठिकानों से विभागीय अधिकारियों ने अनेक लग्जरी गाड़ियों के दस्तावेज व गाड़ियां मिली है, इनकी खरीद के दस्तावेज को खंगाला जाएगा।

## भाजपा प्रदेशभर में 10 से निकालेगी तिरंगा यात्रा

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रदेश स्तरीय "तिरंगा यात्रा" के आयोजन की घोषणा की। तिरंगा यात्रा 10 अगस्त से 14 अगस्त तक पूरे राजस्थान में मंडल और जिला स्तर पर निकाली जाएगी। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को सशक्त करना और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को स्मरण करना है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने इस आयोजन के सफल संचालन के लिए प्रदेश स्तरीय टोली का गठन भी किया है। इस टोली में पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी को संयोजक तथा पूर्व विधायक रामलाल शर्मा, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष महेंद्र बोहरा तथा प्रदेश मंत्री भूपेंद्र सैनी को सदस्य बनाया गया है।यह तिरंगा यात्रा हर कार्यकर्ता के लिए गर्व और सेवा का अवसर है।

## मदन राठौड़ ने भाजपा जयपुर कार्यकारिणी की त्रुटिवश जारी सूची पर नाराजगी जताई

**जयपुर।** भाजपा जयपुर शहर कार्यकारिणी की सूची त्रुटि वश जारी होने के मामले में शहर अध्यक्ष अमित गोयल की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने इस पूरे मामले को बहुत गंभीर माना और कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि यह बहुत बड़ी गलती है। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ, ना ही होना चाहिए। राठौड़ ने कहा कि शहर अध्यक्ष से इस मामले में बात नहीं हुई है, लेकिन जल्द उनसे स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। इसके साथ ही इसकी समीक्षा की जाएगी और उसके बाद जो भी निर्णय होगा उसे अवगत कराया जाएगा।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने कहा कि यह मैंने भी मीडिया समाचार के माध्यम से देखा कि भाजपा शहर

■ ऐसा पहले कभी नहीं हुआ, इस पर समीक्षा की जाएगी : राठौड़

की सूची सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। अभी तक जयपुर शहर अध्यक्ष से बात नहीं हुई है, उनसे बात करेंगे और पूरे मामले की विस्तृत

स्पष्टीकरण लेंगे। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ और ना ही होना चाहिए था। हम इसकी पूरी समीक्षा करेंगे और इसके बाद ही कुछ निर्णय लिया जाएगा। इस पूरे मामले की तह तक जाने की जरूरत है। इस तरह से सूची में किसकी सिफारिश हुई, किसकी नहीं हुई, यह सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आनी चाहिए। अगर ऐसा हुआ है तो उसकी सुधार की जरूरत है।

## हथियारबंद बदमाश बाइक-मोबाइल व नकदी लूट भागे

**जयपुर।** मुहाना इलाके में हथियारबंद बदमाशों ने हथियार के दम पर लूट की दो वारदातों को अंजाम देकर बाइक-मोबाइल व नकदी छीनकर बदमाश फरार हो गए। इस संबंध में पीडित थाने पहुंचे और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

पुलिस ने बताया कि मुहाना के मोहनपुरा निवासी अनिल शर्मा ने मामला दर्ज करवाया है कि वह बाइक पर अपने घर जा रहा था। इस दौरान मुहाना मंडी के गेट नंबर-1 पर बाइक सवार बदमाशों ने हथियार दिखाकर रुकवा कर देसी कट्टा तानकर उसकी जेब में रखे सात हजार रुपए सहित बाइक छीनकर फरार हो गए।वहीं वहीं दूसरी वारदात मुहाना के हनुमान विहार निवासी सीताराम के साथ हुई।

## जेसीटीएसएल की बसों में ड्राइवर कर रहें दिनदहाड़े डीजल चोरी

**जयपुर।** शहर में जेसीटीएसएल की चलने वाली लो-फ्लोर बसों में हो रही है, डीजल चोरी, चोरी कोई बस ड्राइवर ही कर रहें है, लो-फ्लोर बसों में मिली भगत से हो रहा है डीजल चोरी क्योंकि कंपनी को दे रहा रखा है कम डीजल औसत, लो-फ्लोर बसों में से रोज होता है 30 से 40 लीटर डीजल चोरी, डीजल चोरी करते पकड़े जाने पर डिपो स्तर पर ही रफा दफा कर दिया जाता है।

## गायत्री परिवार का नव सृजन साधना अभियान आज से

**जयपुर।** सशक्त-विकसित भारत के निर्माण के लिए अखिल विश्व गायत्री परिवार रविवार से नव सृजन साधना अभियान शुरू करने जा रहा है। इसका संकल्प समारोह तीन अगस्त को किरण पथ मानसरोवर स्थित श्री वेदमाता गायत्री वेदना निवारण केन्द्र में सुबह साढ़े दस बजे होगा। शनिवार को आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। संपूर्ण विश्व में बने अशांति के वातावरण को शांति में बदलने, वातावरण का परिष्कार करने, प्राकृतिक प्रकोपों से सुरक्षा, व्यक्तिगत, पारिवारिक जीवन को समुन्नत बनाने के लिए आयोजित नव सृजन साधना अभियान में 1100 साधक-साधिकाएं एक साथ संकल्पित होंगे। यह अभियान गायत्री परिवार की संस्थापक भगवती देवी शर्मा के जन्म शताब्दी वर्ष (2026) और शांतिकुंज हरिद्वार में 1926 से प्रज्वलित अखंड दीपक के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हो रहा है। शांतिकुंज हरिद्वार से श्याम बिहारी दुबे सभी को संकल्प कराएंगे। गायत्री परिवार राजस्थान के प्रभारी ओमप्रकाश अग्रवाल के मार्गदर्शन में आयोजन की तैयारियां जोरशोर से चल रही है। वेदमाता गायत्री वेदना निवारण केन्द्र के व्यवस्थापक आर डी गुप्ता ने बताया कि नवीन साधक प्रतिदिन 3 माला गायत्री मंत्र जप का एक वर्ष तक पालन करेंगे। वरिष्ठ साधक, परिजन या जो समय दे सकें वे प्रतिदिन 11 माला जप कर एक वर्ष में 5 लाख मंत्र जप का संकल्प लेंगे और एकादशी व्रत का भी पालन करेंगे।

कार्यक्रम के तहत सभी संकल्पधारी साधकों को साधना किट निःशुल्क दिया जाएगा।

# पतंजलि चिकित्सालय में जल्द शुरू होगा एम्स, टाटा कैंसर के साथ मिलकर उपचार



स्वामी रामदेव महाराज( बीच में ) ने पुस्तक 'आयुर्वेद अवतरण, इंटीग्रेटेड पैथी एवं सम्मेलन की सार' का विमोचन किया।

**जयपुर/हरिद्वार।** पतंजलि विश्वविद्यालय, पतंजलि अनुसंधान संस्थान और केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय अनामयम अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन आयुर्वेद और आधुनिक चिकित्सा के एकीकरण एवं समन्वय के उद्देश्य से एक वैश्विक मंच प्रदान करने को लेकर आयोजित किया

■ पतंजलि वि.वि. में चिकित्सा विज्ञान के एकीकरण की ओर शुरू हुआ सार्थक मंथन, स्वामी रामदेव ने किया उपचार को लेकर बड़ा एलान

गया था। सम्मेलन में 16 राज्यों के करीब 200 शैक्षिणक संस्थानों से 300 से अधिक प्रतिभागियों ने ऑनलाइन और ऑफ लाइन माध्यम से प्रतिभाग किया। सम्मेलन में देश के विभिन्न उच्च चिकित्सा एवं शिक्षण संस्थाओं के चिकित्सा विशेषज्ञ, शोधकर्ता, नीति निर्माताओं एवं स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों ने भाग लिया और अपने विचार साझा किए। पूज्य स्वामी रामदेव महाराज ने कहा कि कि जल्द ही लोक कल्याण को देखते हुए एम्स, टाटा कैंसर चिकित्सालय और सर गंगा राम हॉस्पिटल के सहयोग से पतंजलि आयुर्वेद चिकित्सालय में आधुनिक पद्धित से अल्प व्यय में विश्वस्तरीय उपचार किया जाएगा।

उद्घाटन सत्र में योग ऋषि स्वामी रामदेव, पतंजलि विवि के कुलपति और आयुर्वेद शिरोमणि आचार्य बालकृष्ण सहित अतिथियों ने तीन अहम पुस्तक आयुर्वेद अवतरण, इंटीग्रेटेड पैथी एवं सम्मेलन की सार पुस्तिका का विमोचन भी किया। इस दौरान भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान रोपड से पहुंचे डॉ श्रेया, डॉ राधिका और डॉ मुकेश एवं पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य बालकृष्ण के बीच शिक्षा और शोध को बढ़ावा देने को परस्पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।

## 'भाजपा 14 अगस्त को मनाएगी विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस'

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाएगी और 15 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत प्रत्येक घर तक राष्ट्रीय ध्वज पहुंचाने का कार्य करेगी। राठौड़ ने बताया कि 15 अगस्त 1947 को मिली आज़ादी से ठीक एक दिन पहले हुए भारत के विभाजन की त्रासदी में लाखों लोग प्रभावित हुए, जिसमें कई लोगों ने अपने प्राण गंवाए, अनेक लोगों को अपना घर-बार छोड़कर शरणार्थी जीवन अपनाना पड़ा। भाजपा इस अवसर पर उन सभी को श्रद्धांजलि अर्पित करेगी, जिन्होंने इस विभाजन की भयावहता को झेला और अपनी हिम्मत से दोबारा जीवन खड़ा किया। उन्होंने कहा, "विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस उन अनगिनत पीड़ितों के साहस, संघर्ष और बलिदान की याद दिलाता है। राठौड़ ने कहा कि आज का दिन यह संकल्प लेने का है कि हम देश में एकता, अखंडता और भाईचारे के सूत्र को कभी टूटने नहीं देंगे।"

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि 15 अगस्त को हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ता प्रत्येक घर में तिरंगा पहुंचाने का कार्य करेंगे और जनता से अपील करेंगे कि राजनीति से ऊपर उठकर हर व्यक्ति राष्ट्रध्वज फहराए - चाहे वह किसी भी विचारधारा का क्यों न हो।

राजनीतिक सवालों पर जवाब देते हुए राठौड़ ने कहा कि गहलोत को मानेसर भूल जाना चाहिए, लेकिन जब वो बार-बार उस मुद्दे को उठाते हैं, इसका मतलब है कि उन्हें अभी भी वो सब याद है, लेकिन जब मैं विभाजन विभीषिका को याद कर भावुक हो जाता हूं, तो क्या सचिन पायलट नकारा-निकम्मा जैसे शब्दों को भूल पाएंगे? ऐसे शब्द अपने ही साथी के लिए नहीं कहे जाने चाहिए। राठौड़ ने कांग्रेस पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि, कांग्रेस पार्टी ने 'भगवा आतंकवाद' की बात कर निर्दोष लोगों को जेल में डाला। संघ प्रमुख के खिलाफ साजिशें रची गईं जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि इस देश का नागरिक ही इस देश के भविष्य का निर्धारण करें। कोई बाहरी व्यक्ति जैसे रोहिंग्या, बांग्लादेशी या इटली से आया व्यक्ति भारत में मतदान का अधिकार न पा सके, इसके लिए मतदाता सूची का नियमित पुनरीक्षण आवश्यक है।

## मच्छरजनित बीमारियों से बचाव के लिए हेरिटेज निगम ने चलाया फॉगिंग अभियान

**जयपुर।** बारिश के बाद मच्छर जनित बीमारियो से बचाव के लिए नगर निगम हेरिटेज की ओर से वार्डों में फोगिंग कार्य शुरू कर दिया गया है। इसके लिए हेरिटेज निगम की स्वास्थ्य शाखा की ओर से वार्ड वाइस रूट चार्ट भी बनाया गया है। जिसकी मॉनिटरिंग हेरिटेज निगम की मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सोनिया अग्रवाल कर रही है। इस अभियान की जानकारी देते हुए हेरिटेज निगम उपायुक्त स्वास्थ्य देवानंद शर्मा ने बताया कि हेरिटेज निगम आयुक्त डॉ

■ 'सभी वार्डो की एक एक गली को करें कवर, जलभराव वाली जगहों पर विशेष अभियान'

निधि पटेल के निर्देश पर निगम क्षेत्र के सभी वार्डो में ये अभियान शुरू किया गया है। वार्डो की प्रत्येक गली मोहल्लों में में निगम के स्वास्थ्यकर्मी फॉगिंग अभियान चला रहे है। जिससे कि आमजन को मच्छर जनित बीमारियो से बचाया जा सकें। इसके लिए वार्ड के मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक और स्वास्थ्य निरीक्षक को भी ड्यूटी दी गई है। साथ ही स्थानीय जनप्रतिनिधि का भी सहयोग लिया जा रहा है।

वहीं, हेरिटेज निगम आयुक्त डॉ निधि पटेल ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि जलभराव वाली जगहों पर सफाई रखें। अपने घरों में भी बारिश का पानी जमा नहीं होने दे। जिन जगहों पर ज्यादा दिन तक पानी भरता है।



RIICO GROW WITH RAJASTHAN

राजस्थान सरकार का उपक्रम

RISING RAJASTHAN PARTNERSHIP CONCLAVE 11 & 12 DEC 2025 JAIPUR IDEAS & IMPACT

औद्योगिक विकास के खुल रहे नये द्वार आप भी बनें भागीदार

सरल ई-नीलामी के माध्यम से



आधारभूत सुविधाओं युक्त औद्योगिक क्षेत्रों में करें उद्यम की स्थापना

72 कुल औद्योगिक क्षेत्र | 509 कुल भूखण्ड | 462 औद्योगिक भूखण्ड | 47 लॉजिस्टिक भूखण्ड

उपरोक्त औद्योगिक क्षेत्रों पर प्रत्यक्ष आवंटन योजना-2025 लागू नहीं है

| | | |
|---|---|---|
| ईएमडी | प्रारम्भ तिथि: 04 अगस्त, 2025 (प्रातः 10:00 बजे) | अंतिम तिथि: 18 अगस्त, 2025 (सायं 06:00 बजे) |
| ऑनलाईन बिड | प्रारम्भ तिथि: 19 अगस्त, 2025 (प्रातः 10:00 बजे) | अंतिम तिथि: 21 अगस्त, 2025 (सायं 05:00 बजे) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 71 | आबू रोड़ | 01 | चूरू |
| 30 | अजमेर | 14 | बीकानेर |
| 04 | अलवर | 05 | झुंझुनू |
| 07 | भिवाड़ी-I | 10 | भरतपुर |
| 28 | भिवाड़ी-II | 28 | किशनगढ़ |
| 14 | बोरानाडा | 21 | भीलवाड़ा |
| 02 | दौसा | 03 | नीमराना |
| 10 | घिलोठ | | |

| | | |
|---|---|---|
| ईएमडी | प्रारम्भ तिथि: 04 अगस्त, 2025 (प्रातः 10:00 बजे) | अंतिम तिथि: 19 अगस्त, 2025 (सायं 06:00 बजे) |
| ऑनलाईन बिड | प्रारम्भ तिथि: 20 अगस्त, 2025 (प्रातः 10:00 बजे) | अंतिम तिथि: 22 अगस्त, 2025 (सायं 05:00 बजे) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 44 | नागौर | 08 | उदयपुर |
| 37 | पाली | 06 | जयपुर (दक्षिण) |
| 35 | झालावाड़ | 01 | जयपुर (ग्रामीण) |
| 03 | जालोर | 67 | ईपीआईपी सीतापुरा, जयपुर |
| 22 | राजसमंद | 01 | जोधपुर |
| 30 | कोटा | 02 | श्रीगंगानगर |
| 01 | सीकर | 04 | सवाई माधोपुर |

राज.संवाद/सी/25/7396

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किस्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान
या
रीको की टर्म लोन स्कीम के तहत भूमि की लागत का 75% तक का ऋण 5 साल की पुनर्भुगतान अवधि एवं 8.5% ब्याज के साथ

*केवल औद्योगिक भूखण्डों के लिए

आवेदन के लिए QR कोड स्कैन करें

राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड
उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005
ई-नीलामी हैल्पलाइन नं. 0141-4593250, 4593237, व्हाट्सएप: +91 9001306515, ई-मेल: riico@riico.co.in

आवंटन से सम्बंधित नियमों एवं शर्तें, ईएमडी विवरण, रजिस्ट्रेशन एवं भूखण्ड से सम्बंधित जानकारी के लिए देखें
https://riico. rajasthan.gov.in या https://www.riico.co.in


# देवनानी ने विधान सभा के सदन में चौथे युवा संसद का शुभारम्भ किया




देवनानी( बीच में ) और संघ के सचिव संदीप शमा( दांये से दुसरे ) ने दीप प्रज्ज्वलित कर विधान सभा के सदन में चौथे युवा संसद का शुभारम्भ किया।

**जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा निरन्तर बढ़ती जा रही है। गौरवशाली भारत का लोकतंत्र और संविधान सुदृढ है। हम सभी को एकजुट होकर भारतीय राष्ट्र की संस्कृति के प्रति गर्व की अनुभूति करनी चाहिए। भारत प्राचीन काल से ही शिक्षा और विज्ञान की दृष्टि से समृद्ध रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र हित में पक्ष और प्रतिपक्ष को

■ तेरह राज्यों के युवा पक्ष-विपक्ष में बैठकर राष्ट्र के मुद्दे पर गम्भीरता के साथ एकजुट दिखे

एकजुट होना आवश्यक है। देश है तो हम है और यदि देश नहीं रहेगा, तो हमारा भी अस्तित्व नहीं रहेगा। देवनानी शनिवार को राष्ट्र मण्डल संसदीय संघ की राजस्थान शाखा के तत्वावधान में विधान सभा में आयोजित युवा संसद को सम्बोधित कर रहे थे। देवनानी और संघ के सचिव संदीप शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर विधान सभा के सदन में चौथे युवा संसद का शुभारम्भ किया। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पहल पर विधान सभा के सदन में तेरह राज्यों के 168 युवाओं ने देश की सुरक्षा से संबंधित अन्तर्राष्ट्रीय मुद्दों पर तो और तथ्यों के साथ संवाद किया। युवाओं ने पक्ष-विपक्ष में बैठकर राष्ट्र के मुद्दे पर एकजुटता दिखाई। देवनानी ने देश के विभिन्न भागों से युवा संसद के लिए चयनित होकर आए छात्र-छात्राओं को लोकतंत्र की संस्कृति समझायी। देवनानी ने सदन में आते ही पहले प्रतिपक्ष की ओर मुखातिव होकर नमस्कार किया और फिर पक्ष के सदस्यों को नमस्कार किया। देवनानी ने कहा कि यह वह सदन है जहां लोकतंत्र के मूल्यों की अभिव्यक्ति होती है। जन भावनाएं नीतियों में रूपान्तरित होती है और यहीं से जनप्रतिनिधि अपने कर्तव्यों के प्रति उत्तरदायी होते है। उन्होंने कहा कि इस सदन में जनप्रतिनिधि की लोकतांत्रिक चेतना, विचारशीलता और नेतृत्व क्षमता की परीक्षा होती है। देवनानी ने कहा कि तर्क और तथ्यों के आधार पर अपनी बात कहना, दूसरों की बात धैर्य से सुनने के साथ सहमति और असहमति के आधार पर सन्तुलन बनाना ही लोकतंत्र की संस्कृति है। युवा संसद युवाओं को सिर्फ आलोचक ही नहीं भागीदार बनने के लिए प्रेरित करती है, ताकि वे सामाजिक परिर्वतन के वाहक बन सके।

देवनानी ने कहा कि सदन जनप्रतिनिधि को अपने विचार रखने, संवाद स्थापित करने और परस्पर दृष्टिकोणों को अनुशासन, संवेदनशीलता, विवेक और वैचारिक विविधता के साथ समझने का मंच है। सदन का यह मंच जन प्रतिनिधि को स्वयं को समझने के लिए जनहित के अनुरूप मौका देता है। उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन केवल आदेशों का प्रवाह नहीं होता बल्कि वह विचारों, मूल्य निर्धारण और जनहित की सतत प्रक्रिया है। विधान सभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि भारत की सम्पप्रभुता और राष्ट्रीय अखण्डता हमारे लिए सर्वोपरि है।

# ऋषि-मुनियों और संतों ने देश की संस्कृति व विचारों को समृद्ध किया है : भजनलाल शर्मा

## सलूम्बर के केनर ग्राम स्थित धौलागढ़ धाम में 45 दिवसीय श्रावण कुंभ महोत्सव का आयोजन

**सलूम्बर/जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा हमारे जीवन को सार्थक और उत्कृष्ट बनाने की राह दिखाती है। इसका अनुसरण करने से जीवन कष्ट मुक्त होता है। उन्होंने कहा कि हमारे ऋषि-मुनियों और संतों ने देश की संस्कृति व विचारों को समृद्ध किया है। वे जहां भी जाते हैं अपने सुविचारों के माध्यम से समाज में भाईचारा कायम करते हैं। सनातन संस्कृति संतों के कारण ही दुनिया में सर्वश्रेष्ठ है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शनिवार को सलूम्बर जिले के केनर ग्राम स्थित धौलागढ़ धाम में 45 दिवसीय श्रावण कुंभ महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी संस्कृति और आस्था केन्द्रों का निरंतर उत्थान हो रहा है।



समारोह के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का माला पहनाकर स्वागत किया।

- **'राज्य सरकार प्रधानमंत्री के ''विकास भी और विरासत भी'' के मूलमंत्र को आत्मसात करके प्रदेश के आस्था धामों का कायाकल्प करने का काम कर रही है'**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार प्रधानमंत्री के ''विकास भी और विरासत भी'' के मूलमंत्र को आत्मसात करके प्रदेश के आस्था धामों का कायाकल्प करने का काम कर रही है। इसी दिशा में हमने बजट 2025-26 में जनजातीय आस्था के केंद्र त्रिपुरा सुंदरी, मानगढ़ धाम, बेणेश्वर धाम, सीतामाता अभयारण्य, ऋषभदेव, गौतमेश्वर मंदिर, मातृकुंडिया आदि को शामिल कर जनजातीय पर्यटन सर्किट विकसित करने की घोषणा की है। इसके साथ ही पुष्कर अजमेर में ब्रह्मा मंदिर कॉरिडोर तथा खाटूश्यामजी मंदिर के विकास कार्य, सालासर बालाजी, तनोट माता, करणी माता मंदिर आदि स्थानों के लिए भी सुगम परिवहन हेतु कार्य किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में शामिल हुए राजस्थान के श्रद्धालुओं के लिए विशेष कैंप स्थापित कर निशुल्क भोजन, चिकित्सा, सुरक्षा एवं हेल्थ डेस्क की व्यवस्था भी करवाई गई। शर्मा ने कहा कि पिछले वर्ष मानसून में राज्य के सभी बांध पूरी तरह भर गए थे और इस वर्ष जुलाई माह में ही अधिकांश बांध भर चुके हैं। इस अच्छी बारिश से प्रदेश के किसानों का जीवन खुशहाल हो रहा है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आव्हान किया कि हम सब समाज में भाईचारा रखते हुए केन्द्र और राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचाए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अघोर पशुपति पीठ में आयोजित अतिरुद्र महायज्ञ में भाग लिया तथा साधु-संतों का आशीर्वाद लिया।

कार्यक्रम में राजस्व मंत्री हेमंत मीणा, जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक, विधायक श्रीचंद कृपलानी, शांता मीणा, उदयलाल डांगी, फूल सिंह मीणा, महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी महाराज, प्रकाशनाथ महाराज, कमलेश शास्त्री सहित संत-महंत, जन प्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# बारिश के बाद दो मकान 30 फीट गहरे गड्ढे में धंसे

- **प्रशासन की ओर से ढाई बीघा की बेरिकेड्स लगाकर आवाजाही को बंद कराया**
- **घटना के बाद प्रशासन ने एहतियात के तौर पर आसपास के सात मकानों को खाली करा लिया**
- **'जानकारी मिली है कि यहां सालों पहले बजरी खनन किया जाता था, इसके बाद यहां कॉलोनी बस गई'**

**नोखा, (निसं)।** शहर में बारिश के बाद दो मकान 30 फीट गहरे गड्ढे में धंस गए। घटना के बाद प्रशासन ने एहतियात के तौर पर आसपास के सात मकानों को खाली करा लिया है। घटना शहर रोड़ा रोड स्थित सिनेमा हॉल के पीछे की है।

नोखा तहसीलदार चंद्रशेखर टाक ने बताया कि घटना देर रात 11 बजे की है, जिसमें सीमा जोशी और कन्हैयालाल का मकान जमीन में धंसकर जमींदोज हो गया। मकान के नीचे जमीन खोखली थी। ढाई बीघा के एरिया में बेरिकेड्स लगा दिए हैं। असुरक्षित मकानों को रेड मार्क कर चिह्नित कर दिया है। मकान मालिक सीमा जोशी ने रोते हुए बताया कि देर रात 11 बजे मैं और मेरे बच्चे मकान के आगे वाले हिस्से में थे, जहां खाना खाने के बाद बर्तन धोने की तैयारी कर रहे थे। इस दौरान तेज धमाका हुआ। इस पर डरकर बाहर की ओर भागे। मकान के पीछे का हिस्सा पूरा जमींदोज हो गया।

सीमा ने बताया कि उसके तीन बच्चे हैं। 8 साल का बेटा है और 15,16 साल की बेटियां है। घर में रखा जरूरी सामान, पैसे और गहने जमीन में नीचे दब गए। पति अब उनके साथ नहीं रहते हैं। ऐसे में परिवार को लेकर कहां जाऊं। स्थानीय निवासी सुनील भादू ने बताया कि रात को तेज आवाज आने पर मोहल्ले के लोग घरों से बाहर निकल आए। इस दौरान देखा तो मोहल्ले की सीमा जोशी और कन्हैयालाल का मकान गिर चुका था। कन्हैयालाल ने टेंट व्यापारी श्रवण जोशी को किराए पर दे रखा था, जहां वह अपना सामान रखता था। यहां पूरे क्षेत्र में जगह-जगह जमीन नीचे से खोखली है। मगर फिर भी नगर पालिका की ओर से पट्टे जारी कर दिए गए।

श्रवण जोशी ने बताया कि मोहल्ले में कन्हैयालालजी का मकान टेंट के गोदाम के लिए किराए पर ले रखा है। 10 मिनट पहले ही मैं ताला लगाकर निकला था। रोड़ा (नोखा) में एक प्रोग्राम का काम ले रखा था, इसलिए कुछ सामान वहां पर रखा था। घर पहुंचते ही हादसे के बारे में पता चला। मौके पर आकर देखा तो पूरा सामान मलबे में दब चुका था।

नोखा तहसीलदार (कार्यवाहक ईओ) चंद्रशेखर टांक ने बताया कि सुरक्षा को देखते हुए सात मकानों को खाली करवाया गया है और परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए कहा गया है। प्रशासन की ओर से ढाई बीघा की बेरिकेड्स लगाकर आवाजाही को बंद कराया है। मकानों के नीचे खोखली सुरंग हैं। जानकारी मिली है कि यहां सालों पहले बजरी खनन किया जाता था। इसके बाद यहां कॉलोनी बस गई। यहां पट्टों को लेकर मामले की जांच कर रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम गोपाल जांगिड़ ने राजस्व कर्मचारियों को मौके पर भेजा। पटवारी भगवंत और पालिका के कर्मचारियों को जल्द रिपोर्ट देने के लिए कहा है।

# स्कूल में चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर, (निसं)।** झाड़ोल कस्बे के ढिकलिया स्थित सरकारी विद्यालय से सामान चोरी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार विभा पत्नी रामलाल निवासी गणेशपापुरा झाड़ोल हॉल राजकीय प्रा. वि. ढीकलीया झाड़ोल कार्यवाहक प्रधानाध्यापक ने पुलिस थाने में रिपोर्ट दी। उसने बताया कि 28 जुलाई को विद्यालय गई तो कक्षा कक्षों के ताले टूटे हुए थे। रिकार्ड बिखरा पड़ा था एवं पोषाहार में से 140 किलो गेहूं, सात प्लेटें, आठ गिलास, दरी चोरी कर ले गए। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल, पुलिस उप अधीक्षक नेत्रपालसिंह के सुपरविजन में झाड़ोल थानाधिकारी फैलीराम मय टीम ने कार्यवाही करते हुए इस मामले में प्रकाश कसोटा पुत्र लक्ष्मण कसोटा निवासी ढीकलीया मगवास झाड़ोल, अरविन्द्र चव्हाण पुत्र कालुलाल निवासी हरणा खादड़ी मगवास, कालुलाल परमार पुत्र रामलाल निवासी ढीकलीया मगवास झाड़ोल पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया।

# अनूपगढ़ में आठ घंटे तक हुई बारिश से फसलों को नुकसान

**अनूपगढ़, (निसं)।** क्षेत्र में लगभग आठ घंटे तक हुई बारिश से खेतों में डेढ़ से दो फीट तक पानी भर गया है। इससे नरमा, ग्वार, मूंग, मोठ और धान की खड़ी फसलें तबाह हो गई। गांव 2 एमएसआर के किसानों ने शनिवार को इसकी जानकारी दी।

किसान सतपाल, नत्था सिंह, जसवीर सिंह, नरेंद्र सिंह, मदनलाल और महिला किसान कृष्णा ने बताया कि बारिश से नरमे की फसल को 50 से 60 प्रतिशत नुकसान हुआ है। धान की फसल को 20 से 30 प्रतिशत तक का नुकसान पहुंचा है। यह नुकसान ऐसे समय हुआ है जब किसान अपनी फसलों से कर्ज, बीज और खाद की लागत निकालने की उम्मीद कर रहे थे। पिछले साल न तो अतिवृष्टि हुई थी और न ही किसानों को सिंचाई पानी की कमी का सामना करना पड़ा था। इसलिए पिछले साल नरमे और धान की फसल का अच्छा उत्पादन हुआ था। किसान सतपाल के अनुसार, पिछले साल 25 बीघा भूमि में लगभग 170-200 क्विंटल नरमे का उत्पादन हुआ था, लेकिन इस बार अधिक बरसात के कारण यह उत्पादन घटकर 50-70 क्विंटल ही रह जाएगा। खेतों में भरे पानी को निकालने के लिए किसान अपने स्तर पर बर्मा और पंप सेट का उपयोग कर रहे हैं। एक घंटे के पंप सेट का किराया करीब एक हजार रुपये है। यह छोटे और मध्यमवर्गीय किसानों के लिए वहन करना बहुत कठिन है। किसान इस आपदा को अकेले झेल रहे हैं। प्रशासनिक सहायता अभी तक मौके पर नहीं पहुंची है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द विशेष गिरदावरी करवाई जाए। नुकसान का आंकलन किया जाए और मुआवजा प्रदान किया जाए। साथ ही जल निकासी के लिए सरकारी स्तर पर तुरंत राहत कार्य शुरू किए जाए, ताकि और अधिक नुकसान से बचा जा सके।

# नाबालिग लड़की को बेचने वाला दो हजार का इनामी गिरफ्तार

- **आरोपी ने नाबालिग के पिता के साथ मिलकर बेचने की वारदात कबूल की**
- **आरोपियों ने नाबालिग को गुजरात में चार बार बेच दिया था, जहां उसके साथ रेप की वारदात हुई थी**

**डूंगरपुर, (निसं)।** चौरासी थाना पुलिस ने 16 साल की नाबालिग लड़की को बेचने वाले एक और आरोपी दलाल को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर दो हजार रुपए का इनाम था। आरोपी ने नाबालिग के पिता के साथ मिलकर उसे बेचने की वारदात कबूल कर ली है। आरोपियों ने नाबालिग को गुजरात में चार बार अलग-अलग जगह बेच दिया था। जहां उसके साथ रेप की वारदात हुई थी। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

चौरासी थानाधिकारी ने बताया कि 23 मई को एक रिपोर्ट थाने में दर्ज करवाई गई थी। इसमें बताया कि 10 अप्रैल को उसकी 16 साल की नाबालिग बेटी बाजार में जाने का कहकर घर से निकली थी, लेकिन देर शाम तक वह वापस नहीं लौटी। परिवार के लोगों ने बताया कि उसे कई जगह रिश्तेदारी में ढूंढा, लेकिन पता नहीं लगा। 24 अप्रैल को बेटी ने व्हाट्सएप कॉल कर बताया कि उसे गुजरात में किसी अनजान जगह पर कमरे में बंद कर रखा है। उसके भगाने वाले का आधार कार्ड वह भेज रही है। आधार कार्ड के आधार पर पुलिस ने नाबालिग बेटी को बायड, गुजरात से बरामद कर लिया था।

थानाधिकारी ने बताया कि नाबालिग पीड़िता ने बयानों में बताया कि उसे कोई भगाकर नहीं ले गया है। उसके पिता और दलाल ने मिलकर उसे गुजरात में चार बार अलग-अलग जगह पर बेच दिया था, जहां पर चारों व्यक्तियों ने उसके साथ रेप किया। पुलिस ने आरोपी पिता समेत चार दलालों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि फरार एक और दलाल पर दो हजार रुपए का इनाम घोषित कर इसकी तलाश कर रही थी। पुलिस ने आरोपी को भिंडा से गिरफ्तार किया है। आरोपी पिता ने दलालों के साथ मिलकर नाबालिग को 30 से लेकर 60 हजार रुपए में बेचा था। पुलिस ने आरोपी दलाल को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया है।

# सूरतगढ़ में खाद-बीज की फैक्टरी पर कृषि विभाग की कार्रवाई

- **जिस समय कार्रवाई हुई, उस समय फैक्टरी के बाहरी गेट पर ताला लगा हुआ था और अंदर नकली पैकेजिंग का काम चल रहा था**

**सूरतगढ़, (निसं)।** सूरतगढ़-बीकानेर एनएच-62 पर राजपुरा पीपेरण गांव में स्थित एक उर्वरक फैक्टरी पर कृषि विभाग की टीम ने छापेमारी करते हुए बड़ी मात्रा में नकली उत्पाद पकड़ा है। हैरानी की बात है कि जिस समय कार्रवाई हुई, उस समय फैक्टरी के बाहरी गेट पर ताला लगा हुआ था और अंदर नकली पैकेजिंग का काम चल रहा था।

विभाग के सहायक कृषि निदेशक सुरजीत सिंह ने बताया कि पीपेरण स्थित ईगोन एग्रो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में नकली डीएपी और अन्य उत्पाद बनाए जाने की उन्हें सूचना मिली थी, जिस पर वे टीम सहित फैक्टरी के बाहर पहुंचे तो वहां ताला लगा हुआ था। जानकारी के आधार पर टीम ने दीवार फांदकर अंदर पहुंच कर देखा तो वहां बड़े पैमाने पर मिक्सर लगाकर मिक्सिंग का काम किया जा रहा था। फैक्टरी के दो गोदाम में करीब 2 हजार नमक के थैले पड़े थे। इस नमक को मिक्सर में डालकर उसमें लाल रंग का सीमेंट कलर मिलाकर उन्हें ईगोन एग्रो इंडिया प्राइवेट के टैग लगे पैकिंग बैगों में भरकर ट्रक में लोड कर निकालने की फिराक में थे, लेकिन बारिश की वजह से इनका काम थोड़ा धीमा चल रहा था और मामले का भंडाफोड़ हो गया। कृषि अधिकारी ने बताया कि 8 से 10 हजार बैग खपा दिए गए। इसके अलावा अन्य नकली उर्वरक डीएपी, बीज, पेस्टीसाइड का पैकेजिंग मैटेरियल भी मिला है। मौके पर हुई कार्रवाई में 821 बैग पकड़े गए हैं जो कि अवैध हैं और 750 बैग दानेदार जिप्सम पर काला कलर लगाकर डीएपी का रूप देकर तैयार किया हुआ पाया गया। कृषि अधिकारी ने बताया कि यह सारा गोरखधंधा इनका आंध्रप्रदेश में चलता है। फैक्टरी को सीज करने के साथ ही लाइसेंस रद्द करते हुए एफआईआर भी दर्ज करवाई जाएगी। कार्रवाई में सहायक निदेशक कृषि सुरजीत सिंह, उपनिदेशक उद्यान प्रदीप शर्मा, उप परियोजना निदेशक (आत्मा) सुदेश भादू, कृषि अधिकारी अभिमन्यु गोदारा, सहायक कृषि अधिकारी महेंद्र कुलडिया, कृषि पर्यवेक्षक अरुण भादू, रोहिताश कुमार मौजूद रहे।

## धोखा देकर लाखों की ठगी

**उदयपुर, (निसं)।** धोखा देकर पीड़िता से ऑनलाइन लाखों की ठगी करने वाले आरोपी के खिलाफ पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

पुलिस से प्राप्त जानकारी केअनुसार पीड़िता कोमल पत्नी हेमन्त कटारिया निवासी गणपति विहार पुला अम्बामाता ने साईबर पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। पीड़िता ने बताया कि अज्ञात आरोपी ने 19 जुलाई को धोखे इंस्टाग्राम पर दिए एड जरिये आर्डर करने पर अच्छा लाभ मिलने पर क्लिक किया। इस दौरान ओटीपी बताने पर अज्ञात आरोपी ने खाते से 35 ट्रांजेक्शन जरिये 13 लाख 10 हजार 248 रूपये की नकदी खाते से निकाल हड़प ली। इस मामले में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# निजी स्कूल निदेशक ने अश्लील वीडियो वॉट्सएप ग्रुप में शेयर किये

## आक्रोशित अभिभावकों ने स्कूल के बाहर प्रदर्शन कर थाने में मामला दर्ज करवाया

**उदयपुर, (निसं)।** शहर के आयड इलाके में यूनिवर्सिटी रोड स्थित एक निजी सीनियर सेकंड्री स्कूल के निदेशक ने अपने अश्लील वीडियो वॉट्सऐप ग्रुप में शेयर कर दिए। इससे आग बबूला हुए बच्चों के पेरेंट्स और माली समाज के लोगों ने शनिवार को स्कूल के बाहर हंगामा किया। मामला भूपालपुरा थाना इलाके का शनिवार सुबह का है। पेरेंट्स और समाज के लोगों ने डायरेक्टर के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है।

जानकारी के अनुसार ये वीडियो निदेशक ने अपने माली समाज के वॉट्सऐप ग्रुप में शुक्रवार दोपहर 12.51 बजे शेयर किए थे। वीडियो में वह एक महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में नजर आ रहा है।

वीडियो सामने आने के बाद माली समाज के लोग भड़क गए। इस बीच एक एडमिन ने ग्रप से वीडियो डिलीट कर दिए। शनिवार सुबह समाज के लोग और पेरेंट्स स्कूल पहुंचे और प्रदर्शन करने लगे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और सभी पक्षों की बात सुनी। डीएसपी छगन राजपुरोहित ने बताया कि पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। अभिभावकों ने कहा कि जब स्कूल का मालिक ही इस तरह की गलत हरकतें करेगा तो बच्चों पर क्या प्रभाव पड़ेगा और उन्हें क्या संदेश जाएगा। लोग इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। मामले में स्कूल प्रशासन की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

# महिला, पुरुष व बच्चे के शव मिले, सामूहिक आत्महत्या की आशंका जताई

## शवों के पास से सेल्फोस पाउडर के पाउच मिले, मौके पर एफएसएल टीम ने सबूत जुटाए

**भरतपुर, (निसं)।** सेवर थाना क्षेत्र के कंजौली गांव में शनिवार सुबह तीन शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतकों में एक महिला, एक पुरुष और एक बच्चा शामिल है। उनके पास से सेल्फोस पाउडर के पाउच मिले हैं, मौके पर एफएसएल टीम ने भी सबूत जुटाए हैं।

प्रथमदृष्टया पुलिस को लगता है कि यह सामूहिक आत्महत्या का मामला हो सकता है। तीनों की शिनाख्त हो गई है। तीनों के शवों को आरबीएम अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है, जहां पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिये। महिला की तलाशी के दौरान एक मोबाइल फोन भी मिला है। घटनास्थल पर पहुंचकर भरतपुर पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद एवं एएसपी सतीष यादव ने भी मौका मुआयना किया।



सेवर थाना पुलिस और एफएसएल की टीम पहुंची और जांच की।

- **एक युवक का जो शव मिला है उसकी पहचान हिंडौन के गांव महू इब्राहिमपुर निवासी शुभम के रूप में हुई है, जो महिला का रिश्ते में भांजा है**
- **पुलिस मामले की जांच कर रही है कि तीनों एक साथ यहां कैसे पहुंचे और तीनों के आत्महत्या करने के कारण क्या है**

एडिशनल एसपी सतीश यादव ने बताया कि आज सुबह सात बजे सूचना मिली थी कि कंजौली के पास तीन शव मिले हैं, जिनमें एक महिला एवं पुरुष के साथ एक बच्चा भी है। मौके में खुद और सेवर थाना पुलिस पहुंची और एफएसएल की टीम बुलाई गई। तीनों शवों की शिनाख्त हो गई, जो महिला है वह कुम्हेर थाना क्षेत्र के गांव भटावली की निवासी है जिसका ससुराल हिंडौन के गांव खेड़ा में है। महिला का पति देवेंद्र है जो कर्नाटक में ठेकेदारी का काम करता है। महिला के साथ एक बच्चे का शव मिला है जो उसी का बच्चा है। महिला के तीन बच्ची और एक बच्चा है। एक युवक का जो शव मिला है उसकी पहचान हिंडौन के गांव महू इब्राहिमपुर निवासी शुभम के रूप में हुई है, जो महिला का रिश्ते में भांजा है। मृतक शुभम भरतपुर में किराए के कमरे में रहता था। पुलिस अभी मामले की जांच कर रही है कि तीनों एक साथ यहां कैसे पहुंचे और तीनों के आत्महत्या करने की वजह क्या है।

पुलिस सीओ ग्रामीण आंकाक्षा ने बताया कि इन तीनों शवों का आरबीएम अस्पताल में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिये हैं। पुलिस जांच के बाद पता चलेगा कि यह आत्महत्या है या अन्य कारण हैं। सेवर थाना पुलिस जांच कर रही है कि आत्महत्या के कारण क्या रहे।

महिला अनीता के भाई ने शवों की पहचान की और उसने पुलिस को बताया कि वह तीन दिन से लापता थे, उनकी तलाश कर रहे थे और वह देर शाम को सेवर पुलिस थाना भी पहुंचे थे, जहां पुलिस ने सुबह आने के लिए बोला था, लेकिन अब पुलिस के माध्यम से ही सूचना मिली थी कि तीन शव मिले हैं, आकर के पहचान कीजिए। मैंने देखा कि उनमें मेरी सिस्टर और भांजा है। एक अन्य जो युवक है वह मेरी सिस्टर का भांजा है। अभी नहीं पता है कि यह घटना को अंजाम क्यों दिया गया है।

## लोन दिलाने के नाम पर ठगी, दम्पती गिरफ्तार

**अलवर, (निसं)।** लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले पति-पत्नी को गिरफ्तार किया गया है। दोनों ने मिलकर अलवर में करीब आठ लाख रुपए की ठगी की है। भरतपुर और अन्य जगहों पर भी ठगी का मामला दर्ज है। अलवर शहर की एनईबी थाना पुलिस ने भरतपुर के कुम्हेर निवासी पति-पत्नी को अरेस्ट किया है। पुलिस कई मामलों की जांच में लगी है।

थाना प्रभारी दिनेश चंद्र ने बताया कि ठगी के आरोपी विष्णु और उसकी पत्नी आरती को गिरफ्तार किया गया है। दोनों कुम्हेर (भरतपुर) के रहने वाले हैं। तीन जुलाई को पीड़ित ने ठगी का मामला दर्ज करवाया था। पीड़ित ने रिपोर्ट में बताया था कि विष्णु नाम के युवक ने लोन दिलाने का झांसा देकर ठगी की है। जांच के बाद आरोपी पति-पत्नी को गिरफ्तार किया गया। वहीं पुलिस द्वारा दोनों की ओर से की गई ठगी के अन्य मामलों की भी जांच की जा रही है।

# मादक पदार्थ रखने वाले युवकों को दो-दो साल की कैद

**डूंगरपुर, (निसं)।** डूंगरपुर की विशिष्ट कोर्ट ने एनडीपीएस मामले में दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए 2-2 साल की सजा सुनाई है। साथ ही दोनों पर 20-20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

जिले के डीजे कोर्ट के विशिष्ट लोक अभियोजक पुष्कर चौबीसा के अनुसार कोतवाली थाना पुलिस ने 1 अक्टूबर 2019 को शहर के सिंटेक्स चौराहे पर नाकाबंदी की थी। इस दौरान दो युवक नवाडेरा से बाइक पर आते हुए दिखे। पुलिस की नाकेबंदी देखकर युवक बाइक घुमाकर फरार होने लगे। पुलिस ने दोनों युवकों को पकड़ लिया और उनकी तलाशी ली। तलाशी में फतेहपुरा निवासी पप्पू और नवाडेरा निवासी ओमप्रकाश के पास से 14.73 मिलीग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई। पुलिस ने दोनों को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर अनुसंधान शुरू किया था। अनुसंधान पूरा करने के बाद पुलिस ने कोर्ट में चालान पेश किया। इसी मामले में कोर्ट ने अंतिम सुनवाई करते हुए दोनों आरोपियों को दोषी करार दिया और उन्हें सजा सुनाई।


कार्यालय अधिशाषी अभियंता,
जन स्वा. अभि. विभाग, खण्ड कोलायत

क्रमांक-1296 दिनांक-31.07.2025

**Corrigendum-1 of NIT : 16-26/2025-26**

Corrigendum-1 is hereby issued for NIT 16-26/2025-26. Registered interested bidders are invited to participate upto 05.08.2025 at 14.00 hours. Other particulars of bid may be visited on the procurement portal www.sppp.rajasthan.nic.in & "http://eproc.rajasthan.gov.in" of the state.

*जल सीमित है, इसकी बचत करें।*

(धर्मेन्द्र कुमावत) अधिशाषी अभियंता
जन स्वा अभि विभाग, खण्ड कोलायत

DIPR/C/10813/2025



**माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर**

**महात्मा गांधी सर्वोदय विचार परीक्षा-2024**

''**महात्मा गांधी सर्वोदय विचार परीक्षा-2024**' हेतु ऑनलाईन आवेदन दिनांक 04.08.2025 से 11.08.2025 (रात्रि 12:00 बजे) तक भरे जा सकते है। उक्त परीक्षा पूर्णतः **निःशुल्क** होगी। परीक्षा के लिए तीन ग्रुप होंगे। ग्रुप-1 में कक्षा 6-8 ग्रुप-2 में कक्षा 9-12 तक तथा ग्रुप-3 में महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थी भाग लेंगे। ऑनलाईन आवेदन हेतु वेबसाइट **www.rajeduboard.rajasthan.gov.in** पर संबंधित विद्यालय बोर्ड द्वारा पूर्व में प्रदत्त **Login ID** पासवर्ड, संबंधित विद्यालय **UDISE Code** व महाविद्यालय अपने **AISHE CODE** का व **AISHE** में रजिस्ट्रर्ड ई-मेल/मोबाईल पर भेजे गये पासवर्ड का उपयोग कर आवेदन कर सकते है। ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने हेतु विस्तृत दिशा निर्देश, परीक्षा पाठ्यक्रम की विस्तृत जानकारी बोर्ड की बेवसाईट **www.rajeduboard.rajasthan.gov.in** पर उपलब्ध है। ऑनलाईन परीक्षा आवेदन पत्र भरने हेतु आई.डी एवं पासवर्ड सम्बन्धी जानकारी **I.T. & C** शाखा के फोन नं. 0145-2632865 से प्राप्त की जा सकती है अथवा **bser.pwd@gmail.com** पर अपना विद्यालय/**AISHE CODE** के साथ ई-मेल करें। सचिव

# अवैध गैस रिफिलिंग के खिलाफ कार्रवाई, 85 सिलेंडर जब्त

**जयपुर।** जिला कलक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी के निर्देशों के अनुपालना में अवैध गैस रिफिलिंग के खिलाफ जिला रसद अधिकारी की कार्रवाई लगातार जारी है।

राजधानी जयपुर में शनिवार को रसद विभाग ने अवैध गैस रिफिलिंग के विरुद्ध दो अलग-अलग स्थानों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 85 गैस सिलेंडर, पांच गैस रिफिलिंग मोटर और दो वजनी कांटा मशीनें जब्त कीं। यह कार्रवाई रसद अधिकारी त्रिलोक चंद मीणा के नेतृत्व में प्रवर्तन अधिकारी सरिता यादव द्वारा की गई।

पहली कार्रवाई जयपुर के गजसिंहपूरा क्षेत्र में की गई, जहां अवैध रूप से घरेलू और कमर्शियल गैस सिलेंडरों से रिफिलिंग का कार्य किया जा रहा था। टीम ने मौके से 71 घरेलू सिलेंडर, 9 कमर्शियल सिलेंडर, चार रिफिलिंग मोटर और एक वजनी कांटा मशीन जब्त की। यह रिफिलिंग न केवल अवैध थी बल्कि अत्यंत खतरनाक भी, जो स्थानीय लोगों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न कर सकती थी।

दूसरी कार्रवाई हसनपुरा क्षेत्र में की गई, जहां रिहायशी इलाके के भीतर ही



रसद विभाग ने 85 गैस सिलेंडर, पांच गैस रिफिलिंग मोटर और दो वजनी कांटा मशीनें जब्त कीं।

अवैध रिफिलिंग की जा रही थी। यहां से पांच घरेलू सिलेंडर, एक रिफिलिंग मोटर और एक वजनी कांटा मशीन जब्त की गई। अधिकारियों के अनुसार, यह कार्य पूर्णतः गैरकानूनी था और सिलेंडरों के फटने जैसी दुर्घटना की आशंका हमेशा बनी रहती है।जिला रसद अधिकारी त्रिलोकचंद मीणा ने बताया कि दोनों ही स्थानों पर बिना किसी अधिकृत अनुमति के गैस रिफिलिंग की जा रही थी, जो जन सुरक्षा के लिए अत्यंत घातक है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

रसद अधिकारी त्रिलोक चंद मीणा ने स्पष्ट किया कि विभाग इस तरह के अवैध रैकेट को बर्दाश्त नहीं करेगा और

- ■ जिला कलक्टर के निर्देश पर कार्यालय, जिला रसद अधिकारी की बड़ी कार्रवाई
- ■ रसद अधिकारी त्रिलोकचंद मीणा ने बताया कि दोनों ही स्थानों पर बिना किसी अधिकृत अनुमति के गैस रिफिलिंग की जा रही थी

भविष्य में भी लगातार औचक निरीक्षण कर इस प्रकार की गतिविधियों पर अंकुश लगाया जाएगा। प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि यदि कहीं भी अवैध गैस रिफिलिंग अथवा गैस सिलेंडरों के संदिग्ध उपयोग की जानकारी मिले, तो उसकी सूचना तुरंत विभाग या प्रशासन को दें, ताकि समय पर कार्रवाई की जा सके और किसी भी संभावित हादसे को रोका जा सके।

## महारुद्राभिषेक आज

**जयपुर।** श्री शिव महापुराण कथा समिति, जयपुर द्वारा रविवार दिनांक 3 अगस्त, 2025 को 18वां 251 सामूहिक पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं महारुद्राभिषेक का विशाल व अनूठा आयोजन किया जाएगा।

समिति के महामंत्री अरुण खटोड़ ने बताया कि वर्ष 2008 से हमारी समिति प्रत्येक वर्ष सामूहिक शिव पूजन करवाती आ रही है। अबकी बार 18वां सामूहिक पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं महारुद्राभिषेक कार्यक्रम आयोजित होगा। कार्यक्रम की शुरूआत 3 अगस्त, 2025 को अनंतम मैरिज गार्डन के निकट, राजावास, सीकर रोड हाइवे, जयपुर से प्रातः 8.30 बजे भव्य कलश-यात्रा रवाना होकर कार्यक्रम स्थल तक आएगी कलश-यात्रा में लवाजमा व बैण्ड की मधुर ध्वनियों एवं शिव भक्तों के जय घोष के साथ-साथ 251 महिलाएं अपने सिर पर कलश लेकर एवं 251 पुरुष अपने मस्तक पर पार्थिव शिवलिंग, विद्वान पंडित व भक्तजन भगवा झण्डे लहराते हुए घण्टे, घडियाल, शंख ध्वनी करते हुए, नाचते-गाते हुये अनंतम मैरिज गार्डन में पहुँचेंगी समिति अध्यक्ष और महारुद्राभिषेक आचार्य सुरेश जी शास्त्री ने बताया कि पार्थिव शिवलिंग पूजन एवं महारुद्राभिषेक में भाग लेने वाले प्रत्येक यजमान दम्पति द्वारा अलग-अलग पार्थिव शिवलिंग अपने समक्ष रखकर सस्वर, सविधिक, बृहद रुद्र पाठ द्वारा शिव पूजन-अर्चन एवं अभिषेक किया जाएगा।

## सार-समाचार

### करौली से हथियार सप्लाई करने जयपुर पहुंचा तस्कर चढ़ा पुलिस के हत्थे



**जयपुर।** सांगानेर थाना पुलिस ने हथियार तस्करी करने वाले एक बदमाश को गिरफ्तार कर उसके पास से एक देसी कट्टा और पिस्टल बरामद किया है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित करौली से हथियार की सप्लाई देने जयपुर आया था। फिलहाल पुलिस आरोपित से पूछताछ करने में जुटी है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) संजीव नैन ने बताया कि पुलिस कमिश्नरेट की ओर से चलाए जा रहे ऑपरेशन एक्शन अगेंस्ट गन (आग) के तहत सांगानेर थाना पुलिस हथियार तस्कर के मामले में बदमाश रामराज उर्फ डालू गुर्जर (28) निवासी सदर करौली को गिरफ्तार किया है। जो सांगानेर के गुलाब बिहार में रहकर हथियार तस्करी का काम करता है। पुलिस को सूचना मिली कि सांगानेर इलाके में एक लड़का अवैध हथियार लेकर किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा है। पुलिस टीम ने सूचना पर संदिग्ध को घेराबंदी कर धर-दबोचा। तलाशी में उसके पास देसी कट्टा और पिस्टल मिली। पूछताछ में आरोपी रामराज उर्फ डालू से सामने आया कि वह हथियारों की तस्करी कर करौली से लेकर आया था और जयपुर में अवैध हथियार की सप्लाई लेकर पहुंचते ही पुलिस ने धर-दबोचा। करौली के सदर और कोतवाली थाने में उसके खिलाफ नौ से अधिक मुकदमे है। पुलिस फिलहाल गिरफ्तार आरोपी से हथियार की खरीद-फरोख्त के बारे में पूछताछ कर रही है।

### इस्पेक जर्मनी में रोजगार उपलब्ध करवाएगी

**जयपुर।** जन - जन तक भगवान परशुराम जी के लोक कल्याणकारी संदेशों को पहुंचाने में जुटी इंटरनेशनल सोसायटी फॉर परशुराम कॉन्शसनेस अब विदेशों खासकर जर्मनी में रोजगार उपलब्ध करवाने में भी अहम भूमिका निभाएगी। इस्पेक रोजगार के इच्छुक समाज जनों को प्रशिक्षित कर जर्मनी भेजेगी। यह घोषणा जर्मनी चैप्टर के उपाध्यक्ष हर गोविंद सिंह राणा ने की। हर गोविंद सिंह शनिवार को श्री परशुराम ज्ञानपीठ में इस्पेक की ओर से आयोजित स्वागत समारोह में बोल रहे थे। स्वागत पर आभार व्यक्त करते हुए इस्पेक जर्मनी चैप्टर की अध्यक्ष अरुंधति गौड़ ने बताया कि उन्हें खुशी है कि जर्मन लोग भारतीय संस्कृति से जुड़ होली -दीपावली सहित सभी तीज त्यौहारों में बढ़- चढ़कर भाग ले रहे। इतना ही नहीं जर्मनी में शाकाहार की तरफ भी रुझान बढ़ रहा है। स्वागत समारोह का प्रभावी संचालन विप्र फाउंडेशन के प्रदेश संगठन महामंत्री सतीश शर्मा ने किया। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विमलेश शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा , विक्की के प्रदेश अध्यक्ष नवीन शर्मा,जयपुर शहर अध्यक्ष महेंद्र शर्मा, जयपुर देहात अध्यक्ष रमेश मावावाला, पार्षद अशोक बोहरा, कमल शर्मा,वंदना त्रिवेदी, पूर्वा शर्मा सहित बड़ी संख्या में विप्रजन मौजूद थे।

### दुष्कर्म करने वाला आरोपित गिरफ्तार

**जयपुर।** जयसिंहपुरा खोर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक महिला से दुष्कर्म करने वाले एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि जयपुर से दिल्ली भागने की फिराक में था। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (उत्तर) करण शर्मा ने बताया कि जयसिंहपुरा खोर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक महिला से दुष्कर्म करने वाले आरोपित कैलाश चंद धानका निवासी भाबरू जिला कोटपूतली-बहरोड को गिरफ्तार किया है। आरोपित ने मिलने के बहाने घर आने पर एक महिला से दुष्कर्म किया था। पुलिस जांच में सामने आया कि खुद पर मामला दर्ज होने का पता चलने पर आरोपित भाग निकला। पुलिस टीम ने मोबाइल नंबर के आधार पर आरोपी को ट्रेस कर गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने जयपुर से दिल्ली भागने की फिराक में होना बताया है।

### लूट करने वाला शातिर बदमाश सत्यम उर्फ बहरूपिया गिरफ्तार



**जयपुर।** अशोक नगर थाना इलाके में सेंट्रल पार्क में बदमाशों द्वारा चार जुलाई की शाम को महिला का गला और मुंह दबाकर बेहोश कर सोने-चांदी के जेवरात लूट मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक बदमाश को बापर्दा गिरफ्तार किया गया है और उसके पास से लूटे गए जेवरात और चुराए गए तीन दुपहिया वाहन सहित छीने छह मोबाइल जब्त किए गए है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) राजर्षि राज ने बताया कि अशोक नगर थाना पुलिस ने राजस्थान विद्युत विभाग में सीनियर रिसेप्शनिस्ट रिटायर अनुराधा शर्मा (65) निवासी अनीता कॉलोनी बजाज नगर का सेंट्रल पार्क में चार जुलाई की शाम को गला और मुंह दबाकर बेहोश कर सोने-चांदी के जेवरात लूट मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित सत्यम उर्फ बहरूपिया उर्फ सुबान निवासी इन्दौर (मध्यप्रदेश) हाल टोंक रोड जयपुर को गिरफ्तार कर लूट के सभी आभूषणों कक अलावा चुराये हुए तीन दुपहिया वाहन व छीने हुए छह मोबाइल बरामद किए गए है। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने कई वारदातों को अंजाम देना कबूला है।

### पूर्व मंत्री की नातिन ने 'अपना मोर्चा' के नेताओं पर लगाया आरोप



**कानपुर नगर ।** एनडीए में शामिल अपना दल (एस) से असंतुष्ट होकर एक नया संगठन तैयार करने वाले एक नेता पर भाजपा सरकार में पूर्व मंत्री के परिजनों ने यह आरोप लगाया है कि राजनीतिक महत्वाकाँक्षा की पूर्ति हेतु उनके बाबा जी की फोटो, नाम व ख्याति का लाभ लेना चाहता है यह भी आरोप लगाया कि असंतुष्ट नेता, सूबे की जनता व समाज को गुमराह कर रहा है, जबकि उनके बाबा जी ने निःस्वार्थ भाव से जन कल्यार्थ कार्य किया है, वो सदैव ही स्वार्थपरक राजनीति से दूर रहे एवं प्रदेश की जनता की सेवा करते रहे। साकेतनगर स्थित एक गेस्ट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता में उत्तर प्रदेश में पूर्व मंत्री रहे चौधरी नरेन्द्र सिंह की नातिन निहारिका सिंह ने बताया कि, निजी स्वार्थ की पूर्ति हेतु एनडीए में शामिल राजनैतिक पार्टी 'अपना दल' (एस) से असंतुष्ट होकर 'अपना मोर्चा' नाम का एक राजनैतिक संगठन तैयार किया गया है और उसके नेता ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह व उसके नेतागण चौधरी नरेन्द्र सिंह की फोटो लगाकर जनता को धोखा देने का काम कर रहे हैं। इसका हम लोग पुरजोर विरोध करते हैं और सभी से अपील करते हैं कि इन स्वार्थी नेताओं के बहकावे में कतई न आयें।

## गोविंद देवजी मंदिर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव

**जयपुर।** आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में मनाए जा रहे श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में शनिवार को मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी के सान्निध्य में श्री गिर्राज परिक्रमा मंडल की ओर से भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने ठाकुर राधा गोविंद देवजी और गौरांग महाप्रभु के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। मंदिर छांवण में ठाकुर गोविंद देव जी के समक्ष गायन और वादन की ऐसी जुगलबंदी जमी की दर्शनार्थी नाचने लगे। राधा मोहन नानूवाला के निर्देशन में संगीतमयी भजन संध्या में सुधीर अरोड़ा ने राधा राधा नाम की माला फेरे जा...भजन सुनाया। मधु शर्मा ने झूले के पदों का सरस गायन किया। दीपक खंडेलवाल ने गोपाल मुरलिया वाले... प्रस्तुत कर वातावरण को भाव-विभोर कर दिया। बजरंग शर्मा, मुकेश राव एवं कन्हैया बागड़ी ने सामूहिक रूप से गोविंद नाम का कीर्तन किया। इस अवसर पर उछाल कर बधाई दी गई।

वाद्य यंत्रों में आशीष खटोरिया, अश्विन अग्रवाल, गौरांग नानूवाला एवं

- ■ सावन में झूला झूल रहे राधे संग कुंज बिहारी...
- ■ संध्या से शयन झांकी तक ठाकुरजी को भजनों से रिझाया

श्रीधर नानूवाला ने संगत की। उधर, निम्बार्क सत्संग मंडल एवं विट्ठल भैया (जोधपुर) ने भावविभोर कर देने वाली भक्तिमय प्रस्तुतियां दीं। संयोजक जुगल सैनी ने गणेश वंदना के बाद अगर राधा गोविंद का सहारा ना होता भजन से करुण पुकार, सुमिरन करले राधे भजन से नाम महिमा का बखान किया। संत मधुसूदन बापूजी की शिष्या मां प्रेमाभक्ति तथा गौरांग महाप्रभु जी के परिकर अनुराग टाटीवाला, संजय प्रभु, हरिवंश प्रभु, ललिता माताजी, करण प्रभु तथा अन्य भक्तों ने मुरली जोर की बजाई रे नंदलाला... बाजे बाजे रे बधाई..., कान्हा झूले पालना... जैसे भजनों ने श्रद्धालुओं को झूमने पर विवश कर दिया।

## शादी करने का झांसा देकर नाबालिग लड़की से देहशोषण

**जयपुर।** शास्त्रीनगर थाना इलाके में दोस्ती कर नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। पीडिता का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपित ने शादी करने का झांसा दिया और फिर शादी करने के नाम पर तीन महीने तक देहशोषण करता रहा। इस संबंध में पीड़ित नाबालिग लड़की ने थाने में मामला दर्ज करवाया है।

थानाधिकारी महेन्द्र सिंह ने बताया कि शास्त्री नगर की रहने वाली नाबालिग लड़की ने मामला दर्ज करवाया है कि उसकी कॉलोनी में ही रहने के कारण आरोपित से उसकी बातचीत थी। बातचीत के दौरान आरोपित ने उससे दोस्ती कर ली। आरोप है कि मई-2025 में दोस्ती कर मिलने-जुलने के दौरान आरोपित ने अकेला पाकर उसके साथ जबरदस्ती की। विरोध करने पर शादी करने का झांसा देकर पिछले तीन महीने से उसका देह शोषण करता रहा। परिजनों को नाबालिग पीड़िता ने आरोपित के बारे में बताया। इस संबंध में थाने में पीडिता अपने पिता के साथ पहुंचकर आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज करवाया।

## 'भाजपा सरकार अल्पसंख्यक समुदाय को समृद्ध करने के लिए कटिबद्ध'

**जयपुर।** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से भाजपा प्रदेश कार्यालय में 'डॉ. कलाम स्टार्टअप यूथ अवॉर्ड 2.0' कार्यक्रम को लेकर प्रदेश स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि देश का सर्वांगिण विकास तब ही होगा, जब देश का प्रत्येक वर्ग सुखी रहे, समृद्ध रहे और मजबूत रहे। इसके लिए हम सभी को मिलकर प्रयास करना होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ, सबका विकास और सबके कल्याण की नीति पर कार्य कर रहे है। पीएम मोदी ने आवास, चिकित्सा, मुद्रा योजना सहित तमाम योजनाओं को शुरू करने के पीछे समाज का सर्वांगिण विकास करना है। अल्पसंख्यक समाज को इन योजनाओं से जुड़ना चाहिए।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि आज कुछ राजनीतिक दल समाज के कुछ वर्गों के लिए तुष्टिकरण का शब्द इस्तेमाल कर रहे है, जबकि इस शब्द का मुस्लिम समाज से कोई लेना देना ही नहीं है। तुष्टिकरण का मतलब

- ■ मोदी सरकार की ओर से शुरू किए गए स्टार्टअप मुस्लिम युवाओं के लिए मील का पत्थर होगा साबित : जमाल सिद्दीकी

किसी को तुष्ट या राजी करना है। अपने राजनीतिक लाभ के लिए इस वर्ग को तुष्ट किया जा रहा था, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर वर्ग को समृद्ध, मजबूत और सक्षम करने का प्रयास कर रहे है।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निरतंर मुस्लिम युवाओं को आगे बढ़ने और आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान कर रहे है। मोदी सरकार की ओर से शुरू किया गया स्टार्टअप इस कड़ी में मील का पत्थर साबित हो रहा है। अवार्ड के लिए पूरे राजस्थान प्रदेश में मुस्लिम युवाओं को जागरूक करके स्टार्टअप अभियान में भाग लेना चाहिए।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष हमीद खान मेवाती ने कहा कि डॉ एपीजे अब्दूल कलाम से हम सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए, जिस तरह उन्होंने देश को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दिया, उसी तरह हम सभी को राष्ट्र प्रथम की भावना के लिए कार्य करना चाहिए।

इस दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार अजयपाल सिंह, मोर्चा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हुसैन खान, मोर्चा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ मजीद मलिक कमांडो, पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ तस्लीम बानो, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष फिरोज खान, एम सादिक खान, पूर्व प्रदेश महामंत्री मुन्नवर खान, हिदायत खान, जयपुर शहर अध्यक्ष अब्दूल अजीज, युवा उद्योगपति तालिब शेख, मोर्चा प्रदेश पदाधिकारी, मोर्चा जिलाध्यक्ष, महामंत्री सहित सैंकडों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंच का संचालन मोर्चा प्रदेश महामंत्री एमडी शेख ने किया।

## 5100 पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**जयपुर ।** राजस्थान पुलिस अकादमी का परिसर हरे-भरे रंग से खिल उठा। हरियालो राजस्थान अभियान के तहत पुलिसकर्मियों ने पर्यावरण के प्रति अपनी गहरी जिम्मेदारी का भी परिचय दिया। पुलिस अकादमी के समस्त स्टाफ ने मिलकर एक ही दिन में पांच हज़ार एक सौ पौधे लगाए। जो भविष्य के लिए एक वादा हैं।

- ■ कानून के रखवालों ने थामा प्रकृति की सुरक्षा का जिम्मा, डीजीपी राजीव शर्मा ने लगाया औषधीय गुणों से भरपूर कदम्ब का पौधा

इस महत्वपूर्ण पहल का नेतृत्व करते हुए राजस्थान पुलिस महानिदेशक राजीव शर्मा ने एक कदंब का पौधा



पुलिस अकादमी के स्टाफ ने पौधे लगाए।

लगाया। उन्होंने कहा कदंब न केवल अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान रखता है।

बल्कि इसके फल, पत्ते और छाल का उपयोग कई तरह की औषधियों में भी होता है। यह वृक्षारोपण कार्यक्रम केवल एक शुरुआत है। हमारा लक्ष्य है कि हम हरियालो राजस्थान अभियान को एक जन आंदोलन में बदलें। डीजीपी शर्मा ने कहा कि पुलिस का काम सिर्फ अपराध रोकना नहीं बल्कि समाज के हर पहलू की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी है। जिसमें पर्यावरण की सुरक्षा भी शामिल है।

## बदमाशों ने कार का विंडो मिरर तोड़कर बैग किया चोरी

**जयपुर।** माणक चौक थाना इलाके में स्कॉर्पियो गाड़ी पर पत्थर मारकर बदमाशों ने विंडो मिरर तोड़कर बैग चोरी का मामला सामने आया है। इस संबंध में पीडित की ओर से थाने में मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस वारदात स्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने के साथ चोरों की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि करणी विहार के रजनी विहार निवासी हेमराज गहनोलिया ने मामला दर्ज करवाया है कि वह खरीदारी करने स्कॉर्पियो गाड़ी से बाजार आए थे।

चौड़ा रास्ता में रोड किनारे स्कॉर्पियो को खड़ी कर वह खरीदारी करने चले गए। स्कॉर्पियो में रखे बैग को चोरी के लिए बदमाशों ने पत्थर मारकर विंडो मिरर को तोड़ा और फिर पिछली सीट पर रखे बैग को चोरी कर लिया। बैग में दो मोबाइल,चेकबुक, करीब 15 हजार रुपए, दस्तावेज व अन्य सामान रखा था।

## ट्रेवल एंड टूरिज्म फेस्टिवल में राजस्थान पर्यटन को मिला उत्कृष्टता पुरस्कार

**जयपुर।** भारत के सबसे बड़े ट्रैवल शो नेटवर्क द्वारा गांधीनगर (अहमदाबाद) में अंतरराष्ट्रीय स्तर के गांधी एक्सहिबिशन और कन्वेंशन सेंटर में 31 जुलाई से 2 अगस्त, 2025 तक आयोजित ट्रेवल एंड टूरिज्म फेस्टिवल (टीटीएफ) में तीसरे दिन शनिवार को राजस्थान पर्यटन को उत्कृष्टता पुरस्कार प्रदान किया गया है।प्रमुख शासन सचिव पर्यटन कला एवं संस्कृति राजेश यादव ने बताया कि उप मुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दिया कुमारी की रणनीति और निर्देशन में घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने की नीति के अनुसार भारत के विभिन्न शहरों में डोमेस्टिक ट्रैवल मार्ट और प्रदर्शनियों में भाग लिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि गाँधीनगर में आयोजित उक्त टीटीएफ में डिजाइन एवं सजावट पुरस्कार के लिए राजस्थान

- ■ उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी की राजस्थान पर्यटन को दुनिया का सिरमौर बनाने की रणनीति हो रही कामयाब

पर्यटन को विजेता घोषित किया गया। उक्त आयोजन में राजस्थान पर्यटन के अतिरिक्त निदेशक आनंद त्रिपाठी, अतिरिक्त निदेशक सोनिया यादव को फेयरफेस्ट मीडिया लिमिटेड के अध्यक्ष एवं सीईओ संजीव अग्रवाल ने यह पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

उल्लेखनीय है कि इस वर्ष राजस्थान मण्डप में राज्य के 42 निजी क्षेत्र के ट्रैवल ट्रेड प्रतिनिधियों ने भी इस आयोजन में सहभागिता की है।

## मिलिट्री हॉस्पिटल जयपुर ने सैन्य नर्सिंग को तकनीक से सशक्त किया

**जयपुर।** मिलिट्री नर्सिंग सर्विस के शताब्दी वर्ष समारोह के उपलक्ष्य में मिलिट्री हॉस्पिटल जयपुर द्वारा 'नर्सिंग अडाप्टेशन्स इन द डिजिटल एरा.' विषय पर निरंतर नर्सिंग शिक्षा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन सप्त शक्ति कमांड के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह द्वारा किया गया, और उन्होंने इस अवसर पर संसाधन सामग्री को जारी किया। अपने मुख्य भाषण में उन्होंने डिजिटल प्रौद्योगिकियों को अपनाने में सैन्य नर्सों की उभरती भूमिका की सराहना की तथा समकालीन स्वास्थ्य देखभाल वातावरण में उच्च गुणवत्ता वाली, मरीज-केंद्रित देखभाल सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी प्रगति को तेजी से अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

ऑफलाइन एवं ऑनलाइन दोनों





'नर्सिंग अडाप्टेशन्स इन द डिजिटल एरा.' विषय पर निरंतर नर्सिंग शिक्षा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया।

प्रारूपों में आयोजित इस कार्यक्रम में कमांड के विभिन्न हिस्सों से सैन्य नर्सिंग अधिकारियों और चिकित्सा विशेषज्ञों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में अर्न्स्ट एंड यंग के पार्टनर कंसल्टिंग प्रकाश सिंह ने विचारोत्तेजक मुख्य व्याख्यान दिया, जिसमें उन्होंने बताया कि किस प्रकार डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन वैश्विक स्वास्थ्य प्रणाली को पुनः परिभाषित कर रहा है।

उनके संबोधन ने आगे के तकनीकी सत्रों की नींव रखी, जिसमें स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं, विशेष रूप से सैन्य नर्सिंग के क्षेत्र में डिजिटल साक्षरता के महत्व को रेखांकित किया

- ■ कार्यक्रम का उद्घाटन सप्त शक्ति कमांड के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह ने किया

गया।विशेषज्ञों द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित क्लिनिकल डिसिजन-मेकिंग , पूर्वानुमान विश्लेषण हेतु मशीन लर्निंग, रिमोट पेसेंट मॉनिटरिंग के लिए इंटरनेट ऑफ थिंग्स, डेटा एकीकरण हेतु इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकॉर्ड्स, रीयल-टाइम ट्रैकिंग के लिए पहनने योग्य स्वास्थ्य उपकरण तथा दुर्गम क्षेत्रों में निगरानी तकनीकों जैसे विषयों पर गहन सत्रों का आयोजन किया गया। इन सत्रों ने प्रतिभागियों की तकनीकी जानकारी को समृद्ध किया और इन नवाचारों के ऑपरेशनल एवं फील्ड परिस्थितियों में व्यावहारिक उपयोग को भी उजागर किया।

यह सीएनई कार्यक्रम ज्ञान-साझा, कौशल संवर्धन एवं पेशेवर नेटवर्किंग के लिए एक प्रभावी मंच सिद्ध हुआ। इसने स्वास्थ्य सेवा में नवाचार और मरीज देखभाल के प्रति मिलिट्री नर्सिंग सर्विस की प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ किया। डिजिटल तकनीक को अपनी कार्यसंस्कृति में समाहित कर, मिलिट्री नर्सिंग सर्विस यह सुनिश्चित कर रही है कि उसका प्रत्येक सदस्य लगातार विकसित हो रहे चिकित्सा परिदृश्य की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना कर सके। कार्यक्रम का समापन एक सकारात्मक और प्रेरणादायक वातावरण में हुआ, जहाँ सभी प्रतिभागी अपने-अपने कार्यक्षेत्रों में इन नवाचारों को लागू करने के लिए उत्साहित दिखाई दिए, जिससे सैन्य चिकित्सा सेवा में उत्कृष्टता बनी रहेगी।

## साक्षरता सचिव ने किया राजकीय विद्यालयों का दौरा

**जयपुर।** शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के स्कूल शिक्षा और साक्षरता सचिव संजय कुमार ने शनिवार को जयपुर के तीन राजकीय विद्यालयों का दौरा किया।

संजय कुमार ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, गांधी नगर जयपुर पश्चिम, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय, गांधी नगर व पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, गणगौरी बाजार में दौरा कर इन विद्यालयों में संचालित गतिविधियों व व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

उन्होंने इन विद्यालयों की कक्षाओं में पहुंचकर बच्चों से बातचीत कर उनके विकास को समझा।

विद्यालयों के दौरे के दौरान संजय कुमार के साथ शासन सचिव स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल, राज्य परियोजना निदेशक व आयुक्त अनुपमा जोरवाल, निदेशक माध्यमिक एवं प्रारंभिक शिक्षा सीताराम जाट, संयुक्त शासन सचिव मनीष गोयल व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

ARBiT it happens here...



### Celebrating the Gift of Friendship

National Friendship Day is a heartfelt celebration dedicated to honoring the special bonds we share with our friends. Observed on the first Sunday of August, this day reminds us to appreciate those who bring joy, support, and laughter into our lives. Whether it's a childhood companion, a work buddy, or someone you've just grown close to, friendship enriches our lives in countless ways. Celebrate the day by reaching out to your friends with a thoughtful message, spending quality time together, or simply sharing memories. National Friendship Day is the perfect opportunity to show gratitude for the people who truly matter.

राष्ट्रदूत
SUNDAY
03 August 2025
A-B


#SPORT

# From a Wood Sphere to a Smart Ball

Tracing the centuries of innovation that sent the golf ball on a wild ride through history



A selection of spalding balls from the late 19th and early 20th century.



From left, a feathery ball, c. 1830; a red gutta-percha golf ball, c. 1860; and a spalding ball, late 19th or early 20th century.

Historians speculate that the first golfer was likely a shepherd who grew bored with his work one day, swung his crook and made contact with a rock that went flying. He hit more, and 'purely by accident, one of the stones disappeared into a hole,' legendary sportswriter Herbert Warren Wind mused in 1948. Once a second shepherd appeared to compete, or perhaps as soon as one of them began cursing over a misdirected ball, golf was invented.

The earliest man-made golf balls ever uncovered were primitive spheres made of hardwood on the east coast of Scotland in the 14th century. By the early 1600s, players were using balls of cowhide stuffed with goose feathers. When doused with water, the leather shrank, and the feathers expanded, and this rough-hewn ball would have flown well for the day, enabling golfers to make truer shots. But the craftsmanship was expensive, creating a sport primarily enjoyed by the well-off. With the advent of golf country clubs that required membership fees during the next century, it officially became a game for the elite.

The idea for a greatly improved permutation came in the 1840s. Robert Paterson, a young Scottish divinity student, became transfixed by the possibilities of gutta-percha-dried gum of the Malaysian sapodilla tree, which he found as protective filler in a package from Singapore containing a statue of a Hindu god. Paterson heated the sapodilla gum and massaged it until he'd formed a sphere and later painted it white. The so-called gutty ball was bouncier, easier to control and much more affordable, making the game more accessible.

The inventor of the modern ball was Coburn Haskell, who had an epiphany while strolling through the B.F. Goodrich rubber factory in Akron, Ohio. Spotting piles of elastic, Haskell had the idea of winding up some of the rubber yarn into a golf ball. Haskell eventually added a solid rubber core and a cover. Legendary golfer Bobby Jones, co-founder of the Augusta National Golf Club as well as the Masters Tournament, described the Haskell ball, first brought to market in 1901, as the most important development in the history of the sport. Jones was displeased, however, that the Haskell ball required less skill and more strength for long shots, and lamented that larger courses were needed to accommodate the greater distances that the new balls sailed.

Golfers eventually discovered that scuffed golf balls were traveling farther than new ones. Dimples were soon added, between 300 and 500, depending on your taste, after physicists confirmed that air flowed more freely over these balls, minimizing drag, and the increased spin created more lift. And recently, some players have begun sharpening their game by using smart golf balls, with embedded sensors that enable golfers to collect analytics about their shots, identify strengths and weaknesses in their game, and, of course, to help locate those pesky lost balls.

For many enthusiasts, these innovations make the game more appealing and even addictive, enabling duffers on public courses to command drives and putts that golfers floundering on the sandy Scottish links, more than 600 years ago, could never imagine.




# Was POK's First Information Chief An Indian Spy?



Indian soldiers landing at Srinagar airfield during the 1947–1948 war.

Mathai said, "A man will arrive tomorrow at your office. He is carrying explosive revelations from Pakistan-administered Kashmir." Mathai further said that it was Nehru's own suggestion that Blitz should put the story on its front page, in the national interest.



G K Reddy.

#CROSSBORDER

● Iftikhar Gilani

This is a true story. G K Reddy: journalist, editor, and India's man inside Pakistan, who held ministerial meetings, drafted propaganda, but quietly fled in a military plane, switched identities, and handed secrets to Nehru.

It was a sultry afternoon in May 1948 when the telephone rang at the Weekly Blitz newsroom in Bombay. Editor R K Karanjia, the flamboyant voice of tabloid journalism, picked up. On the line was none other than M. O. Mathai, private secretary to India's first Prime Minister Jawaharlal Nehru.

Mathai had a question: "Is there room for a scoop in your next edition?" A scoop, from the PMO? Karanjia, ever the sensationalist, couldn't refuse.

Mathai said, "A man will arrive tomorrow at your office. He is carrying explosive revelations from Pakistan-administered Kashmir." Mathai further said that it was Nehru's own suggestion that Blitz should put the story on its front page, in the national interest.


The next morning, Karanjia found a lean young man in a white safari suit standing outside his cabin in the Blitz office with a briefcase in hand. He introduced himself as G K Reddy, who, till a few days ago, was Director of Information and Public Relations for the government of 'Azad Kashmir.'




Khan Bahadur Abdul Qayyum Khan.



Sardar Ibrahim.






Rustom Khurshedji Karanjia.

Some say that Reddy was more than a press officer. He could have been India's first deep-cover operative inside the Pakistani setup in Kashmir.

Born in 1923 in Nellore, Andhra Pradesh, Gopunatha Keshava Reddy was a Telugu journalist who had once edited the *Kashmir Times* (unrelated to this paper), launched in Srinagar in 1934 by Baldev Prasad Sharma and Pandit Gosha Lal Kaul. Documents suggest that it was later acquired by Bombay Congress leader Abdul Rehman Mitha, who made Reddy his private secretary in Kashmir.

By 1945, Reddy was reporting for the Associated Press of India (API), also from Srinagar and had close ties with Prime Minister Ram Chandra Kak. His Anti-National Conference stance and opposition to Sheikh Abdullah's Quit Kashmir movement solidified his friendship with Kak.

But as Kak's fortunes dwindled, he became a liability for the next Prime Ministers, Janak Singh and then Mehr Chand Mahajan, leading to his expulsion from the state on October 15, 1947. While leaving the state, Reddy and Mithai were arrested near the Domel post, accused of possessing seditionary material. Coinciding with this incident, in Srinagar, journalists Prem Nath Bazaz and Prem Nath Kanh were also jailed under similar accusations of conspiring at former premier Kak's behest.

The press, deeply factionalised even then, launched campaigns demanding Reddy and Mitha's permanent expulsion.

Disgraced and unemployed, Reddy approached API's Amritsar office to settle his dues. Manager Rai Bahadur Ratan Lal Sethi directed him to Lahore to meet liaison officer Zahid Umar. From there, things escalated.

The Srinagar, representative of API, was still working under the Lahore office. Sethi arranged a jeep for him to visit Lahore.

Reddy was welcomed by Mian Iftikharuddin, who introduced him to Governor Francis Mudie. Soon, Reddy was invited to become a Pakistani citizen and appointed Minister for Minority Affairs in a planned interim 'Azad Kashmir' government.

His Lahore office soon became the nerve centre of propaganda operations. One night, Reddy received a trunk call from Lt Col Alvi of the Pakistan Army's PR wing. Alvi warned of an imminent raid from Ramkot and instructed that no reports originate from Pakistan. Instead, Delhi should receive the news first, and then 'Azad Kashmir' would issue daily bulletins with Pulandri datelines.

From October 1947 onwards, Reddy found himself privy to war secrets. He was taken to Rawalpindi and introduced to Sardar Ibrahim Khan, the first President of Pakistan-administered Kashmir, who appointed him the first Director of Information. He took calls from Pakistani Army officers. He received intelligence about tribal raids and was tasked with drafting daily press bulletins for the 'Azad' government-press releases, timed for Pakistani radio, but carefully worded to appear homegrown.

What Reddy delivered to Blitz were not just exposés, they were state-level intelligence dumps. He revealed that the so-called General Tariq leading the tribal assault was actually Brigadier Russell Heath, an OSS officer (predecessor of the CIA) disguised as a tribal commander. These revelations, published by Blitz with photos and maps, were later tabled by V. K. Krishna Menon at the United Nations. But as per the memoirs of Akbar Khan, he conceded that he was himself General Tariq.

According to Karanjia, Blitz owed Nehru many scoops, 'but none more valuable than G. K. Reddy.'

His unique access to Pakistan's top brass made his coverage of the 1947-48 war unparalleled. Even former Union Minister Subbirami Reddy launched a book of his writings, quoting Karanjia's gratitude for the scoop.

Blitz would later publish these findings in sensational instalments, with photos and maps, which were eventually used by V K Krishna Menon at the United Nations to support India's case.

But espionage is a thankless business. Three months in, Pakistani intelligence began to suspect him. As per Reddy, a foreign correspondent had reportedly blown his cover. He was dismissed and denounced as a 'Hindu and Nehru agent' by Khawaja Abdul Rahim. Tribesmen were incited to kill him. Reddy escaped to Peshawar and confronted NWFP Premier Khan Abdul Qayyum, calling it 'a betrayal of the highest order.'

Qayyum assured him of safety under police protection. But the Pakistani establishment feared that Reddy might reveal everything to India. Meanwhile, Dr. Taseer and poet Hafeez Jalandhari replaced him in Pakistan-administered Kashmir's PR department, only to be dismissed a month later for incompetence.

Then came an ironic twist. During a visit to Abbottabad, Sardar Ibrahim encountered Reddy, who was also in town under police protection, accompanied by NWFP Premier Qayyum Khan. Upon seeing Reddy, Sardar Ibrahim urged Qayyum to persuade him to reassume his role as head of the Information Department for the Pakistan-administered Kashmir government. He expressed regret over the past incident and offered an apology. Reddy agreed in principle but requested to first travel to Karachi to meet Pakistan's key information officials, Altaf Hussain and Jawad on external PR strategy.

On May 18, 1948, Reddy boarded a Pakistan Air Force plane from Peshawar to Karachi, accompanied by Air Commodore Janjua. Upon landing, he went straight to the Air Services of India office on McLeod Road and learned of a flight to Jamnagar in two hours.

He booked a ticket under a false name to dodge Karachi police surveillance. On May 20, he landed in Bombay. From there, he proceeded to Delhi and was granted an immediate audience with Nehru.

There, he handed over a dossier detailing Pakistan's military involvement and US coordination. Blitz published the series in full.

Reddy passed away in 1987 after a long association with *The Hindu*. Veteran journalists in New Delhi still remember him and his professionalism.

Though largely forgotten, G.K. Reddy's reports shifted the narrative in global forums. Ironically, decades later, a social media post from Pakistan claimed that the 'Azad Kashmir' flag was designed by a Kashmiri Pandit named G K Reddy, a strange mix-up, since Reddy was not Kashmiri, nor a Pandit. The claim resurfaced recently when a senior journalist of the region, Syed Khalid Gardezi, cited a senior bureaucrat as its source.

Though Reddy was not a Kashmiri Pandit, his imprint on the symbolic and strategic machinery of 'Azad Kashmir' was undeniable.

He didn't just infiltrate a nascent state, he shaped its public messaging, diverted its war narrative, and then vanished with its secrets.

Did Reddy truly design the 'Azad Kashmir' flag? Was he a patriotic Indian risking his life behind enemy lines, or a manipulative opportunist playing both sides? What else did he smuggle back to Nehru's desk, and what remained untold? These are questions that history, for now, leaves unanswered. What is certain, though, is that the fog of war is not always made of gunpowder. Sometimes, it's made of press bulletins, secret calls, and forged identities. In the shadow world of propaganda and intelligence, G.K. Reddy was not just a messenger. He was the message.

rajeshsharma1049@gmail.com



V K Krishna Menon with Jawaharlal Nehru.




Flag of Azad Kashmir.

#CHERNOBYL

# Fungi That 'Eat' Radiation



## Life emerging, where nothing should be growing

In the early morning of April 26, 1986, Reactor No. 4 at the Chernobyl Nuclear Power Plant exploded, releasing more radiation into the atmosphere than both atomic bombs dropped during World War II combined. The surrounding area, including the nearby city of Pripyat, was evacuated, leaving behind a radioactive wasteland that scientists predicted would be lifeless for centuries. Yet, nearly four decades later, something unexpected is happening in this exclusion zone: nature is not just surviving, it's thriving.



Fungi absorbs radiation.

### The Paradox of Chernobyl's Wilderness

The 30-kilometer exclusion zone around Chernobyl was once thought to be permanently barren, a contaminated relic of nuclear catastrophe. But today, forests have reclaimed crumbling apartment blocks, deer roam freely through decaying schoolyards, and wolves, bison, lynxes, and even endangered Przewalski's horses are reestablishing themselves in this unlikely refuge. Trees and shrubs grow through the concrete bones of the ghost town, and fungi sprout in places still too radioactive for humans to linger.

This resurgence has left scientists and ecologists both fascinated and puzzled. How can life flourish in a place so hostile to human survival?

### Radiation and Resilience

The presence of wildlife and plant life in Chernobyl does not mean the zone is free from danger. Radiation levels in parts of the zone remain dangerously high, especially near the reactor and in the 'Red Forest,' where trees turned coppery red and died en masse after the explosion. Yet over time, many species have adapted to the presence of radiation in ways we still don't fully understand.


Some fungi in the zone have even developed the ability to 'eat' radiation, using it as a source of energy through a process similar to photosynthesis, a phenomenon known as radiotrophic growth. These fungi have been found growing on the walls of the damaged reactor itself.

Moreover, animals in the zone often show fewer signs of stress than their counterparts in human-dominated environments. Without cars, industry, agriculture, or urban development, nature has reclaimed its space, undisturbed by human hands.

### An Accidental Sanctuary


Ironically, the very event that made Chernobyl infamous may have transformed it into a de facto nature reserve. With no permanent human population, poaching and deforestation have nearly ceased. Species that are rare or declining elsewhere are finding refuge in Chernobyl's haunted landscape. This doesn't mean that radiation is harmless. Some animals exhibit genetic mutations, reduced fertility, and shortened lifespans. However, the population-level impacts often appear less severe than one might expect. The absence of humans may, in fact, outweigh the dangers posed by lingering radioactivity.

### Rewriting the Narrative of Disaster




Chernobyl has become a living laboratory for studying the long-term effects of radiation on ecosystems, as well as a powerful symbol of nature's resilience. It challenges our assumptions about environmental collapse and regeneration, offering a cautionary tale and a strange kind of hope: that life, under the right conditions, can endure even in the most contaminated places on Earth.

As researchers continue to study Chernobyl's evolving ecosystem, one thing becomes increasingly clear, where humans have stepped away, nature has begun to write its own script. In a place once considered irreparably broken, life is growing where nothing should be growing.



## THE WALL





## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# विपक्ष के पास जब मुद्दे समाप्त हो जाते हैं, तब वो झूठा नैरेटिव गढ़ने लगता है : शेखावत

## जोधपुर में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत मीडिया से रूबरू हुए

**जोधपुर, (कासं)।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कांग्रेस और अन्य विपक्षी पार्टियों पर निशाना साधते हुए कहा कि जब इनके पास मुद्दे समाप्त हो जाते हैं, तब इनके द्वारा झूठा नैरेटिव गढ़ने का प्रयास किया जाता है, ताकि खुद की प्रासंगिकता को बनाया रखा जा सके। शनिवार सुबह जोधपुर पहुंचे शेखावत ने मीडिया से बातचीत में कहा कि मालेगांव ही नहीं, चाहे संविधान बदलने की बात हो, चुनाव और आरक्षण समाप्त करने की बात हो, इनको लेकर भी विपक्ष लगातार झूठा नैरेटिव गढ़ते रहा। अब स्पेशल इंटेंसिव रिव्यू (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर भी इसी तरह के झूठे प्रचार किए जा रहे हैं, लेकिन देश की जनता कांग्रेस और विपक्ष का चरित्र जानती है। सत्य को छिपाया जा सकता है, लेकिन उसको मिटाया नहीं जा सकता है। मालेगांव मामले पर कोर्ट के फैसले के बाद एक फिर इनके झूठे नैरेटिव का चेहरा बेनकाब हुआ है, और सत्य विजयी हुआ है।

- **अमेरिका द्वारा टैरिफ बढ़ाए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था अपेक्षाकृत सुरक्षित है, क्योंकि भारत का प्रमुख निर्यात सेवा क्षेत्र से संबंधित है**

भगवान बुद्ध की अस्थियों के भारत वापस आने के सवाल पर केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री शेखावत ने कहा कि 127 साल बाद ये अस्थियां भारत वापस लाई गईं हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत सरकार इस प्रयास में सफल हुई है। भगवान बुद्ध के परिनिर्वाण के बाद उनकी अस्थियां आठ हिस्सों में बांटी गई थीं, जिनमें एक हिस्सा कपिलवस्तु के पीपरवाह में उनके शक्य वंशजों द्वारा एक पत्थर के बक्से में रखा गया था। यह बक्सा वर्ष 1898 में अंग्रेजों द्वारा की गई खुदाई में मिला था, लेकिन तब अंग्रेज इस धरोहर को अपने साथ इंग्लैंड ले गए और खोजकर्ता विलियम प्रेपे को सौंप दिया गया।

शेखावत ने बताया कि यह संपदा बाद में अमेरिका चली गई, जहां अप्रैल में इसके नीलामी की खबर सामने आई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में भारत सरकार ने तत्काल हस्तक्षेप कर नीलामी को रुकवाया और यह स्पष्ट किया कि भारत इसे अधिग्रहित करना चाहता है। इसके बाद, ऐतिहासिक कदम उठाते हुए यह अमूल्य धरोहर भारत वापस लाई गई। शेखावत ने इसे भारत की सांस्कृतिक विरासत के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण बताया और कहा कि यह पहल भविष्य में अन्य धरोहरों की वापसी के लिए एक मिसाल बनेगी।

अमेरिका द्वारा टैरिफ बढ़ाए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि भारत की अर्थव्यवस्था अपेक्षाकृत सुरक्षित है, क्योंकि भारत का प्रमुख निर्यात सेवा क्षेत्र से संबंधित है। उन्होंने कहा कि भारत गुणवत्ता सुधार और लागत घटाकर वैश्विक प्रतिस्पर्धा में टिक सकता है। उन्होंने यह भी विश्वास जताया कि भारत आने वाले दो वर्षों में विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। साथ ही, उन्होंने किसानों के लिए फूड प्रोसेसिंग सेक्टर में नए अवसरों के खुलने की बात भी कही। इस अवसर पर जोधपुर स्थित काजरी में किसान समारोह का आयोजन किया गया। किसान समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने संबोधित किया।

जिला कृषि विभाग के अनुसार, जोधपुर जिले के 2 लाख 61 हजार 617 किसानों के बैंक खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किश्त के रूप में 52 करोड़ 32 लाख 34 हजार रुपए की राशि जमा की गई है। इस अवसर पर विधायक जोधपुर शहर अतुल भंसाली, विधायक सूरसागर देवेन्द्र जोशी, जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष कुमार मिश्रा, काजरी निदेशक सुमंत व्यास, राजेन्द्र पालीवाल, त्रिभुवन सिंह भाटी, ज्योति जाणी सहित जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी तथा बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे।

# फर्जी बीमा क्लैम उठाने के लालच में पति ने पत्नी की हत्या की

- **हत्या को सड़क दुर्घटना का रूप दिया, आरोपी पति को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है**

**ब्यावर, (निसं)।** थानाधिकारी बिजयनगर मय टीम ने पत्नी की हत्या के मामले में पुलिस रिमांड पर चल रहे आरोपी पति ने पुलिस द्वारा किये गये गहन अनुसंधान से फर्जी बीमा क्लैम उठाने के लालच में अपनी पत्नि की हत्या करना स्वीकार किया।

गौरतलब है कि 25 जुलाई को कजोड़ प्रजापत ने एक लिखित रिपोर्ट पोस्टमार्टम कार्रवाई के चलते पेश की कि मेरी लड़की ज्ञाना देवी की शादी 19 साल पहले ग्राम हनुतिया निवासी सांवरलाल प्रजापत के साथ की थी। 24 जुलाई को शाम के समय दोनों अपने खेत पर जानवरों के लिए चारा लेने के लिए गये थे तो दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई, जिस पर सांवरलाल ने मेरी पुत्री के सिर पर मारी, जिससे गहरी चोटें आने से उसके सिर से खून निकलने लग गया, जिसको सांवरलाल मौके पर छोड़कर अपने घर भाग गया तथा थोड़ी देर बाद आकर उसने लाश को उठाकर सड़क के किनारे डालकर सड़क दुर्घटना का रुप देना चाहा।

जिस पर प्रकरण दर्ज किया जाकर घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना स्तर पर एक विशेष टीम का गठन किया जाकर टीम द्वारा घटना स्थल के आसपास के लोगों से पूछताछ व आसूचना संकलन के आधार पर आरोपी पति चारभुजा मंदिर के पास हनुतिया निवासी सांवर लाल पुत्र कुन्दनमल, कुम्हार को 26 जुलाई को गिरफ्तार किया जाकर रिमांड पर रखा है। जिससे पुलिस टीम द्वारा पूछताछ करने पर आरोपी पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर लाश को सड़क किनारे डाल कर सड़क दुर्घटना का रूप देकर बीमा कम्पनी से फर्जी क्लैम उठाने के लालय में हत्या करना स्वीकार किया।

## चैन स्नैचिंग का आरोपी बापर्दा गिरफ्तार

**ब्यावर, (निसं)।** थानाधिकारी ब्यावर सिटी मय टीम द्वारा चैन स्नैचिंग की वारदात का खुलासा करते हुए एक आरोपी को बापर्दा गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से चैन स्नैचिंग किया गया सोने का लॉकेट बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार दो जुलाई को मन्जू निवासी बडी पोल गालाजी का बाडिया ने थाना में शिकायत की कि वो शाम के 5.50 मिनट पर टेम्पो में बैठकर घर जा रही थी। तब दो लड़के मेरे गले से सोने का लॉकेट छीनकर भाग गये, जिस पर प्रकरण दर्ज किया जाकर थाना स्तर पर एक विशेष टीम का गठन किया जाकर टीम द्वारा प्रयास शुरू किये।

टीम ने एक संदिग्ध को डिटेन कर पूछताछ करने पर आरोपी नया रेलवे स्टेशन के सामने कच्ची बस्ती बीडा पुलिस थाना गिरवा उदयपुर हाल निवासी फतेहपुरिया दौयम निवासी अरूण वागरी पुत्र गोपाल वागरी, गुजराती द्वारा नशे की लत की पूर्ति करने के लिए घटना करना स्वीकार किया गया। जिस पर आरोपी को गिरफ्तार किया जाकर आरोपी के कब्जे से चैन स्नैचिंग किया गया सोने का लॉकेट बरामद किया।

# आदिवासियों के विकास के लिए राज्य सरकार कटिबद्ध : मुख्यमंत्री भजनलाल

**बांसवाड़ा/जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम के तहत पीएम-किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी की। इस कार्यक्रम से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा बांसवाड़ा के कॉलेज ग्राउंड में प्रधानमंत्री किसान उत्सव दिवस पर आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े।

- **'वागड़ क्षेत्र के विकास के लिए राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण कदम उठाए'**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कृषक कल्याण और ग्रामीण विकास की नई कहानी लिखी जा रही है। उन्होंने किसान भाइयों के खातों में पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त की सौगात दी है। इसी कड़ी में राजस्थान के 76 लाख से अधिक किसानों के खातों में 1 हजार 600 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की गई है। शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पीएम-किसान सम्मान निधि योजना शुरू कर लघु एवं सीमांत किसानों की जिंदगी बदलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए ऑनलाइन व्यापार की व्यवस्था ई-नाम शुरू की है। लागत पर कम से कम 50 प्रतिशत मुनाफा जोड़कर न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को सरल बनाकर इसका विस्तार किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकास को सर्वांगीण, सर्वव्यापी और सर्व-समावेशी बनाते हुए जनजातीय समाज के उत्थान का बीड़ा उठाया है। इस समुदाय के लोगों के सामाजिक-आर्थिक विकास हेतु धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान शुरू किया गया है। जिससे देश की पांच करोड़ से अधिक जनजातीय आबादी लाभान्वित होगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने बिरसा मुंडा के जन्मदिवस 'जनजातीय गौरव दिवस' पर कमजोर जनजातीय समूहों के समग्र विकास हेतु प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान (पीएम जनमन) की शुरुआत की। जिसमें प्रदेश के जनजाति बहुल गांवों में आधारभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसान और आदिवासी हमारे समाज के मजबूत स्तंभ हैं। वर्ष 2047 तक विकसित राजस्थान का जो संकल्प लिया है, वह संकल्प तभी साकार होगा, जब गांव समृद्ध होंगे, किसान खुशहाल होगा और हर जनजातीय परिवार को सम्मान, सुविधा और अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि वागड़ क्षेत्र के विकास के लिए भी राज्य सरकार ने विभिन्न महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

जनजाति क्षेत्रीय विकास एवं जिला प्रभारी मंत्री बाबूलाल खराड़ी, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत, सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

सीएम भजनलाल शर्मा ने राज्य स्तरीय समारोह में कृषि विभाग की पॉलीहाउस, सौर ऊर्जा पंप संयंत्र, गोवर्धन जैविक उर्वरक योजना, तारबंदी और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत लाभार्थी किसानों को अनुदान राशि के प्रतीकात्मक चेक वितरित किए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत 28 हजार से अधिक लाभान्वितों को 137 करोड़ रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की। साथ ही, उन्होंने इस योजना के लाभार्थियों को घर की प्रतीकात्मक चाबी भी सौंपी। इस अवसर पर विधायक कैलाश मीना, शंकर लाल डेचा, जिला प्रमुख रेशम मालवीया सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# फर्जी टीसी से नौकरी पाई, आरोपी दोषी करार

- **दस साल बाद आया फैसला, तीन साल की सजा सुनाई**
- **अदालत ने आरोपी पर कुल दस हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है**

**अनूपगढ़, (निसं)।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में फर्जी प्रमाण पत्र से नौकरी हासिल करने के मामले में न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार दिया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट सुरेश कुमार बुरड़क की अदालत ने करणीसर निवासी ओमप्रकाश पुत्र पोखरराम को दोषी मानते हुए अलग-अलग धराओं में तीन-तीन साल की साधारण कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर कुल दस हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। सजा के रूप में लगाए गए तीनों कारावास साथ-साथ चलेंगे। अर्थदंड अदा नहीं करने की स्थिति में उसे एक-एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

अभियोजन अधिकारी कृष्णपाल भाटी के अनुसार यह मामला वर्ष 2014 में शुरू हुआ था। चक 4 एसजेएम के निवासी जसवीर सिंह ने अदालत में परिवाद प्रस्तुत किया था। उन्होंने बताया कि ओमप्रकाश ने सरकारी नौकरी पाने के लिए राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल थान्देवाला की एक फर्जी टीसी का उपयोग किया है। यह फर्जी टीसी जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग अनूपगढ़ में नौकरी लगने के समय प्रस्तुत की गई थी। परिवादी ने सूचना के अधिकार के तहत संबंधित विद्यालय से जानकारी ली। इससे पता चला कि जिस प्रवेश संख्या का उल्लेख टीसी में किया गया था, वह किसी रामलाल नामक छात्र की थी।

ओमप्रकाश का उस स्कूल के रिकॉर्ड में कोई नाम नहीं था। साथ ही जिस प्रधानाध्यापक के हस्ताक्षर उस टीसी पर थे, वह कई साल पहले ही उस स्कूल से सेवानिवृत्त हो चुके थे। इन तथ्यों के सामने आने के बाद अदालत ने 5 अप्रैल 2014 को मामला पुलिस थाना रामसिंहपुर को भेजा। पुलिस ने जांच पूरी कर 2 जनवरी 2015 को चालान अदालत में पेश किया।

**अवैध शराब जब्त :** -उदयपुर शहर के हिरणमगरी थाना पुलिस ने अवैध शराब रखने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिनसे पूछताछ जारी है।

जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा, पुलिस उप अधीक्षक छगन पुरोहित के सुपरविजन में हिरणमगरी थानाधिकारी भरत योगी के नेतृत्व में गठित दल ने कार्यवाही करतेहुए महेन्द्रसिंह पुत्र नारायणसिंह निवासी आमोड़ फलासिया, हरीश कुमार पुत्र धनराज निवासी फाडकिया मासिंगपुरा वाघपुरा को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से अवैध छह कर्टन शराब जब्त कर प्रकरण दर्ज किया।

## शादी का झांसा देकर नकदी हड़पी

**उदयपुर, (निसं)।** शादी का झांसा देकर पीड़ित से नकदी हड़पने वाले के खिलाफ पानरवा थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। प्रकरण के अनुसार पीड़ित महेश कुमार पुत्र रमणभाई चव्हाण निवासी रमोध तहसील धनसुरा अरवली गुजरात ने आरोपी विक्रम पुत्र शिवसी राठौड़ निवासी अजोदिया मेहसाणा गांधीनगर गुजरात व बाबूलाल पुत्र लादूराम खोखरिया निवासी झेर व अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज करवाया। पीड़ित ने बताया कि विक्रम के कहने पर 20 जून को मैं झेर गांव आया, जहां उसने मुझे बाबूलाल से मिलवाया। इस पर उसने झेर गांव निवासी विमला पुत्री चुन्नीलाल डबी से विवाह कराने की बात कही तथा इसके लिए 1 लाख 50 हजार रूपये मांगे। इस पर मैने आरोपी को भुगतान किया। इसके बाद न तो मेरी शादी तय हुई न मुझे नकदी वापस लौटाई। बाबूलाल हर पंचायत चुनाव में सरपंच प्रतिनिधी के लिए चुनाव लड़ता आया है जिसमें पराजित होता आया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की।

# मोबाइल और नगदी लूट का आरोपी गिरफ्तार

**डूंगरपुर, (निसं)।** कुंआ थाना पुलिस ने लूटपाट के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर आरोपी तक पहुंची। वहीं, लूटा गया माल भी बरामद कर लिया है।

कुंआ थानाधिकारी ने बताया कि 28 जुलाई को थावरचंद ने मामला दर्ज कराया था। रिपोर्ट में बताया कि वह गुजरात के लुणावाडा में मजदूरी करता है। 24 जुलाई को थावरचंद अपने रिश्तेदार और भाई के साथ बाइक पर लुणावाडा से रवाना हुआ था। वे रात करीब 12 बजे पौनघाटी खोखरवा के पास पहुंचे, तब एक बाइक पर सवार चार लोगों ने उन्हें रोक लिया। आरोपियों ने थावरचंद की जेब से एंड्रॉइड फोन और पेंट की जेब से 10 हजार रुपए निकाल लिये और फरार हो गए। बाइक नंबर के आधार पर जांच के दौरान पुलिस ने तीन बाल अपचारियों को हिरासत में लिया। पूछताछ में उन्होंने वारदात करना स्वीकार किया। घटना में प्रयुक्त बाइक को जब्त कर लिया गया और लूटा गया मोबाइल भी बरामद किया गया। तीनों बाल अपचारियों को किशोर न्याय बोर्ड डूंगरपुर में पेश किया गया। इस घटना में शामिल चौथा आरोपी प्रवीण पुत्र हुरमा रोत निवासी पारडा दरियाटी फरार था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उसे पारडा दरियाटी से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की सूचना पर लूटे गए रुपए भी बरामद कर लिए गए हैं।

# हादसे में बुजुर्ग दम्पती की दर्दनाक मौत

- **गांव बोराज में रात को पाटोर के गिर जाने से हादसा हुआ**

**भरतपुर, (निसं)।** मानसूनी बारिश के चलते मकान के गिरने की खबरें सामने आ रही है। ऐसा ही एक मामला भरतपुर जिले के भुसावर उपखंड में आया है। भुसावर उपखंड के खेड़ली मोड़ थाने के गांव बोराज में रात को अचानक एक पाटोर के गिर जाने से उसके अंदर सो रहे बुजुर्ग दंपती गंभीर रुप से घायल हो गए, जिनको तत्काल उनके परिजन उपचार के लिए भुसावर के सरकारी अस्पताल ले गए, जहां पर अस्पताल में बुजुर्ग दंपती को चिकित्सकों ने जांच पड़ताल के बाद मृत घोषित कर दिया।

मृतक के पुत्र ने बताया कि उनके पिता 80 वर्ष टुंडाराम मीणा एवं माता जग्गू देवी अंदर सोए थे। अचानक से पाटोर भर भरभराकर गिर गई। पाटौर के गिरने की आवाज से आसपास के पड़ोसी तुरंत घटना स्थल पर पहुंचे। नीचे दबे बुजुर्ग दंपती को बाहर निकालकर भुसावर के अस्पताल में उपचार के लिए परिजन ले गए, जहां पर चिकित्सकों ने घायल दंपती को मृत घोषित कर दिया। खेड़ली मोड़ थाना प्रभारी बलराम ने बताया कि सूचना मिली मिलते ही घटना स्थल कर पहुंचे। उसके बाद मृतक दंपती के शवों को भुसावर अस्पताल की मोर्चरी रखवाया, जहां पर शवों का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया।



**भीलवाड़ा : इस सीजन में पहली बार 14 फीट लम्बा अजगर सामने आया है। इसका पता भी तब चला जब अजगर ने गुरला के पार्वतीपुरा गांव में एक बकरी को शिकार बना लिया। इसको देखकर ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। इसकी सूचना गणेश गुर्जर ने वन विभाग को दी। वन विभाग की टीम और वाइल्ड लाइफ रेस्क्यूर कुलदीप सिंह मौके पर पहुंचे। पहले बकरी को अजगर की जकड़ से निजात दिलाई। फिर अजगर को पकड़कर जंगल में छोड़ा। रेस्क्यू टीम में चंद्रपालसिंह राणावत, रूपेंद्र सिंह पंवार, नारायण भदाला आदि शामिल रहे।**

# अजमेर : तारागढ़ क्षेत्र की वन भूमि पर किए अतिक्रमण को हटाया

**अजमेर, (कासं)।** तारागढ़ क्षेत्र की वन भूमि पर किए गए अतिक्रमण को शनिवार को प्रशासन ने शांतिपूर्वक तरीके से हटाने की कार्रवाई की। जिला कलेक्टर लोक बंधु ने बताया कि तारागढ़ वन भूमि पर किए गए अतिक्रमण की जांच करने पर 268 दुकानों का अतिक्रमण पाया गया था। उनके चिह्निकरण की कार्रवाई की गई। न्यायालय के आदेश अनुसार स्थगन आदेश प्राप्त दुकानों के अतिरिक्त अन्य समस्त अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शनिवार को की गई। समस्त चिह्नित अतिक्रमण को हटा दिया गया। कुछ दुकानों को सीज़ भी किया गया। यह कार्रवाई शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न हुई।

- **अतिक्रमण की जांच करने पर 268 दुकानों का अतिक्रमण पाया गया था**



**अजमेर में तारागढ़ क्षेत्र की वन भूमि पर किए गए अतिक्रमण को प्रशासन ने शांतिपूर्वक तरीके से हटाया।**

उन्होंने बताया कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के लिए सम्पूर्ण क्षेत्र को 6 सेक्टर में विभाजित किया गया। प्रत्येक सेक्टर के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट की जिम्मेदारी तय की गई। इसमें वन विभाग, पुलिस तथा अन्य विभागों ने अपनी सहभागिता निभाई। निर्धारित रास्तों पर तीन-तीन कुल 6 सेक्टर बनाकर कार्य विभाजन किया गया। इससे पूर्व प्रशासन द्वारा समझाइए तथा मुनादी करवाई गई। इससे अधिकतर अतिक्रमियों द्वारा दुकानें खाली कर ली गई थी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं वरिष्ठ वन विभाग के अधिकारियों के लिए सेक्टर अनुसार अतिक्रमण निरोधक दल गठित किए गए। बेदखली की कार्रवाई सुबह 6.30 बजे से ही आरंभ की गई। यह कार्रवाई शाम पांच बजे तक चली। उन्होंने बताया कि न्यायालय द्वारा गत 30 मई को बेदखली का आदेश देने के साथ ही प्रशासन द्वारा विभिन्न स्तरों पर कार्रवाई आरंभ की गई। प्रशासन, पुलिस एवं वन विभाग के स्तर पर बेदखली की तैयारी की गई। साथ ही अतिक्रमियों के साथ समझाइश करने का क्रम भी जारी रहा। इससे अतिक्रमियों ने दुकानों में से सामान समेटना आरंभ कर दिया। बेदखली की कार्रवाई करने तक अधिकतर दुकानों से सामान हटा लिया गया था। इससे कार्रवाई आसानी से हुई। इस दौरान मुख्य वन संरक्षक श्वेता माथुर, पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा, प्रशिक्षु आईएएस डॉ. नेहा राजपूत, उपवन संरक्षक वीरेंद्र सिंह जोरा सहित प्रशासन, पुलिस तथा वन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

# मेवाड़ में बारिश का दौर थमा, जलाशयों में पानी की आवक कम हुई

**उदयपुर, (निसं)।** मेवाड़ में उदयपुर शहर सहित अधिकांश भागों में मानसूनी बारिश का क्रम टूटने के साथ ही जलाशयों में हो रही पानी की आवक भी थम सी गयी है। उदयपुर शहर की झीलों पर भी इसका असर देखने को मिल रहा है।

कैचमेंट में इन दिनों तेज बारिश नहीं होने से सीसारमा नदी से पीछोला झील में हो रही पानी की आवक अब बहुत कम हो गई है। सीसारमा नदी में वर्तमान में सिर्फ दो फीट का बहाव है। फतहसागर में अभी भी मदार के दोनों तालाब से तेजी से पानी की आवक का इंतजार बना हुआ है। फतहसागर का जलस्तर 13 फीट के मुकाबले 10 फीट 4 इंच है। मदार छोटा तालाब लबालब हो चुका है, लेकिन उस पर अभी तक तेज चादर नहीं चली है। पिछले दिनों मदार छोटा तालाब की पाल से धीमी रफ्तार से पानी गिरना जरूर शुरू हुआ था।

इधर 24 फीट भराव स्तर वाला मदार बड़ा तालाब अभी भी करीब एक फीट खाली है। मदार के दोनों तालाबों पर तेज चादर चलने पर ही फतहसागर का झरना देखने का सपना पूरा हो पाएगा। बड़ी तालाब का जलस्तर अभी करीब 26 फीट ही हुआ है। इसको ओवरफ्लो होने के लिए भी अभी काफी पानी की जरूरत है। देवास प्रथम बांध, मानसी वाकल बांध और मादडी बांध के जलस्तर में बढ़ोतरी भी रूक गई है। आकोदडा बांध में हल्की आवक बनी हुई है। बारिश का क्रम टूटने से जल संसाधन विभाग ने स्वरूपसागर के गेट बंद कर दिए हैं। इससे आयड नदी होते हुए उदयसागर में हो रही आवक बंद होने से उदयसागर के दोनों गेट भी बंद कर दिए गए हैं। उदयसागर का जलस्तर 24 फीट के मुकाबले 21 फीट 5 इंच है। उदयसागर के गेट बंद होने से बेडच नदी से वल्लभनगर बांध में हो रही आवक भी बंद हो गई है। वल्लभनगर बांध का जलस्तर 19.50 फीट के मुकाबले 11 फीट 5 इंच हुआ है। इसको छलकने के लिए अभी काफी पानी की जरूरत है।

जल संसाधन विभाग के अनुसार इस सीजन में उदयपुर शहर में अब तक कुल 219 मिलीमीटर बारिश ही हुई है। मदार में 209, नाई 267, उदयसागर 374, वल्लभनगर 458, देवास प्रथम 376, गोगुंदा 524, झाडोल 435, कोटडा 411, बागोलिया 328 और ओगणा में इस सीजन में अब तक कुल 425 मिलीमीटर बारिश हुई है।

# बाइक चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**सरवाड़, (निसं)।** शहर पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं उनके कब्जे से एक चोरी की हुई मोटरसाइकिल बरामद की है।

थानाधिकारी जगदीश प्रसाद चौधरी ने बताया कि गत 16 फरवरी को रामसर थाना नसीराबाद सदर निवासी मोहम्मद हस्सान पुत्र जुल्फिकार अली ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 8 फरवरी को वह और उसका भाई सरवाड़ दरगाह शरीफ आए थे। उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल ख्वाजा फखरुद्दीन चिश्ती होटल के बाहर खड़ी की और खाना खाने चले गए। जब वे वापस लौटे तो मोटरसाइकिल गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। वहीं मामले में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए एक विशेष टीम का गठन कर आरोपियों की तलाश शुरु की गई। टीम ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तकनीकी व वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाए एवं मुखबिरों से जानकारी इकट्ठा की। गहन जांच के बाद पुलिस ने अजबा का बाडिया थाना नसीराबाद सदर निवासी मोईन पठान (33) पुत्र मोहम्मद रमजान व सद्दाम पठान (27) पुत्र अनवर खान को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

**कार चोरी का मामला दर्ज :** उदयपुर शहर के गोवर्धन विलास एवं हिरणमगरी क्षेत्र से चोर कार चुरा ले गए। गोवर्धन विलास थाना पुलिस ने ज्योति देवी पत्नी कारण कुमार साहू की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ 25 जुलाई को मेलडी माता मंदिर से कार चुरा ले जाने का प्रकरण दर्ज किया।

# विधायक पटेल ने पॉलीथीन मुक्त ग्राम अभियान पोस्टर का विमोचन किया



पॉलीथीन मुक्त ग्राम अभियान का विधायक हंसराज पटेल ने पोस्टर विमोचन किया।

**'गांव देहात पॉलीथीन व प्लास्टिक मुक्त होगें तो पशुपालन व कृषि कार्यों में आसानी होगी'**

**कोटपूतली।** राजस्थान पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ के तत्वाधान में प्रदेश भर में शुरू किये गये पॉलीथीन मुक्त ग्राम अभियान का विधायक हंसराज पटेल ने पोस्टर विमोचन कर कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में आगाज किया। पटेल ने कहा कि गांव देहात पॉलीथीन व प्लास्टिक मुक्त बनेगें तो पशुपालन व कृषि में किसानों को बेहद लाभ होगा। साथ ही इससे पशुधन व पर्यावरण का संरक्षण भी होगा। इस मौके पर संघ के प्रदेश मंत्री बुधराम कसाना व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दिनेश शर्मा समेत जिला उपाध्यक्ष बृजेश वशिष्ठ, रोशन लाल गुर्जर, कैलाश चंद, चुन्नीलाल, अशोक गुर्जर, महेश, हंसराज मुक्कड, शैलेन्द्र शर्मा, मोतीलाल सोनी, सीताराम यादव, शेरसिंह यादव, तेजपाल यादव, विजेन्द्र खड़िया, ओमप्रकाश व कमलेश चाहर आदि कार्मिकों ने विधायक पटेल का चांदी का मुकुट पहनाकर एवं माल्यार्पण कर अभिनंदन भी किया।

पॉलीथीन से क्या है नुकसान - पॉलीथीन खाने से पशुधन की अकाल मृत्यु हो जाती है। जिससे कृषकों व पशुपालकों को आर्थिक हानि होती है। सार्वजनिक व खुले स्थानों के साथ जल निकास के रास्ते अवरूद्ध हो जाते है। रास्तों में गंदगी होती है एवं किचड़ उत्पन्न हो जाता है। जिससे बीमारियां भी फैलती है।

## भरतपुर में हादसे में चालक की मौत

**भरतपुर** (निस)। आगरा जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सेवला मोड के समीप शनिवार तड़के करीब तीन बजे ट्रेलर की चपेट से पिकअप चालक की मौके पर ही मौत हो गई। डहरामोड चौकी पुलिस ने मौके पर जांच पडताल करते हुए शव को कब्जे में लिया।

बाद में पुलिस ने परिजनों को सूचना देते हुये जिला चिकित्सालय के मुर्दाघर में शव का पोस्टमार्टम कराया विभागीय सूत्रों की मानें तो रतलाम पिलगांव थाना क्षेत्र के गांव गुज्जरपाडा निवासी जीतेन्द्र भील पुत्र गुड्डू भील अपने चचेरे भाई नीलेश पुत्र बाबलूलाल भील के साथ पिकअप गाडी में सब्जी लेकर भरतपुर मंडी जा रहा।

इसी दौरान राजमार्ग पर सेवला मोड के समीप गाडी का टायर पंक्चर हो गया। गाडी सडक किनारे खडी करते हुए चालक जीतेन्द्र भील, पिकअप गाडी का टायर बदलने लगा। इसी दौरान ट्रेलर ने सडक किनारे खडी पिकअप गाडी में टक्कर मार दी। जिसके चलते टायर बदल रहे पिकअप चालक की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे की सूचना पर डहरामोड चौकी पुलिस ने मौके पर जांच पडताल की। बाद में पुलिस ने जिला चिकित्सालय में पिकअप चालक के शव का पोस्टमार्टम कराया। उधर, हादसे के बाद ट्रेलर चालक मौके से फरार हो गया। हालांकि, इस संदर्भ में समाचार लिखे जाने तक पुलिस में मामला दर्ज नहीं हुआ।

## चोरी गया घरेलू सामान बरामद

**कोटपूतली।** स्थानीय थाना पुलिस ने दिन के समय में एक सुने मकान में चोरी की वारदात को अन्जाम देने वाले विधि से संघर्षरत नाबालिग बालक को निरूद्ध किया है। एसएचओ राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुये बताया कि इस सम्बंध में परिवादी ने रिपोर्ट दर्ज करवाया था कि विगत 20 जुलाई की शाम करीब 06 बजे ग्राम खेडकी वीरभान स्थित अपने मकान की देखभाल के लिये गया था। मकान के पीछे के दरवाजे का ताला टुटा हुआ था। जब घर का सामान चेक किया तो घरेलू सामान व कपडे इधर उधर पडे हुये थे एवं कमरे का सामान चेक किया तो उसमें रखे लोहे के बक्से में से सोने की दो लेडिज व दो पुरूष अंगुठी, दो चांदी की चौन, दो चांदी की पायजेब जोडी, चांदी के कडे, चांदी के 07 सिक्के, घर में लगा पंखा, कूलर में लगी मोटर, पानी के नल व बिजली फिटिंग का सामान व लोहे की कॉलम की 150 रिंग आदि अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ली गई थी। इस सम्बंध में थाना पुलिस ने विषेष टीम का गठन करते हुये सीसीटीवी फुटेज की तकनीकी सहायता से वारदात को अन्जाम देने वाले विधि से संघर्षरत नाबालिग बालक को निरूद्ध करते हुये उक्त मकान से चोरी किया गया घरेलू सामान बरामद किया है।

# नाबालिग बालिका से दुष्कर्म का आरोपी निरुद्ध

**करौली** (निसं.) करौली पुलिस ने कार्यवाही करते हुए मात्र 4 घंटे के अंदर एक नाबालिक बालिका से दुष्कर्म के आरोपी को निरुद्ध कर न्यायालय में पेश कर दिया।

जिला पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल ने एसपी कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि गत 31 जुलाई की रात्रि को लागरा थाना अधिकारी वासुदेव बसवाल को सूचना प्राप्त हुई की लागरा थाना अंतर्गत एक गांव की 9 साल की बालिका के साथ बलात्कार की घटना हुई है एवं बालिका गंभीर हालत में करौली जिला अस्पताल के शिशु वार्ड में भर्ती है।

उन्होंने बताया कि अपराध की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुमनाराम, पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम, महिला थाना अधिकारी रुक्मणी अस्पताल पहुंचे एवं बालिका के परिजनों से मिलकर हालात की जानकारी प्राप्त की उन्होंने बताया कि स्वयं सहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक साइबर थाना एवं सदर थाना अधिकारी भी अस्पताल पहुंचे घटना की गंभीरता को देखते हुए तीन अलग-अलग टीमें बनाई गई एक टीम को अस्पताल में व दो अन्य टीमों को फील्ड में आरोपी की तलाश हेतु रवाना किया गया उन्होंने बताया कि शुक्रवार को प्रातः थाना क्षेत्र की एक परिवादीया ने महिला थाना पुलिस को रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि 31 जुलाई को शाम 7:00 बजे के करीब मेरी नाबालिक बच्ची मेरी पड़ोसन के घर सब्जी देने गई तो रास्ते में गांव के एक लड़के ने मेरी बच्ची के साथ दुष्कर्म कर दिया और उसके साथ मारपीट की जिस पर पोक्सो एक्ट में मामला दर्ज कर पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम द्वारा जांच शुरू कर दी मामले को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक लोकेश सोनवाल भी घटनास्थल पर पहुंचे जहां एफएसएल की टीम आदि से जांच कराई गई।

पीड़ित बालिका द्वारा आरोपी के बताए गए हुलिया के आधार पर उसकी पहचान कर उसे निरुद्ध कर लिया गया उन्होंने बताया कि आरोपी को न्यायालय में पेश कर बाल संप्रेषण गृह भेज दिया है।

## रामचरण महाराज के दर्शन

**टोंक।** अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा टोंक के अध्यक्ष प्रत्याशी रवि प्रकाश विजयवर्गीय ने ग्राम सोडा में समर्थको के साथ पहुंचकर महाराज रामचरण के प्रकट स्थल एवं गद्दी के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

**आम सूचना** सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या राजन्ती लोधा पुत्री श्री रामकिशोर लोधा, निवासी ग्राम जयसिंहपुरा, तहसील चाकसू, जिला जयपुर का पिता श्री रामकिशोर लोधा पुत्र श्री ईसरा वर्ष 1990 से घर से गायब है जिसका आज तक कोई सुराग नहीं लगा है, यदि किसी को भी रामकिशोर लोधा के जीवित होने या उसकी मृत्यु हो जाने की जानकारी हो तो मेरी अभिभाष्या को या मुझे अधोहस्ताक्षरकर्ता को सूचना देने का कष्ट करें।
जयपुर विजय कुमार शर्मा (एडवोकेट)
दिनांक-2.8.2025 मो. 9414056533

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित हो कि मैं रियाज अली बफाती मनिहार ने प्लाट नम्बर 51 व प्लाट नम्बर 51-ए, उद्योग नगर योजना, हवाली शहर, जयपुर को मोहम्मद वैश अली पुत्र मोहम्मद साबिर अली निवासी-मकान नम्बर 2-ए, संजय नगर, 200 फीट रोड, झोटवाड़ा, जयपुर से क्रय करने का लिखित इकरार कर रखा है, इसलिए कोई व्यक्ति, संस्था उक्त दोनों प्लाट के संबंध में कोई भी संव्यवहार नहीं करें, अन्यथा ऐसा संव्यवहार अवैध व मेरे अधिकारों के विरूद्ध शून्य, प्रभावहीन, निरस्तनीय होगा एवं मेरे द्वारा उसके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की जावेगी।
दिनांक-02.08.2025 (रियाज अली बफाती मनिहार) पुत्र बफाती मनिहार निवासी-3घ 43 हाउसिंग बोर्ड, शास्त्री नगर जयपुर। मोबाईल नम्बर-9987745145

**आम सूचना** सर्व साधारण को यह सूचित किया जाता है कि मेरी अभिभाष्या श्रीमती रागेश्वरी राणावत पत्नी स्वर्गीय श्री चेन सिंह नरूका, निवासी 69, ओडवाड़िया हाउस, गणेश घाटी, उदयपुर राजस्थान के स्वर्गीय पति चेन सिंह के नाम से स्थित निम्नलिखित सम्पत्तियाँ है-
1. मकान नम्बर 17 कैलाशपुरी, दुर्गापुरा, टोंक रोड, जयपुर
2. शॉप नम्बर 408 व 409 एयरपोर्ट प्लाजा, टोंक रोड, जयपुर
3. प्लॉट नम्बर 95 व 96 बालाजी विहार, 16जी ब्लॉक, सांगानेर, वाटिका रोड, जयपुर
उपरोक्त सम्पत्तियों पर माननीय न्यायालय ए.सी.जे.एम. क्रम संख्या 1 उदयपुर द्वारा कुर्की के आदेश जारी किये गये है। अतः यदि उपरोक्त सम्पत्तियों को किसी भी व्यक्ति को बेचा गया हो, ट्रांसफर किया गया हो या किसी भी प्रकार से लोन पर दिया गया हो, तो इसका मेरी अभिभाष्या श्रीमती रागेश्वरी राणावत से किसी प्रकार का कोई लेना देना व सम्बन्ध नहीं है। सूचित रहे।
जयपुर (हेमन्द्र सिंह राणावत) एडवोकेट मो.नं. 9829179605

आम सूचना
श्री सत्येन्द्र कुमार गुप्ता निवासी 4 च 13, जवाहर नगर जयपुर की मूल वसियत घर में ही खो गई है जो उप पंजीयक जयपुर नवम् कार्यालय में पुस्तक संख्या 3 जिल्दसंख्या 2 में पृष्ठ संख्या 27 कम संख्या 201703182300072 पर पंजीबद्ध किया गया तथा अतिरित्त पुस्तक संख्या 3 जिल्द संख्या 3 के पृष्ठ संख्या 207 से 219 पर चस्पा किया गया है। प्रमाणित प्रतिलिपी प्राप्त करने हेतु उप पंजीयक जयपुर नवम् कार्यालय में आवेदन किया गया है। इस संबंध में किसी को आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 07 दिवस में साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति निम्न फोन नम्बर पर प्रस्तुत कर देवें।
सुविर गौड़ एडवोकेट
अधिवक्ता रजिस्ट्रेशन नो. D/2676/2014
फोन: 8209154605

**खोया पाया**
हीरा देवी/डा. नन्दलाल मीना का प्लाट नम्बर 19-जी, ब्लॉक सुमेर नगर विस्तार मानसरोवर जयपुर के मूल दस्तावेज खो गए है मिलने पर सम्पर्क करें। हर्ष कपिल 9529124444

नन्द लाल/जगनराम मीना 1-एच-109 इन्दिरा गांधी नगर सेक्टर-1, जगतपुरा जयपुर के मूल दस्तावेज खो गए है मिलने पर सम्पर्क करें। हर्ष कपिल 9529124444

**आम सूचना** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि झालाना डूंगरी गृह निर्माण सहकारी समिति लि. राजस्थान द्वारा खसरा नम्बर 1/2, 2/2, 6/2, 9/2, 1/3, 6/3, 7/1 व 9/3 भूमि स्थित ग्राम रामपुराऊती तहसील सांगानेर, जिला जयपुर में औझला फार्मस् के नाम से योजना विकसित की गई थी परन्तु उक्त योजना आरक्षित वर्ग की भूमि व कृषि भूमि पर विकसित होने के कारण जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा ध्वस्तिकरण की कार्यवाही की गई। इसके पश्चात् उक्त औझला फार्मस् में आवंटित सदस्यों से आवंटन पत्र वापिस लेकर राशि का भुगतान किया जा चुका है परन्तु फार्म नं. एफ-20 का आवंटन पत्र आवंटी सदस्य द्वारा सोसाईटी कार्यालय में आज दिनांक तक जमा करवाकर अदा की गई राशि प्राप्त नहीं की गई तो सोसाईटी द्वारा उक्त आवंटित सदस्य श्रीमती राजेश गर्ग पुत्री श्री लोकेन्द अग्रवाल पत्नि श्री विकास गर्ग को भुगतान की गई राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट बनाकर सोसाईटी में उपलब्ध पते पर प्रेषित किया गया जो बिना प्राप्त हुए ही पुनः सोसाईटी कार्यालय में सोसाईटी को प्राप्त हो गया इसलिये उक्त आम सूचना के माध्यम से उक्त आवंटित सदस्य को सूचित किया गया है कि सोसाईटी कार्यालय में उपस्थित होकर मूल आवंटन पत्र 7 दिवस के अन्दर सोसाईटी कार्यालय में जमा कराकर भुगतान की गई राशि को डिमाण्ड ड्राफ्ट प्राप्त कर लेवें। अध्यक्ष-
झालाना डूँगरी गृह, निर्माण सहकारी समिति लि. रजि. नं. 25/एल.सी

**नाम परिवर्तन**
मैं सुदीश कुमार ठाकुर पुत्र कमल कुमार ठाकुर मेरा पुत्र का नाम शैक्षणिक दस्तावेज में रोहित सैन दर्ज है जो कि गलत है सही नाम रोहित कुमार ठाकुर है भविष्य में इसे इसी नाम से जाना जाये।

I ic army no 15496955H Rank Ex ALD (Parent unit 41 AR) om prakash yadav S/o ganpat yadav resident of village post Ramuuda ki dhani khejroli district jaipur that i want change my son name which is wrongly entered my service record from DEEPAK KUMAR To Deepak Yadav (DOB 15 August 2004) vide affidavit dated 01.08.2025 before district notary public chomu jaipur.

I ic army no 7240360K Rank Ex NB sub amar singh S/o pit Ram resident of plot no. U-243 Ganesh vihar near rajawas sikar road jaipur that i want change of name and dob my dependent daughter which is wrongly entered in my service record for RINA (DOB 11.11.1992) To REENA KUMARI (DOB 28.03.1992) vide affidavit dated 29 July 2025 before district sub majistrate Jaipur city south.

# शिक्षा अधिकारी ने वृक्षारोपण किया



पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में पौधारोपण किया।

**उच्च माध्यमिक विधालय टोंक में निरीक्षण के दौरान वृक्षारोपण किया।**

**टोंक।** दूनी मुख्यालय स्थित पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक भंवर लाल कुम्हार ने निरीक्षण के दौरान वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी कुम्हार ने संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण हेतु सबसे महती आवश्यकता वृक्षारोपण है। शिक्षकों को अपने अध्यापन कार्य के साथ साथ सामाजिक सरोकार के कार्य भी करना चाहिए। पीएम श्री प्रभारी सुरेंद्र सिंह नरूका ने बताया कि सरकार ने एक वृक्ष मां के नाम, मुख्यमंत्री वृक्षारोपण अभियान, हरियालो राजस्थान नाम से अभियान चलाया हुआ, जिसमें सभी को जुड कर विद्यालय, गांव, शहर, राज्य व देश को हरा भरा बनाना है।

## भरतपुर में खुलेगा सी.जी.एच.एस. आरोग्य केन्द्र

**भरतपुर** (निस)। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली ने भरतपुर में सी.जी.एच.एस. आरोग्य केन्द्र खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। आरोग्य केन्द्र खोलने में शामिल कर्मचारियों के पदों के सृजन और वित्तीय निहतार्थ के लिए व्यय विभाग, वित्त मंत्रालय से मंजूरी की प्रतीक्षा है। गत दिनों भाजपा जिलाध्यक्ष शिवानी दायमा ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली को भरतपुर जिले में एक सी.जी.एच.एस. आरोग्य केन्द्र खोलने का अनुरोध किया था जिसको अब मंजूरी मिल गयी है। जिला प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी डॉ. जीतेन्द्र पचौरी ने बताया कि ऐसे क्षेत्र जहाँ सी.जी.एच.एस. उपलब्ध नहीं है वहाँ निवासरत केन्द्र सरकार के वेतन भोगी निकटतम सी.जी.एच.एस. कवर किये गये शहरों से सी.जी.एच.एस. सुविधाओं का लाभ उठा सकते है। ठीक इसी प्रकार सी.जी.एच.एस. क्षेत्र से बाहर कार्यरत केन्द्र सरकार के कर्मचारी सैन्ट्रल सर्विसेज (मैडीकल अटेंडेंस) नीयमावली 1944 के अन्तर्गत चिकित्सा सुविधाएँ प्राप्त कर सकते है।

## नवजात शिशुओं को कराया स्तनपान

**करौली,** (निसं.) स्तनपान के महत्व को बढावा देने व देशभर में शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिए चिकित्सा विभाग की ओर से 1 से 7 अगस्त तक विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है। इस दौरान चिकित्सा संस्थानों में शिशुओं के लिए स्तनपान को बढावा देने संबंधी जागरूकता गतिविधियां होगी। सीएमएचओ डॉ. जयंतीलाल मीणा ने बताया कि इस वर्ष इसकी थीम स्तनपान में निवेश, भविष्य में निवेश रखी गई है। स्तनपान सप्ताह में प्रथम 6 माह के लिए केवल स्तनपान और कम से कम 2 वर्षों तक स्तनपान जारी रखने के महत्व पर जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियां शुरू की गई है। स्तनपान सप्ताह जिला स्तर से लेकर ब्लॉक स्तर, सीएचसी, पीएचसी, सब सेन्टर तथा ग्राम स्तर पर मनाया जाएगा। इसके तहत संगोष्ठी व अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। डिप्टी सीएमएचओ (पक) डॉ सतीश चंद मीणा ने बताया कि स्तनपान को बढावा देने के लिए हर वर्ष स्तनपान सप्ताह मनाया जाता है, इस वर्ष भी चिकित्सा संस्थानों पर प्रसूताओं से नवजात शिशुओं को स्तनपान कराया गया और 6 महीने तक केवल मां का दूध पिलाने के लिए प्रेरित किया गया।

## बच्चों ने बांधी फ्रेंडशिप रिबन

**भरतपुर** (निस)। लायंस क्लब भरतपुर सेंचुरी एवं द सांता किड्स प्ले स्कूल व सेंट्रल एकेडमी फ्रेंडशिप के संयुक्त तत्वाधान में फ्रेंडशिप डे मनाया गया विद्यार्थियों ने एक दूसरे को फ्रेंडशिप रिबन बंदे और दोस्ती के वायदे किये लायंस क्लब भरतपुर सेंचुरी की अध्यक्ष डॉ रंजना तिवारी ने विद्यार्थियों के समक्ष कृष्ण सुदामा की मित्रता का वर्णन करते हुए सच्ची मित्रता के बारे में बताया।

# एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम में वृक्षारोपण कर भाजपा कार्यकर्ताओं को पौधे बांटे

**फ्लैगशिप योजना के माध्यम से धरती सहित संपूर्ण जीव जगत की खुशहाली की कामना।**

**पावटा।** हरियालो राजस्थान एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत विराटनगर विधानसभा क्षेत्र के पावटा कस्बे शनिवार को मातृत्व और पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनखड़ के मुख्य आतिथ्य व जिलाध्यक्ष सुरेश बादलीवाल की अध्यक्षता व पार्टी पदाधिकारियों, वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में अखाड़ा परिषद पावटा में बूथ स्तरीय वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया गया। एक पेड़ मां के नाम तथा मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान एवं हरियालो राजस्थान अभियान के तहत विराटनगर विधानसभा के सभी बूथों का वृक्षारोपण कार्यक्रम अखाड़ा परिषद पावटा में आयोजित किया गया। इस दौरान विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड़ ने बूथ स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि देश एवं प्रदेश की सरकार पानी एवं पेड़ के नाम पर फ्लैगशिप योजना के माध्यम से धरती एवं प्रकृति तथा मानव सहित संपूर्ण जीव जगत की खुशहाली की कामना के साथ कार्य कर रही है। धनखड़ ने सभी कार्यकर्ताओं से आ ान किया कि प्रत्येक बूथ पर वृक्षारोपण करवा कर उनके संरक्षण की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं को सौंपते हुए उनका बच्चों की तरह से पालन पोषण करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर आरंभ किया गया एक पेड़ मां के नाम अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ भावनात्मक जुड़ाव और जिम्मेदारी का प्रतीक है। जब कोई व्यक्ति अपनी माँ की स्मृति में पौधा लगाता है तो वह केवल पर्यावरण के प्रति संवेदनशील रहता है। क्षेत्र में बड़ी संख्या में पौधारोपण जन सहभागिता का अद्भुत उदाहरण होगा। कार्यक्रम संयोजक एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेश गिठाला ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्लोबल वार्मिंग एवं जलवायु परिवर्तन से बचने का साधन एकमात्र पेड़ ही है। जलवायु परिवर्तन से प्रकृति का संतुलन बिगड़ चुका है। इसके दुष्परिणाम अत्यधिक गर्मी, सूखा, वर्षा में असंतुलन के रूप में दिखाई दे रहे हैं। ऐसे में वृक्षारोपण ही एकमात्र उपाय है जिससे आने वाली पीढ़ियों को हरित और सुरक्षित भविष्य दिया जा सकता है। भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेश बादलीवाल ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं के सहयोग से ही सरकार की योजनाओं के द्वारा आमजन की खुशहाली संभव है। इस मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान बूथ स्तरीय कार्यक्रम में नीम, पीपल, शीशम और बरगद जैसे छायादार व पर्यावरण अनुकूल 1100 पौधों का वितरण पांचों मंडल कार्यकर्ताओं को किया गया। इस अवसर पर जिला उत्तर देहात भाजपा जिला उपाध्यक्ष सुरेश गिठाला, जिला उपाध्यक्ष रिशाल सिंह, भाजपा जिला प्रवक्ता राजेश शर्मा, जिला कोषाध्यक्ष विमल गर्ग, मंडल संयोजक मुखराम धनखड़, पूर्व मंडल अध्यक्ष सवाई सिंह, राजस्थान राज्य बीज निगम डायरेक्टर जगदीश यादव, पर्यावरणविद् एवं जल प्रहरी दीप सिंह बड़गनर एवं महेश कुमार यादव बाणगंगा मंडल अध्यक्ष, एवं पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल, पूर्व पार्षद प्रागपुरा मिंटू शर्मा सहित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मोटर ट्रांसपोर्ट अण्डरटेकिंग का पंजीयन अनिवार्य

**अलवर।** प्रादेशिक परिवहन अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार मोटर वाहन अधिनियम की धारा 91 एवं मोटर ट्रांसपोर्ट वर्क्स एक्ट 1961 के प्रावधानों के अंतर्गत व्यावसायिक वाहन चालकों द्वारा प्रतिदिन 8 घंटे एवं सप्ताह में 48 घंटे तक ही वाहन संचालन करने के प्रावधान है। साथ ही प्रत्येक मोटर ट्रांसपोर्ट अण्डरटेकिंग जिसमें 5 या अधिक मोटर ट्रांसपोर्ट वर्कर कार्यरत है का पंजीकरण श्रम विभाग में होना अनिवार्य है। श्रम विभाग से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में मोटर ट्रांसपोर्ट वर्क्स एक्ट के प्रावधानों के अंतर्गत श्रम विभाग में 183 अण्डरटेकिंग ही पंजीकृत है। अतः ऐसे मोटर ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग जिसमें 5 या अधिक मोटर ट्रांसपोर्ट वर्कर कार्यरत है अविलम्ब अपना पंजीकरण करवाया जाना सुनिश्चित करें।

# शिविर में 150 से अधिक मरीजों ने लाभ उठाया

**जनसेवा को समर्पित जांच शिविर में 158 मरीजों ने चिकित्सकों की सेवाएं लेते हुए दवाइयां प्राप्त की।**

**पावटा।** ग्राम पंचायत भूरी-भड़ाज में शनिवार को विशाल निशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर का आयोजन श्री ठाकुर जी मंदिर भूरी के महंत पोखर दास व ब्रह्मजोड़ी के महंत हरिदास महाराज के सानिध्य व शिविर संयोजक पूर्व पंचायत समिति सदस्य समाजसेवी भाई हरिद्वारीलाल स्वामी के नेतृत्व एवं शिक्षाविद जीएल यादव के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया।

शिविर में श्रीनाथ हास्पिटल बानसूर रोड़ कोटपूतली व जयपुर से पधारे विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीमो ने अपनी सेवाएं दी। शिविर संयोजक पूर्व पंचायत समिति सदस्य समाजसेवी भाई हरिद्वारीलाल स्वामी ने बताया कि जनसेवा को समर्पित निशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर में 158 मरीजों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाकर चिकित्सकों की सेवाएं लेते हुए निशुल्क दवाइयां प्राप्त की।

चिकित्सा शिविर में श्री ठाकुर जी मंदिर भूरी के महंत पोखर दास व ब्रह्मजोड़ी के महंत हरिदास महाराज ने शिविर का शुभारंभ करते हुए कहा कि सभी को ऐसे पुण्य के कार्य करते रहना चाहिए। वही विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद् जीएल यादव ने कहा कि आमजन की सेवा हेतु ऐसे शिविरों का आयोजन करना बहुत ही सराहनीय कार्य है। जिससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भी जयपुर से पधारे विशेषज्ञ डॉक्टरों की निशुल्क सेवाओं का लाभ प्राप्त हुआ।

इस दौरान प्रदीप यादव, पूर्व व्याख्याता देवकरण वर्मा, बत्रादास, जौहरीमल, सीताराम, रामजिलाल, रोहिताश्व स्वामी, दिनेश यादव, झाबरमल, बबलू, मदन दास, गिरीराज, सुनिल स्वामी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## 75 वां स्थापना दिवस मनाया

**डूंगरपुर।** सर्राफा संघ डूंगरपुर के 75 वें स्थापना दिवस का आयोजन नया महादेव मंदिर में किया गया। जिसमें पर्यावरण वृद्धि और हरित क्रांति को बढाने के लिए संघ के सभी पदाधिकारी और कार्यकारिणी के सदस्यों एवं अन्य सदस्यों द्वारा प्रातः 8.3० बजे मंदिर परिसर में सघन वृक्षारोपण किया गया। जिसमें आम, अमरूद, गुलमोहर व आंवला आदि पौधे लगाए गए। समारोह में संघ के अध्यक्ष नारायण श्रीमाल, उपाध्यक्ष प्रवीण श्रीमाल, सचिव पद्म कुमार जैन, सह सचिव सुरेंद्र कुमार पंचाल, अनोखीलाल जैन, सदीप सरैया, अशोक सोनी आदि पौधारोपण किया।

# नवीन आपराधिक कानूनों को लेकर एसपी ने अधिकारियों की बैठक ली

**कोटपूतली।** हाल ही में भारत सरकार द्वारा देश भर में लागू की गई भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की नवीन आपराधिक विधियों (कानूनों) व प्रावधानों को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई ने शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में कोटपूतली सीओ सर्किल के अनुसंधान अधिकारियों की बैठक ली। एसपी बिश्नोई ने सभी को नये कानूनों व उनके क्रियान्वयन के सम्बंध में आवश्यक जानकारी दी। साथ ही अनुसंधान अधिकारियों के प्रश्नों के जवाब देते हुये उन्हें कानूनों को लेकर विस्तार से समझाया। उन्होंने अनुसंधान में गुणवत्ता व तेजी लाने के निर्देश देते हुये विभिन्न मामलों की समीक्षा की। बैठक का आयोजन लम्बित प्रकरणों, समकालीन अपराध प्रवृत्तियों व नवीन आपराधिक गतिविधियों के क्रियान्वयन की प्रभावी समीक्षा को लेकर आयोजित की गई थी। एसपी बिश्नोई ने अनुसंधान की गुणवत्ता में सुधार, तकनीकी साधनों के उपयोग, सीसीटीवी विश्लेषण, साईबर साक्ष्य के समुचित संकलन व अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी के सम्बंध में विशेष निर्देश दिये। एसपी ने कहा कि अपराधों की रोकथाम के लिये सिर्फ तत्काल कार्यवाही नहीं बल्कि मजबूत अनुसंधान व वैज्ञानिक साक्ष्य का संकलन जरूरी है। उन्होंने लम्बित मामलों की प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुये कहा कि अपराधियों को सजा दिलवाने के लिये जांच को समयबद्ध व सुसंगठित बनाना आवश्यक है। साथ ही सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि वे गंभीर अपराधों में स्वयं निगरानी रखते हुये तकनीकी विशेषज्ञता का बेहतर उपयोग करें। एसपी ने अनुसंधान अधिकारियों से क्षेत्र में आपराधिक प्रकरणों की जानकारी लेते हुये प्रत्येक प्रकरण में निष्पक्ष, प्रमाणिक व संवेदनशील जांच का संदेश देते हुये कहा कि पुलिस की जनता में भरोसेमंद व सशक्त छवि बने इसके लिये पारदर्शिता, अनुशासन व संवेदनशीलता को अपनी कार्यशैली का हिस्सा बनायें। कानून व्यवस्था को प्रभावी बनाये रखने के लिये निरन्तर फिल्ड विजिट, रात्रि गश्त व सूचना संकलन की प्रक्रिया को मजबूत किया जायें। इस दौरान एएसपी वैभव शर्मा, डीएसपी राजेन्द्र बुरडक,



आपराधिक कानूनों को लेकर जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई की मौजूदगी में बैठक हुई।

नम्बर मिलाइए
9587884433
सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

## एसपी आनंद ने पुलिस स्टेशनों का निरीक्षण किया

**हलैना भरतपुर।** जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद ने हलैना, भुसावर, वैर पुलिस स्टेशनों का निरीक्षण किया और उन्होंने अपराधों की रोकथाम और अपराधियों के धर पकड़ सहित पेंडिंग पडे प्रकरण का निपटारा करने और आमजन की मदद के निर्देश दिए। उन्होंने सभी थानों के थाना परिसर और पुलिस आवास भवनो की हालत देखी, जिनकी हालत देखकर दंग है। उन्होंने निर्देश दिया कि जर्जर भवन के अंदर कोई पुलिसकर्मी व अन्य व्यक्ति प्रवेश नहीं करेगा और उन्होंने वांटेड अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए। हलैना थाना प्रभारी जगदीश चन्द, भुसावर थाना के प्रभारी नरेश शर्मा, वैर थाना के प्रभारी नरेंद्र सिंह राजावत और वैर के कार्यवाहक एएसपी राम गोपाल सहित सभी थाना क्षेत्र के मुख्य आरक्षी आदि ने जानकारी दी। जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद पद का कार्यभार संभालने के बाद पहली बार इन थानों पर आए जहां उनका क्षेत्र के लोगों ने भी स्वागत किया।

# पेंशनर समिति के प्रबन्ध समिति चुनाव 3 अगस्त को 243 मतदाता डालेंगे वोट

**अनुसूचित जाति क्षेत्र के 1 सदस्य, अनुसूचित जन जाति संवर्ग के 1 सदस्य व महिला संवर्ग के 2 स्थानों के लिए 1 सदस्य ने ही नामांकन किया अतः 3 सदस्य निर्वाचित घोषित किये गये हैं**

भरतपुर (निस)। भरतपुर पेंशनर हितकारी सहकारी समिति लि. की प्रबन्ध समिति के सदस्यों का चुनाव 3 अगस्त को होगा। सामान्य वर्ग के निर्वाचन क्षेत्र के 8 सदस्य पदों के लिए 12 उम्मीदवारों ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की है। अनुसूचित जाति क्षेत्र के 1 सदस्य, अनुसूचित जन जाति संवर्ग के 1 सदस्य व महिला संवर्ग के 2 स्थानों के लिए 1 सदस्य ने ही नामांकन किया अतः 3 सदस्य निर्वाचित घोषित किये गये है।

सामान्य वर्ग के 8 सदस्यों के चुनाव के लिये 12 उम्मीदवार है। मतदान का समय प्रातः 10 बजे से सायं 4.00 बजे तक रहेगा। इसके बाद मतों की गणना कर परिणाम घोषित किया जावेगा। मतदान के लिए मतदाता सील का प्रयोग ही मान्य होगा। अन्य साधन पेन/पेंसिल से लगाया कोई निशान अमान्य व अवैध माना जायेगा।

प्रत्येक सदस्य मतदाता अपने साथ पहचान पत्र का कोई कार्ड/पत्र अनिवार्य रूप से लायेगा। मतदाता की समस्त व्यवस्थायें पूर्ण करली गई है। समिति में मतदाताओं की संख्या 243 है। 4 अगस्त को प्रबन्ध समिति के निर्वाचित सदस्य अध्यक्ष सहित उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं संयुक्त सचिव पदाधिकारियों का चयन करेंगे। शांति व सुरक्षा बनाये रखने हेतु पुलिस व्यवस्था की गई है।

# एसपी दिगंत आनंद ने किया पुलिस स्टेशनों का निरीक्षण

**हलैना भरतपुर।** जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद ने हलैना, भुसावर, वैर पुलिस स्टेशनों का निरीक्षण किया और उन्होंने अपराधों की रोकथाम और अपराधियों के धर पकड़ सहित पेंडिंग पडे प्रकरण का निपटारा करने और आमजन की मदद के निर्देश दिए। उन्होंने सभी थानों के थाना परिसर और पुलिस आवास भवनो की हालत देखी, जिनकी हालत देखकर दंग है। उन्होंने निर्देश दिया कि जर्जर भवन के अंदर कोई पुलिसकर्मी व अन्य व्यक्ति प्रवेश नहीं करेगा और उन्होंने वांटेड अपराधियों को जल्द से जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए। हलैना थाना प्रभारी जगदीश चन्द, भुसावर थाना के प्रभारी नरेश शर्मा, वैर थाना के प्रभारी नरेंद्र सिंह राजावत और वैर के कार्यवाहक एएसपी राम गोपाल सहित सभी थाना क्षेत्र के मुख्य आरक्षी आदि ने जानकारी दी। जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनंद पद का कार्यभार संभालने के बाद पहली बार इन थानों पर आए जहां उनका क्षेत्र के लोगों

न्यायालय पंच निर्णायक एवं उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियाँ, जयपुर (शहर)
कमरा नं. 608, पांचवी मंजिल, मिनी सचिवालय, बनीपार्क, जयपुर
क्रमांक-1207-14 दिनांक-31.07.2025
1. कृष्ण सिंह राठौर पुत्र माधव सिंह दीवान, निवासी एस एम 77, न्यू सांगानेर रोड, बाईपास, स्कीम, गुर्जर की थडी, जयपुर राजस्थान। ...वादी
बनाम
1. श्री गणेश हाउसिंग को-ऑपरटिव सोसायटी लि. जयपुर जरिए अध्यक्ष/मंत्री पता-प्लाट नम्बर 60 गणेश नगर-ए न्यू सांगानेर रोड, सोडाला, जयपुर।
2. शिवदान सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री किशन सिंह, पूर्व अध्यक्ष-श्री गणेश हाउसिंग को-ऑपरेटिव सोसायटी लि. जयपुर।
3. भागीरथ सिंह पुत्र श्री मुकुन्द सिंह निवासी मकान नम्बर 60 गणेश नगर, न्यू सांगानेर रोड, सोडाला, जयपुर।
4 वीरेन्द्र प्रताप सिंह पुत्र श्री सूरजबक्श सिंह, निवासी मकान नम्बर 72/73 राठौड नगर, क्वींस रोड, जयपुर।
5 श्रीमती बसंत कंवर पत्नी वीरेन्द्र प्रताप सिंह निवासी मकान नम्बर 72/73 राठौड नगर, क्वींस रोड, जयपुर।
6 श्रीमती शकुन्तला देवी पत्नी श्री कैलाश चन्द, जरिए वीरेन्द्र सिंह, निवासी मकान नम्बर 72/73 राठौड नगर, क्वींस रोड, जयपुर।
7 उपायुक्त जोन-5 जयपुर विकास प्राधिकरण, इन्दिरा सर्किल, जे.एल.एन. मार्ग, जयपुर राजस्थान। ...प्रतिवादीगण
सार्वजनिक नोटिस/सूचना
(राजस्थान सहकारी सोसायटी अधिनियम 2001 की धारा 60 एवं नियम 2003 के नियम 79)
राजस्थान सहकारी सोसायटी अधिनियम 2001 की धारा 58 के अन्तर्गत कृष्ण सिंह राठौर पुत्र माधव सिंह दीवान, निवासी एस.एम.77, न्यू सांगानेर रोड, बाईपास, स्कीम, गुर्जर की थडी, जयपुर राजस्थान बनाम श्री गणेश हाउसिंग को-ऑपरेटिव सोसायटी लि. जयपुर जरिए अध्यक्ष/मंत्री पता-प्लाट नम्बर 60 गणेश नगर-ए, न्यू सांगानेर रोड, सोडाला जयपुर व अन्य छह के विरूद्ध समिति की आवासीय योजना श्री गणेश नगर-ए न्यू सांगानेर रोड, सोडाला जयपुर के भूखण्ड सं. 14 (पुराना भूखण्ड सं. 07) कुल क्षेत्रफल 300 वर्गगज एवं दुकान संख्या-56 लगायत 60, क्षेत्रफल 100 वर्गगज (कुल क्षेत्रफल 400 वर्गगज) के संबंध में अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में एक वाद विचाराधीन है। अत जरिये सार्वजनिक नोटिस प्रतिवादीगण/हितबद्ध व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि उक्त वाद प्रकरण में नोटिस प्रकाशन के 15 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में उपस्थित होकर अपना जवाब/पक्ष/साक्ष्य/दस्तावेज प्रस्तुत करें अन्यथा पत्रावली में उपलब्ध रिकार्ड/दस्तावेज के आधार एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जाकर निर्णय कर दिया जायेगा। सूचित रहे।
मोहर (हरप्रीत कौर) पंच निर्णायक एवं उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, जयपुर (शहर)

## संक्षिप्त

### अवधिपार वाहनों को 1 अप्रैल से नहीं मिलेगा पेट्रोल

**अलवर।** बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों को दिल्ली में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसके अलावा फूड डिलीवरी से लेकर अन्य कामों में भी सीएनजी, इलेक्ट्रिक वाहनों को लगाया जाएगा। बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए 10 साल पुराने डीजल और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों को दिल्ली में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। इसके अलावा फूड डिलीवरी से लेकर अन्य कामों में भी सीएनजी, इलेक्ट्रिक वाहनों को लगाया जाएगा। ऐसे में एनसीआर में भी सख्ती होगी। इसी को देखते हुए एक अप्रैल 2026 से पहले जिले में संचालित सभी डीजल, पेट्रोल पंपों पर कैमरे लगाने अनिवार्य हैं। अलवर प्रादेशिक परिवहन अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि एक अप्रैल से 10 वर्ष पुराने डीजल वाहनों और 15 साल पुराने पेट्रोल वाहनों को ईंधन की आपूर्ति बंद कर दी जाएगी। एक नवंबर 2026 से दिल्ली में सीएनजी, ईवी, बीएस-6 बसों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। एनसीआर में डीजल संचालित ऑटो रिक्शा को 31 दिसंबर 2026 तक पूर्णतः फेज आउट कर केवल सीएनजी व ईवी ऑटो रिक्शा ही पंजीकृत किए जाएंगे।

### करंट से बुजुर्ग झुलसा

**टोंक।** मुख्यालय स्थित रामापीर कॉलोनी में एक बुजुर्ग अल्लाहदिया को हाईटेंशन लाईन से करंट लगने से गंभीर रूप से झुलस गए, जिसको घायल अवस्था में जयपुर रैफर किया गया है। घटना के बाद क्षेत्रवासियों में आक्रोश फैल गया और लोगों ने सड़क पर जाम लगा दिया। वही कॉलोनीवासियों का कहना है कि कॉलोनी में घरों की छतों से हाईटेंशन लाइनें टच हो रही हैं, जिसकी शिकायत कई बार बिजली विभाग से की जा चुकी है, लेकिन कोई कार्यवाही नही की जा रही है, उन्होंने कहा कि जल्द समाधान नहीं हुआ तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

# मंत्री यादव ने 50 ऑटो टिपर का लोकार्पण किया




अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव ने घर-घर कचरा संग्रहण के लिए 50 ऑटो टिपर ( कचरा संग्रहण वाहन ) का लोकार्पण किया।

■ 5 स्वच्छता सखियों को स्वच्छता किट भेंट किए एवं उपस्थित जनसमूह को स्वच्छता की शपथ दिलाई।

**अलवर ।** केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री एवं अलवर सांसद भूपेन्द्र यादव शनिवार को प्रताप ऑडिटोरियम से नगर निगम द्वारा शहर की स्वच्छता को बेहतर करने के उद्देश्य से पर्यावरण संरक्षण शुल्क निधि के अंतर्गत घर-घर कचरा संग्रहण हेतु क्रय किए गए नए 50 ऑटो टिपर (कचरा संग्रहण वाहन) का लोकार्पण कर उन्हें हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने अभिनव पहल करते हुए नगर निगम की सफाई कर्मचारी श्रीमती पूनम चावरिया से ऑटो टिपर का पूजन करवाया तथा 5 स्वच्छता सखियों को स्वच्छता किट भेंट किए एवं उपस्थित जनसमूह को स्वच्छता की शपथ दिलाई। केंद्रीय वन मंत्री यादव ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 में कार्यभार संभालते ही गांधी जयन्ती 2 अक्टूबर से स्वच्छ भारत मिशन का आगाज किया था, जिसके सार्थक परिणाम दृष्टिगोचर हो रहे हैं। इस अभियान की प्रशंसा विश्व स्वास्थ्य संगठन ने करते हुए कहा कि यह भारत में सामाजिक परिवर्तन का बहुत बडा सूत्रपात है। स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत देश में 11 करोड 65 लाख शौचालय बनाए गए तथा 4576 गांवों को ओडीएफ, 3913 गांवों को ओडीएफ प्लस, 1429 शहरों को विगत 10 वर्षों के कार्यकाल में ओडीएफ प्लस प्लस का दर्जा प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता और स्वच्छ शहर समृद्धि का मार्ग है, इसको मध्यनजर रखते हुए अलवर शहर को स्वच्छ व साफ-सुथरा शहर बनाने व एनसीआर क्षेत्र में स्वच्छता में टॉप रैंकिंग लाने के लिए सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं जिसके तहत केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने पर्यावरण संरक्षण शुल्क निधि (ईपीसी फण्ड) की 4.50 करोड रूपये की राशि से नगर निगम अलवर को 50 ऑटो टिपर (कचरा संग्रहण वाहन) उपलब्ध कराए गए हैं।

### माताओं को स्तनपान की जानकारी दी

**कोटपूतली ।** राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय में विश्व स्तनपान सप्ताह 01 से 07 अगस्त तक मनाया जा रहा हैं। स्तनपान के महत्व को उजागर करने व देश भर में शिशूओं के स्वास्थ्य में सुधार लाने के उद्देश्य से स्तनपान के संरक्षण, प्रचार एवं समर्थन हेतु प्रत्येक वर्ष अगस्त माह के प्रथम सप्ताह (01 से 07 अगस्त) को विश्व स्तनपान सप्ताह के रूप में विश्व में मनाया जाता है। विश्व स्तनपान सप्ताह इस वर्ष की थीम इन्वेस्ट इन ब्रेस्टफीडिंग, इन्वेस्ट इन द फ्यूचर अर्थात प्रत्येक माँ को स्तनपान हेतु आवश्यक समर्थन और जानकारी प्रदान करना व माँ को इच्छानुसार स्तनपान जारी रखने हेतु सहयोग प्रदान कराना है। चिकित्सालय के डॉक्टरों व नर्सिंग स्टॉफ द्वारा विश्व स्तनपान दिवस पर शिशू की माताओं को स्तनपान के बारे में बताया गया।स्तनपान करवाने में आने वाली समस्याओं के निस्तारण हेतु शिशूओं के माता-पिता व अन्य परिवार के सदस्यां को विश्व स्तनपान दिवस पर माँ के दूध व इसके लाभ व हानि की जानकारी दी गई। वहीं जन्म के पहले घंटे में शिशू को दूध पिलाने के बारे में बताया।

# किसानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव संबोधन को गौर से सुना




कोटपूतली में प्रधानमंत्री मोदी के लाइव कार्यक्रम को किसानों ने गौर से सुना ।

■ किसान समारोह सरदार विद्यालय में सम्पन्न

**कोटपूतली** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किश्त के अंतरण के अवसर पर शनिवार को जिला स्तरीय किसान समारोह का आयोजन सरदार राउमा विद्यालय, कोटपूतली में किया गया। समारोह में जिला स्तरीय अधिकारी एवं आमजन उपस्थित रहे। जिला स्तर के कार्यक्रम राष्ट्र स्तर पर वाराणसी में आयोजित एवं राज्य स्तर पर बांसवाडा में आयोजित कार्यक्रम से वर्चुअली जुडे। इस दौरान वर्चुअल माध्यम से किसानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लाइव संबोधन को सुना और देखा। पीएम ने इस दौरान किसानों के कल्याण के लिए केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि, देश का अन्नदाता ही राष्ट्र की रीढ़ है। हमारी सरकार किसानों की आर्थिक सशक्तता और समग्र उन्नित के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान बांसवाडा से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का भी उद्बोधन वर्चुअल रूप में प्रसारित किया गया। कार्यक्रम में लाभार्थी किसान उपस्थित रहे। सभी ने इस योजना के तहत समय पर मिलने वाली राशि को किसानों की वित्तीय स्थिरता में महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि योजना उनके लिए न सिर्फ आर्थिक सहायता है, बल्कि खेती के प्रति उनका मनोबल भी बढाती है। मौसमी अनिश्चितताओं और लागत वृद्धि के बीच यह रकम उन्हें बीज, खाद और सिंचाई जैसी बुनियादी जरूरतों को पूरा करने में मदद करती है।

## सार-समाचार

### माणक चन्द को पुष्पांजलि अर्पित



**टोंक।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक और पाथेय कण जागरण के संरक्षक माणक चन्द की श्रद्धांजलि सभा शुक्रवार को शहर में स्थित यज्ञ के बालाजी के पास स्थित सरस्वती विद्या मन्दिर में आयोजित की गई। इस श्रद्धांजलि सभा में संघ के स्वयंसेवकों, स्थानीय नागरिकों, शिक्षकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया, उन्होने बताया कि माणक चन्द ने 1970 के दशक में बतौर संघ प्रचारक के रूप में कार्य किया तथा 83 वर्षीय माणक चन्द ने अपने जीवन के 60 से अधिक वर्ष संघ के पूर्णकालिक प्रचारक के रूप में समर्पित किए, वे 34 वर्षों तक पाथेय कण जागरण पत्रिका के प्रबंध संपादक भी रहे और संगठन के विचारों को समाज तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने उनके सेवा भाव, सादगी और वैचारिक प्रतिबद्धता को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### वार्षिक भण्डारे का आयोजन

**कोटपूतली।** निकटवर्ती ग्राम रघुनाथपुरा में शनिवार को श्री बालाजी महाराज के वार्षिक भण्डारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर भजन गायक रतन फौजी ने बालाजी महाराज के एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुती देकर श्रोताओं का मन मोह लिया। उन्होंने भजनों के माध्यम से बताया कि इस कलयुग में हरि कीर्तन के सहारे से ही इंसान अपने जीवन को सफल बना सकता है। मंच संचालन एड. दिनेश कुमार अग्रवाल ने किया। इस दौरान एड. प्रेमप्रकाश शर्मा, हरिसिंह यादव, एड. राजेश यादव, एड. रामनिवास यादव, एड. महेश यादव, संदीप सनवाल, दयाराम यादव, रोहिताश यादव, भूपेन्द्र यादव, मुकेश यादव, शिम्भूदयाल मीणा, राकेष खोला, एड. विकास अग्रवाल, धर्मपाल यादव, विकास सनवाल, शीशराम यादव, राकेश शर्मा, भूपसिंह यादव समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### अपराध रोकने के लिए पैदल मार्च

**पावटा।** भाबरू थाना क्षेत्र के कस्बा भाबरू , आंतेला , जवानपुरा , जयसिंहपुरा , किशनपुरा, खातोलाई में शनिवार को पुलिस ने अपराध रोकने और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए पैदल मार्च किया। भाबरु थाना प्रभारी अंकित सामरिया के नेतृत्व में निकाले गए इस मार्च के दौरान पुलिस ने व्यापारियों से संवाद किया। भाबरु थाना प्रभारी अंकित सामरिया ने व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का आठाह किया। उन्होंने कहा कि सीसीटीवी कैमरे लगाने से अपराधों की रोकथाम में मदद मिलेगी। साथ ही यह व्यापारियों की सुरक्षा के लिए भी जरूरी है। पुलिस ने व्यापारियों से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

### बैंक शाखा उद्घाटन

**सादुलपुर ।** स्थानीय एच डी एफ सी बैंक शाखा राजगढ का उद्घाटन भारतीय जनता पार्टी जिला मंत्री डॉ. कौशल पूनिया एवं उपखंड मजिस्ट्रेट राजगढ मीनू वर्मा ने शनिवार को रिबन काटकर किया। इस अवसर पर एच डी एफ सी बैंक राजगढ के शाखा प्रबंधक मोहम्मद इलियास खान, एच डी एफ सी क्लस्टर प्रमुख चंद्र प्रकाश जांगिड, डॉ. विनोद अग्रवाल, एडवोकेट पुष्पकांत शर्मा, डॉ. हरिराम रोहिल्ला, डॉ. जय लखटकिया, उप शाखा प्रबंधक हारून खान, डॉ. राजकुमार सराफ, अशोक पूनिया, संजय डोकवेवाला एवं राजगढ शहर के गणमान्य नागरिक, प्रमुख व्यापारी गण एवं एचडीएफसी बैंक के स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

### चुनाव सम्पन्न करवाने की मांग

**फुलेरा ।** कस्बे के निकटवर्ती ठाम भैंसलाना स्थित शिव मन्दिर समिति के हाल ही में हुए समिति के अध्यक्ष के चुनाव को आस पास की विभिन्न रजिस्ट्रेड 5 सामाजिक समितियों ने असंवैधानिक बताया है। साथ ही उक्त चुनाव को संवैधानिक तरीके से और आस पास के प्रजापति समाज के लोगों के बीच सम्पन्न करवाने की मांग की है। इसके अलावा समिति के हुए चुनाव को असंवैधानिक बताने वाली सभी समितियों के अध्यक्षों का कहना है कि भैंसलाना शिव मन्दिर समिति में जो समिति के अध्यक्ष का चुनाव किया गया है, वह असंवैधानिक है।

क्योंकि अध्यक्ष का यह चुनाव सम्पूर्ण प्रजापति समाज के सामने सम्पन्न नहीं किया गया था। जबकि यहां पर समाज के कुछ ही लोगों के द्वारा अध्यक्ष का चुनाव सम्पन्न करवाए।

# विक्षिप्त व्यक्ति ने बस पर पत्थर फेंका

■ जिला अस्पताल पावटा के सामने हरियाणा रोडवेज की बस पर एक मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति द्वारा पत्थर फेंकने से बस के अनियंत्रित होने से एक बड़ा हादसा होने से टल गया। बस चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए बस को डिवाइडर पर चढ़ा दिया।

**पावटा।** उपजिला अस्पताल पावटा के सामने हरियाणा रोडवेज की बस पर एक मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति द्वारा पत्थर फेंकने से बस के अनियंत्रित होने से एक बड़ा हादसा होने से टल गया। बस चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए बस को डिवाइडर पर चढ़ा दिया।

इससे कोई बडी घटना होने से बच गई। गनीमत रही कि हादसे में कोई सवारी हताहत नहीं हुई। जानकारी के अनुसार शनिवार की देर शाम हरियाणा रोडवेज की एक बस जयपुर से दिल्ली की तरफ जा रही थी उपजिला अस्पताल पावटा के सामने एक मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति के पत्थर फेकने से पत्थर ड्राइवर साइड बस के शीशे पर लगा। जिससे बस अनियंत्रित हो गई। चालक घबरा गया और उसने तुरंत ही दिमाग से काम लेते हुए बस को समीप के ही डिवाइडर पर चढ़ा दिया।

बस के डिवाइडर पर चढ़ते ही बस के अंदर बैठी सवारियों में हड़कंप मच गया और सवारियों ने चिल्लाना शुरू कर दिया। बस डिवाइडर पर लगी व रुक गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस की स्पीड तेज थी और जैसे ही वह डिवाइडर पर चढ़ी व बस अचानक रुक गई। बस चालक की सूझबूझ के चलते कोई बड़ा हादसा होने से टल गया। वही लोगों की सूचना पर पहुंची प्रागपुरा थाना पुलिस ने बस को एकतरफा करवाकर यातायात सुचारु करवाया। वही प्रागपुरा थाना पुलिस द्वारा मानसिक विक्षिप्त व्यक्ति की तलाश की जा रही है।

### कथा सुनकर श्रोता भाव विभोर

**राजगढ़ ।** कथा वाचन एवं धार्मिक आस्था के अवधूत दत्ता आश्रम के महंत स्वामी अमन भारती महाराज के प्रवचन सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। उन्होंने शिव मंत्र मंडल सेवा समिति की ओर से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कहा कि निष्काम एवं सच्चे मन से की गई भक्ति से प्रभु की शरण में जाने का मार्ग प्रशस्त होता है। परमपिता परमेश्वर भक्त की ओर से सच्चे मन से की गई भक्ति का मान कभी कम नहीं होने देते। भारती महाराज कस्बे के नवीन बस स्टैंड पर शिव मित्र मंडल सेवा समिति की ओर से आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में महिला पुरुष श्रद्धालुओं को प्रवचन दे रहे थे। उन्होंने कहा कि सत्य के मार्ग में चलने पर नाना प्रकार की कठिनाई आती है, मगर कठिन परीक्षा से गुजरने पर मनवांछित फल की प्राप्ति होती है।

# नशा मुक्ति संकल्प के लिए ई-शपथ दिलवाई

■ किसान समारोह सरदार विद्यालय में सम्पन्न

**कोटपूतली।** राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में नई किरण नशा मुक्ति प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा चलाये जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के तहत महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों, रोवर-रेंजर्स, एनसीसी कैडेट्स एवं नियमित विद्यार्थियों द्वारा नशा मुक्ति संकल्प हेतु ई-शपथ दिलवाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के संरक्षक एवं प्राचार्य डॉ. आर. के. सिंह ने विद्यार्थियों को देश को नशा मुक्त करने के लिये मादक पदार्थों के सेवन से दूर रहने एवं समाज के लोगों को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक करने का संदेश दिया। राष्ट्रीय सेवा योजना के संयोजक प्रो. सज्जन सिंह यादव ने युवाओं पर नशे के प्रभाव विषय पर विचार प्रकट किये। महाविद्यालय के नई किरण नशा मुक्ति प्रकोष्ठ के संयोजक प्रो. हरिराम धनेटिया ने नशे के मनोवैज्ञानिक प्रभाव पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं सभी से आग्रह किया कि नशा मुक्ति शपथ के लिंक को अन्य नागरिकों के साथ भी शेयर किया जायें और उन्हें ई-शपथ दिलवाई जायें।

### राजपुरोहित व्याख्यान देंगे

**फुलेरा।** आगामी रविवार 3 अगस्त को नवोत्थान कार्यक्रम का भव्य आयोजन नरायणा रोड स्थित संस्कृति पैराडाइज गार्डन में प्रातः 8:15 बजे से आयोजित किया जाएगा।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में शिक्षा के महत्व और समाज में इसके सकारात्मक प्रभावों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर प्रख्यात शिक्षाविद् राजवीर सिंह चलकोई और गणपत सिंह राजपुरोहित विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। दोनों वक्ता शिक्षा की उपयोगिता एवं जीवन में उसकी प्रभावशीलता विषय पर अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम के संयोजक गणपत नोदल ने बताया कि यह आयोजन समाज के सभी वर्गों के लिए खुला रहेगा।

### सादुलपुर से विमला पूनिया को भाजपा जिला प्रवक्ता बनाने पर अभिनन्दन

**सादुलपुर ।** भारतीय जनता पार्टी चूरू जिलाध्यक्ष बसन्त शर्मा ने पार्टी के जिला प्रवक्ताओं की नई सूची जारी की। जिसमें सादुलपुर से विमल पूनिया और अजय कुमार अग्रवाल को भाजपा जिला प्रवक्ता नियुक्त करने पर भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की तथा मिठाईयां बांटकर एवं माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया गया। इस खुशी में इस घोषणा के बाद सादुलपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष और उत्साह के साथ खुशियां मनाई। वहीं नियुक्ति की जानकारी सामने आते ही सादुलपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने गुलाल उडाकर, मिठाइयां बांटकर और आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया। कार्यकर्ताओं ने विमल पूनिया और अजय अग्रवाल को फूल मालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस पूरे नगर में जश्न जैसा माहौल देखा गया। इस मौके पर लोकसभा प्रत्याशी रहे देवेंद्र झाझडिया, भाजपा नेता जोगेन्द्र झाझडिया, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष गोपाल शर्मा, विधानसभा प्रभारी सुरेन्द्र सिंह राठौड, सामजिक कार्यकर्ता एवं भामाशाह तुलसीराम शर्मा, भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री कृष्ण भाकर व रामावतार बैरासरिया ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह नियुक्ति सादुलपुर क्षेत्र के लिए गर्व की बात है। मुझे विश्वास है कि विमल पूनिया और अजय अग्रवाल पार्टी की विचारधारा को आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंचाएंगे और संगठन को और अधिक मजबूत बनाएंगे। विमला पूनिया और अजय कुमार अग्रवाल ने अपनी नियुक्ति पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा नेतृत्व ने जो विश्वास हम पर जताया है, हम उसे पूरी निष्ठा, मेहनत और ईमानदारी से निभाएंगे। हमारा उद्देश्य पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना, संगठन को मजबूत करना, और कार्यकर्ताओं की आवाज को मंच देना रहेगा। उन्होंने विशेष रूप से पूर्व प्रतिपक्ष नेता राजेन्द्र सिंह राठौड, जिलाध्यक्ष बसन्त शर्मा, विधानसभा प्रभारी सुरेंद्र सिंह राठौड, और पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त किया।

# कोटपूतली में यादव समाज की प्रतिभाओं का सम्मान 16 अगस्त को



कोटपूतली में यादव महासभा की बैठक रामावतार यादव की मौजूदगी में हुई ।

■ यादव महासभा कार्यकारणी की बैठक आयोजित

**कोटपूतली।** स्थानीय यादव महासभा कार्यकारणी की बैठक शनिवार को अध्यक्ष रामावतार यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में प्रतिभा एवं भामाशाह सम्मान समारोह आगामी 16 अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर आयोजित किये जाने का निर्णय लिया गया।

समारोह में माध्यमिक व उच्च माध्यमिक बोर्ड परीक्षा में 90 प्रतिशत व उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, नीट व जेईइ में चयनित अभ्यर्थी, 01 जुलाई 2024 के बाद केन्द्र व राज्य सेवा में चयनित अभ्यर्थी, 26 अगस्त 2024 के बाद छात्रावास के विकास में या गरीब, असहाय बालिकाओं की सहायतार्थ राषि देने वाले भामाशाह आदि का सम्मान किया जायेगा।

इस दौरान जिलाध्यक्ष रामनिवास गिरदावर, पूर्व अध्यक्ष गिरधारी लाल गुरूजी, लालाराम यादव कोषाध्यक्ष, सुरेश चन्द यादव वार्डन, सरपंच प्रतिनिधि रघुवीर सिंह यादव, राजेन्द्र यादव ऑडिटर, जगदीश सरपंच, प्रकाश चन्द यादव, रामावतार यादव, अरविन्द यादव, विक्रम लीडर, सत्यवीर यादव, रामकरण यादव, रामसिंह यादव, बलबीर सिंह यादव, धोलाराम हवलदार, मोहन लाल, हरिराम यादव, अमरसिंह यादव समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

### ग्राम विकास अधिकारी को भावभीनी विदाई

**अलवर।** बसवा पंचायत समिति में 39 वर्षों तक सेवा देने के बाद ग्राम विकास अधिकारी लक्ष्मी नारायण प्रजापत सेवानिवृत्त हो गए। विदाई समारोह न केवल भावुकता से भरा रहा बल्कि सम्मान और उत्साह का संगम भी देखने को मिला। पंचायत समिति के कर्मचारियों, स्थानीय प्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने उन्हें डीजे, फूल-मालाओं, साफा, तोरण द्वार और गुलदस्तों से सम्मानित करते हुए शानदार विदाई दी।

समारोह के दौरान स्टाफ सदस्यों ने कहा कि लक्ष्मी नारायण प्रजापत न केवल एक ईमानदार और कर्मठ अधिकारी रहे हैं, बल्कि पंचायत राज यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में भी उन्होंने कर्मचारियों के हितों की सदैव आवाज बुलंद की। उन्होंने अपनी सेवा के दौरान कई ग्राम पंचायतों में गुणवत्ता पूर्ण विकास कार्य करवाए और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुँचाने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

विकास अधिकारी मातादीन ने कहा, आज हमें गर्व है कि लक्ष्मी नारायण जैसे ईमानदार और सेवा-निष्ठ अधिकारी ने अपनी 39 साल की सेवा पूरी कर सम्मानपूर्वक विदाई ली। यह हमारे लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण है।

लक्ष्मी नारायण प्रजापति भी मंच पर बोलते हुए भावुक हो उठे। उन्होंने कहा,यह पल मेरे लिए मिश्रित भावनाओं से भरा है। एक ओर सेवा पूरी होने का संतोष है, तो दूसरी ओर अपनों से विदा लेने का दुःख भी। लेकिन मुझे गर्व है कि मैंने हमेशा जनता की सेवा की और जो प्यार व सम्मान मुझे मिला है, वो मेरी सबसे बड़ी पूंजी है।

# किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त जारी




टोंक में किसान सम्मान निधि योजना की बैठक हुई।

**टोंक।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अन्तर्गत शनिवार को पीएम किसान उत्सव दिवस पर आयोजित प्रधानमंत्री ने देशभर के किसानो को 20वीं किस्त की राशि डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की। इस अवसर पर शनिवार को किसान सम्मान उत्सव दिवस का आयोजन जिला परिषद सभागार टोंक में किया गया, इस दौरान कार्यक्रम में देवली-उनियारा विधायक राजेंद्र गुर्जर, जिला प्रमुख सरोज बंसल, एडीएम रामरतन सौकरिया, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक वीरेंद्र सिंह सोलंकी, सहकारिता विभाग के उप रजिस्ट्रार रविंद्र सिंह यादव, उपखंड अधिकारी टोंक हुक्मीचंद रोहलानिया, डीआईओ सुशील कुमार अग्रवाल, एसीपी श्याम सुंदर जांगिड़ समेत बड़ी संख्या में जिले के किसान मौजूद रहे।

इस अवसर पर विधायक राजेंद्र गुर्जर ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में 6 हजार रुपये वार्षिक सहायता की 20 वीं किश्त आज देशभर के करोड़ों किसानों के बैंक खातों में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक क्लिक के माध्यम से हस्तांतरित की गई है। उन्होने बताया कि इसी प्रकार प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी किसानों की समृद्धि के लिए मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अन्तर्गत प्रदेश के प्रत्येक पात्र किसान को 3000रू. की राशि साल मे सीधे ही उनके खातों में हस्तांतरित कर रहे हैं। इससे निश्चित तौर पर प्रदेश के किसानों में उत्सव का माहौल है और उनके चेहरों पर खुशी आई है। सहकारिता विभाग के अनुसार टोंक जिले के 2 लाख 56 हजार 546 किसानों के बैंक खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किश्त के रूप में 51 करोड़ 30 लाख 92 हजार रुपये की राशि जमा की गई है।

### शिक्षा सफलता का सौपान

**झुंझुनूं।** एसीआई उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं कोचिंग संस्थान में प्री-फाउंडेशन, फाउंडेशन एवं आगामी विद्यालय स्तरीय परीक्षाओं के संदर्भ में एक भव्य सेमीनार का आयोजन संस्थान की पूर्व फाउंडेशन छात्रा डॉ. नीलम एवं विषय विशेषज्ञों के सानिध्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में डॉ. नीलम एवं प्री-फाउंडेशन, फाउंडेशन में सर्वश्रेष्ठ परिणाम देने वाले विद्यार्थियां को माल्यर्पण एवं पौधा देकर सम्मान किया। ज्ञात रहे कि नीलम ने गवरमेंट मेडिकल कॉलेज केरला से एमबीबीएस पूर्ण करने के पश्चात उसका सपना था कि मैं सर्वप्रथम मेरे कॉचिंग परिवार से मिलकर उनका आभार व्यक्त करूं। जिनके समर्पण के कारण मुझे ये मुकाम प्राप्त हुआ है।



रूट को बहस में उलझाकर उनका ध्यान भटकाने की योजना ओवल टेस्ट से पहले मेहमान टीम ने बनाई थी। यही योजना थी, लेकिन मुझे उम्मीद नहीं थी कि मेरे कुछ शब्दों पर उनकी इतनी तीखी प्रतिक्रिया होगी। – प्रसिद्ध कृष्णा

भारतीय गेंदबाज, रूट के साथ जुबानी जंग पर बोलते हुए।

# खेल जगत



**आज का खिलाड़ी**

### मोहम्मद शमी



**भारत** और बंगाल के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी एक बार फिर मैदान में वापसी करने वाले हैं। शमी को ईस्ट जोन के दल में दलीप ट्रॉफी 2025-26 के लिए शामिल किया गया है। इशान किशन सितारों से भरे हुए इस दल की कप्तानी करेंगे। 15 सदस्यीय दल में आकाश दीप, मुकेश कुमार और रियान पराग. अभिमन्यु ईश्वरन जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। ईश्वरन को इस दल का उप-कप्तान बनाया गया है। 34 वर्षीय शमी आख़िरी बार आईपीएल 2025 में खेले थे, जहां उन्होंने अपनी नई टीम सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के लिए नौ पारियों में छह विकेट लिए थे।

**क्या आप जानते हैं ?...** भारत ने इंग्लैंड में अब तक 10 टेस्ट मैच जीते हैं। विराट कोहली ने इनमें से 3 टेस्ट जीत अपने नाम की हैं, शुभमन गिल ने एजबेस्टन में 58 साल बाद भारत को जीत दिलाकर इतिहास रच दिया।

# जडेजा और सुंदर के अर्द्धशतकीय पारियों ने इंग्लैंड को 375 रनों का लक्ष्य

## जायसवाल ने 164 गेंदों पर नाबाद 118 रन में 14 चौके और दो छक्के लगाये





लंदन, 2 अगस्त। भारत ने पांचवें टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 396 रन बनाते हुए इंग्लैंड को जीत के लिए 374 रनों का लक्ष्य रखा है। दूसरी पारी में इंग्लैंड ने एक विकेट खोकर 50 रन बना लिए हैं। टीम को जीत के लिए 324 रन चाहिए।

रवींद्र जडेजा (53) और वॉशिंगटन सुंदर (53) रनों की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत भारत ने पांचवें टेस्ट और अंतिम टेस्ट के तीसरे दिन शनिवार को इंग्लैंड को जीतने के लिए 374 रनों का लक्ष्य दिया।

चायकाल के बाद बल्लेबाजी करने उतरी भारत का सातवां विकेट ध्रुव जुरेल (34) के रूप में गिरा। उन्हें आवर्टन ने पगबाधा आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये वॉशिंगटन सुदंर ने रवींद्र जडेजा के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। दोनों बल्लेबाजों ने आठवें विकेट के लिए 34 रन जोड़े। जॉश टंग ने रवींद्र जडेजा को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। जडेजा ने 77 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 53 रन बनाये। इसी ओवर में टंग ने मोहम्मद सिराज (शून्य) को आउट कर भारत नौवां झटका दिया। इसके बाद वॉशिंगटन ने आक्रामक बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए अपना अर्धशतक पूरा किया। एक समय ऐसा लग रहा था कि वॉशिंगटन भारत को स्कोर को 400 के पार पहुंचा देंगे।

इसी दौरान टंग ने उन्हें क्रॉली के हाथों कैच आउट कराकर भारत की दूसरी पारी का 396 रन के स्कोर पर अंत कर दिया। पहली पारी में इंग्लैंड को मिली 23 रनों की बढ़त के आधार पर उसने जीत के लिए अब 374 रन बनाने है। वॉशिंगटन सुंदर ने 46 गेंदों में चार चौके और चार छक्के लगाते हुए 53 रन बनाये। इससे पहले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (118) के शानदार शतक से भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ चायकाल तक छह विकेट पर 304 रन बनाकर 281 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली थी। जायसवाल ने 164 गेंदों पर नाबाद 118 रन में 14 चौके और दो छक्के लगाए। नाईट वॉचमैन आकाशदीप ने 94 गेंदों पर 12 चौकों की मदद से 66 रन बनाये। करूण नायर 17 रन बनाकर आउट हुये।

भारत ने कल के दो विकेट पर 75 रन से आगे खेलना शुरु किया। आज सुबह के सत्र में यशस्वी जायसवाल और आकाश दीप इंग्लैंड की गेंदबाजी का दृढता के साथ सामना करते हुए कमजोर गेंदों पर प्रहार कर रन बटोरे। इस दौरान आकाश दीप ने गस ऐटकिंसन की गेंद पर चौका लगाकर अपने टेस्ट करियर का पहला अर्धशतक पूरा किया। आकाश दीप ने 73 गेंदों में नौ चौकों की मदद से अपना अर्धशतक बनाया। आकाश दीप द्वारा चौका लगाने के साथ ही भारतीय ड्रेसिंग रूम में सभी टीम साथी खड़े होकर तालियां बजाते हुए देखे गये। आकाश दीप ने अपनी मुट्ठी बांधी। जायसवाल ने भी उन्हें गले लगाया और इस पल का आनंद लिया। इसके बाद इंग्लैंड की गेंदबाजों की खबर ले रहे आकाश दीप को जेमी ओवर्टन ने ऐटकिंसन के हाथों कैच आउट कराकर भारत को तीसरा झटका दिया।

आकाश दीप ने 94 गेंदों में 12 चौके लगाते हुए (66) रनों की पारी खेली। यशस्वी और आकाश दीप के बीच तीसरे विकेट के लिए 107 रनों की साझेदारी हुई। कप्तान शुभमन गिल 11 रन बनाकर आउट हुये। गिल ने इस तरह इस सीरीज में 750 रनों का आंकड़ा पार कर लिया और महान सुनील गावस्कर के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गये। इंग्लैंड की ओर से जॉश टंग ने 125 रन देकर पांच विकेट लिये। गस ऐटकिंसन को तीन विकेट मिले और जेमी ओवर्टन ने दो बल्लेबाज को आउट किया।

## वार्नर ने इंग्लैंड के रूट पर एशेज को लेकर कटाक्ष किया

लंदन, 2 अगस्त। डेविड वार्नर ने कहा कि अगर इंग्लैंड को इस सर्दी में ऑस्ट्रेलिया में सफल होना है, तो जो रूट को अपने अगले पैर से सर्फबोर्ड हटाना होगा। 38 वर्षीय वार्नर, द हंड्रेड में लंदन स्पिरिट के साथ खेलने के लिए इंग्लैंड में हैं और हालांकि वह एक महीने के लिए लॉर्ड्स को अपना घर कहने के लिए उत्सुक हैं, लेकिन वह अपने पूर्व एशेज प्रतिद्वंद्वियों पर एक हल्का-फुल्का कटाक्ष करने से खुद को नहीं रोक पाए। इंग्लैंड नवंबर के अंत में एशेज में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगा, जब वे 10 साल में पहली बार एशेज श्रृंखला जीतने की कोशिश करेंगे। वार्नर ने बीबीसी स्पोर्ट से कहा, इसमें सबसे बड़ा एंकर रूटी (इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट) हैं, जिन्होंने अभी तक ऑस्ट्रेलिया में शतक नहीं बनाया है। रूट के अक्सर एलबीडब्ल्यू आउट होने की धारणा के संदर्भ में, वार्नर ने कहा: जोश हेजलवुड का नंबर अक्सर उनके सामने होता है। उन्हें अपने अगले पैर से सर्फबोर्ड हटाना होगा।

## गावस्कर का रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाए शुभमन गिल



लंदन, 2 अगस्त। भारतीय कप्तान शुभमन गिल सलामी बल्लेबाज सुनील गावस्कर का एक सीरीज में सर्वाधिक 774 रन बनाने का भारतीय रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाए। गिल इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में भारत की दूसरी पारी में 11 रन बनाकर आउट हो गए। गिल के इस सीरीज में 754 रन रहे और उनके हाथ से गावस्कर का 1970-71 में वेस्ट इंडीज में 774 रन बनाने का रिकॉर्ड तोड़ने का मौका निकल गया। लेकिन गिल एक सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में दुनिया में 19वें नंबर पर पहुंच गए।

मौजूदा भारतीय कप्तान ने हालांकि अपने 754 रनों से गावस्कर का 1978-79 में वेस्ट इंडीज के खिलाफ घरेलू सीरीज में 732 रन बनाने का रिकॉर्ड तोड़ दिया और सीरीज में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में दूसरे नंबर पर पहुंच गए। गिल मौजूदा सीरीज में अपने असाधारण प्रदर्शन से गावस्कर के रिकॉर्ड को तोड़ने के करीब नजर आ रहे थे लेकिन पांचवें टेस्ट में 21 और 11 रन बनाने के बाद मौका उनके हाथ से निकल गया। बतौर कप्तान गिल अब ग्राहम गूच के 752 रन को छोड़ कर एक सीरीज में दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उनसे ऊपर अब सिर्फ़ डॉन ब्रैडमैन (810) रन हैं।

## एशिया कप : भारत-पाक मुकाबले के लिए बीसीसीआई की सहमति के खिलाफ शिवसेना ने किया प्रदर्शन

जम्मू, 2 अगस्त। शिवसेना (यूबीटी) की जम्मू-कश्मीर इकाई ने बीसीसीआई द्वारा आगामी एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ खेलने के लिए सहमति जताए जाने का आज विरोध किया। उन्होंने कहा कि पिछले चार दशकों से आतंकवाद का गंदा खेल खेल रहे पाकिस्तान के साथ खेल संबंध बहाल करना देश की जनभावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कदम होगा। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष मनीष साहनी ने कहा, पिछले चार दशकों से जम्मू-कश्मीर में पुलवामा और पहलगाम हमलों सहित आतंकवाद का गंदा खेल खेल रहे पाकिस्तान के साथ खेल संबंध बहाल करना देश की जनभावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कदम होगा। मैच के दौरान सट्टेबाजी से आतंकवाद को बढ़ावा मिलता है। जब जल और वायु क्षेत्र को रोका जा सकता है, तो खेल संबंध क्यों? साहनी ने बीसीसीआई पर राष्ट्रीय भावनाओं को ठेस पहुंचाने और अपनी तिजोरियां भरने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने बीसीसीआई को हाल ही में आयोजित चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के दौरान भारतीय खिलाड़ियों (जिन्होंने पाकिस्तान के साथ लीग और सेमीफाइनल खेलने से साफ इनकार कर दिया था) से सीख लेने की सलाह दी है। साहनी ने मोदी सरकार से मांग की है कि वह बीसीसीआई को पाकिस्तान के साथ मैच न खेलने के संबंध में सख्त निर्देश जारी करे। इसके साथ ही, भारत के साथ मैच होने की स्थिति में देश प्रेम को देखते हुए उन्होंने स्टेडियम और मैच का प्रसारण करने वाले टीवी चैनलों का बहिष्कार करने की अपील की है। एशिया क्रिकेट कप 2025 नौ सितंबर से शुरू हो रहा है। जारी कार्यक्रम के अनुसार, टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच दो मैच होंगे। वहीं अगर दोनों टीमें फाइनल में पहुंचती हैं तो भारत और पाकिस्तान के बीच तीन बार मुकाबला होगा।

## साफ्ट हॉकी फैडरेशन देशभर में एक लाख खिलाड़ियों को निःशुल्क हॉकी किट देगा



जयपुर, 2 अगस्त। एमेच्योर साफ्ट हॉकी फेडरेशन ने फेडरेशन अध्यक्ष डॉ. आशुतोष पंत के नेतृत्व में अपने घर-घर हॉकी अभियान के तहत देशभर में एक लाख खिलाड़ी तैयार करने का बीड़ा उठाया है। इसके लिए फेडरेशन की राज्य और जिला इकाइयों के प्रतिनिधि गांव और ढाणियों में पहुंचकर टेलेंट सर्च करेंगे और फिर उनका रजिस्ट्रेशन कर उन्हें निशुल्क हॉकी और किट देने के साथ उच्च स्तरीय कोचिंग भी मुहैया कराएंगे। साफ्ट हॉकी फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष आशुतोष पंत ने शनिवार को यहां कहा कि भारत 2036 के ओलंपिक खेलों की मेजबानी का दावा कर रहा है। हमारा सपना है कि जब भारत में ओलंपिक खेल हों तो हॉकी का गोल्ड अपना हो। पंत ने कहा कि हॉकी हमारा राष्ट्रीय खेल है और सॉफ्ट हॉकी इसी खेल का छोटा वर्जन है। छोटा ग्राउण्ड और साफ्ट बॉल से खेलकर खिलाड़ी मूल हॉकी तक भी पहुंच सकते हैं।

**19 देशों में बनीं इकाई :** फेडरेशन के महासचिव रमेश सिंह ने कहा कि जयपुर से शुरू हुआ ये खेल अब भारत के सभी स्टेटों के बाद 19 देशों तक पहुंच गया है। इन देशों में साफ्ट हॉकी की इकाइयों के गठन के साथ ये खेल युवाओं में लोकप्रिय हो रहा है। उन्होंने कहा इसे देखते हुए जल्दी ही साफ्ट हॉकी की पहली इंटरनेशनल लीग का आयोजन संभवत: दुबई या सिंगापुर में किया जा सकता है। रमेश ने कहा कि मात्र चार साल पहले शुरू हुए इस खेल की अब तक चार नेशनल चैंपियनशिप हो चुकी हैं और एशियन चैंपियनशिप की मेजबानी इसी साल भारत करेगा।

**लीग के लिए जयपुर और दिल्ली में होगा प्लेयर ऑक्शन :** सॉफ्ट हॉकी लीग के वाइस चेयरमैन डॉ. आदित्य नाग ने बताया कि दूसरी साफ्ट हॉकी लीग की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। लीग का आयोजन सितम्बर- अक्टूबर में गोवा और जयपुर में दो चरण में किया जाएगा। इसके लिए खिलाड़ियों का ऑक्शन दिल्ली और जयपुर में सितम्बर के मध्य में किया जा सकता है। फेडरेशन के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने कहा कि खेल को बढ़ाने के लिए हम जल्दी ही स्कूलों, कॉलेजों और यूनिवर्सिटियों के साथ एमओयू कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि जल्दी ही इस खेल को ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स और एसजीएफआई में शामिल कर लिया जाएगा।

## लक्ष्य सेन, थारुन मन्नेपल्ली की हार के साथ भारत का मकाऊ ओपन में अभियान समाप्त

मकाऊ, 2 अगस्त। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन और थारुन मन्नेपल्ली की शनिवार को मकाऊ ओपन 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में हार के साथ बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत का अभियान समाप्त हो गया।

मकाऊ ईस्ट एशियन गेम्स डोम में 39 मिनट तक चले मुकाबले में पेरिस 2024 सेमीफाइनलिस्ट लक्ष्य सेन को पूर्व जूनियर विश्व चैंपियन इंडोनेशिया के विश्व नंबर 25 अल्वी फरहान से 16-21, 9-21 के स्कोर से हार का सामना करना पड़ा। बैडमिंटन रैंकिंग में 17वें और टूर्नामेंट में दूसरी वरीयता प्राप्त पेरिस भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने मैच की शुरुआत शानदार अंदाज में की और लगातार तीन अंक हासिल किए, लेकिन टूर्नामेंट में पांचवीं वरीयता प्राप्त फरहान ने चार अंक हासिल कर लिए।

इसके बाद, लक्ष्य ने इंडोनेशियाई खिलाड़ी से बढ़त हासिल करने की लगातार प्रयास किया लेकिन आखिर में पहला गेम अल्वी ने जीत लिया। दूसरे गेम में भी अल्वी ने अपनी लय बरकरार रखी और आक्रामक प्रदर्शन के साथ दूसरा गेम भी आसानी से अपने नाम कर लिया। फरहान अब लक्ष्य से 1-0 से आगे हैं।

## गोवा, मिजोरम, राजस्थान, मणिपुर, केरल, हिमाचल और दिल्ली ने जीते मैच

काकीनाडा, 2 अगस्त। 15वीं हॉकी इंडिया जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दूसरे दिन शनिवार को डिवीजन 'सी' के मैचों में गोवा, मिजोरम और राजस्थान ने तथा डिवीजन 'बी' में मणिपुर, केरल और दिल्ली ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज की जबकि हिमाचल और तमिलनाडु के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। आज यहां डिवीजन 'सी' के पहले मैच में गोवा ने दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव को 4-0 से हराया। गोवा के लिए प्रियंका बाल्मीक ने (10वें, 25वें) मिनट, प्राची परशुराम यादव ने (चौथे) मिनट और राशि सूर्यवंशी ने (59वें) मिनट में गोल किए।

## डायलो को हराकर फ्रिट्ज नेशनल बैंक ओपन के चौथे दौर में

टोरंटो, 2 अगस्त। दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने कनाडा के गेब्रियल डायलो को हराकर नेशनल बैंक ओपन के अगले दौर में जगह बना ली है। वहीं महिला एकल वर्ग के मुकाबले में जेसिका पेगुला को हार का सामना करना पड़ा। शुक्रवार की रात खेले गये तीसरे दौर के मुकाबले में फ्रिट्ज ने 6 फुट 8 इंच लंबे गेब्रियल डायलो को 6-4, 6-2 से हराया। फ्रिट्ज का चौथे दौर में चेक गणराज्य के 19वें वरीय जिरी लेहेका से मुकाबला होगा। लेहेका ने 15वें वरीय फ्रांस के आर्थर फिल्स को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया।

### राज. कुश्ती संघ के अध्यक्ष दत्ता ने खिलाड़ियों को बधाई दी

## भारत ने विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप में अंडर-17 महिला टीम का जीता खिताब



नई दिल्ली, 2 अगस्त। भारतीय कुश्ती महासंघ ने आज कहा कि भारत ने विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अंडर-17 महिला टीम का खिताब जीत लिया है। डब्ल्यूएफआई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर यह घोषणा करते हुए लिखा, भारत ने 151 अंकों के साथ विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अंडर-17 महिला टीम का खिताब जीता। अमेरिका (दूसरे) और जापान (तीसरे) स्थान पर रहा। भारतीय युवा पहलवानों के लिए गर्व का क्षण।

भारत ने इस प्रतियोगता में कुल/पदक जीते हैं, जिसमें राजस्थान की महिला पहलवानों का प्रदर्शन विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा। अश्विनी विश्नोई ने 65 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर देश और प्रदेश का गौरव बढ़ाया।

कोमल वर्मा ने 49 किलो भार वर्ग में कांस्य पदक अपने नाम किया। इस शानदार उपलब्धि पर राजस्थान कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजीव दत्ता ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी और कहा कि यह सिर्फ शुरुआत है, राजस्थान जल्द ही कुश्ती के क्षेत्र में देश का सिरमौर बनेगा। उन्होंने कहा, ''राजस्थान की कुश्ती प्रतिभाओं को हर आवश्यक सुविधा दी जाएगी ताकि वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के लिए और अधिक पदक जीत सकें।'' डब्ल्यूएफआई के अनुसार भारतीय महिला कुश्ती टीम ने दो स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य सहित कुल छह पदक जीते। यह उपलब्धि विश्व मंच पर भारत की अंडर-17 महिला कुश्ती टीम की लगातार दो ऐतिहासिक जीत का प्रतीक है। कुल 151 अंकों के साथ, भारत ने कुश्ती की दिग्गज टीम अमेरिका को पछाड़ा। अमेरिका 142 अंक के साथ दूसरे और जापान ने 113 अंकों के साथ तीसरा स्थान पर रहा।

## नागौर बना राज्य स्तरीय सब जूनियर बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का चैम्पियन



जयपुर, 2 अगस्त। राजस्थान फुटबॉल संघ द्वारा राज्य स्तरीय सब जूनियर बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय विद्याधर नगर स्टेडियम जयपुर मे आयोजित किया गया। प्रतियोगिता मे आज 2 सेमी फाइनल और फाइनल खेला गया।

**प्रथम सेमी फाइनल-** जिला फुटबॉल संघ बीकानेर और जिला फुटबॉल संघ झुंझनु के मध्य खेला गया जिसमे बीकानेर की टीम 4-0 से विजेता रहकर फाइनल मे प्रवेश किया। बीकानेर की तरफ से पूजा ने 3 गोल किया, अनुष्का ने 1 गोल किया।

**द्वितीय सेमी फाइनल-** जिला फुटबॉल संघ जयपुर और जिला फुटबॉल संघ नागौर के मध्य खेला गया इस मुकाबले मे नागौर टीम 5-0 से विजेता रहकर फाइनल मे प्रवेश किया। नागौर की तरफ से अनुराधा ने 2, रुचिका ने 1, राधिका ने 1 गोल किया।

### नागौर विजेता रही

फाइनल मैच बहुत ही रोमांचक रहा मैच के शुरुआत से ही दोनों टीमों ने आक्रमांक फुटबॉल खेली जिसका फायदा बीकानेर टीम को आठवे मिनट मे मिला बीकानेर की टीम की पूजा से गोल करे टीम को 1 गोल की बढ़त दिलाई परन्तु नागौर टीम की राधिका ने 19 वे एवम 34 वे मिनट मे गोल कर के नागौर को मध्यतर तक 2-1 से आगे करे दिया। मध्यतर के बाद बीकानेर की पूजा से 58 वे मिनट मे गोल कर के स्कोर बराबरी का करे दिया परन्तु नागौर की राधिका ने 63 वे एवम 67 वे मिनट मे गोल करे के स्कोर 4-2 करे दिया जो स्कोर मैच समाप्ति तक रहा।

मैच समाप्ति के बाद पुरस्कार समारोह मे मुख्य अतिथि रोशनी टाक चेयरपर्सन महिला विंग राजस्थान फुटबॉल संघ, एवं विशिष्ट अतिथि कृष्ण अवतार सयुंक्त सचिव राजस्थान फुटबॉल संघ, जशवंत सिन्हा अन्तर्राष्ट्रीय खिलाडी, फरहत अली (सचिव नागौर) ने विजेता उपविजेता और तीसरे स्थान पर रहने वाली टीमों को पुरस्कार एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

### एचसीएल इंडिया स्क्वैश टूर का जयपुर चरण कल से एसएमएस स्टेडियम में

## दस देशों के 50 से ज्यादा खिलाड़ी पीएसए रैंकिंग अंकों के लिए करेंगे मुकाबला



जयपुर, 2 अगस्त। स्क्वैश रैकेट फेडरेशन ऑफ इंडिया और एचसीएल की ओर से शुरू किए एचसीएल इंडिया स्क्वैश टूर के पहले चरण का आयोजन सोमवार से यहां जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम स्क्वैश कोर्ट्स पर किया जाएगा। एचसीएल चैलेंजर टूर के अन्य चरणों का आयोजन मुंबई, चेन्नई, बेंगलुरु, अहमदाबाद और दिल्ली में होगा। टूर्नामेंट में पुरुष और महिला वर्ग में नौ- नौ हजार यूएस डॉलर की इनामी राशि होगी। एसआरएफआई की उपाध्यक्ष और पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुरभि मिश्रा के अनुसार 4 से 8 अगस्त तक सवाई मानसिंह स्टेडियम में आयोजित होने वाले जयपुर चरण में 10 देशों के 50 से अधिक खिलाड़ी भाग लेंगे। पुरुष और महिला वर्ग दोनों में 24-24 खिलाड़ियों का नॉकआउट ड्रॉ होगा, जिसमें शीर्ष 8 खिलाड़ियों को सीधे दूसरे दौर में प्रवेश मिलेगा।

### मिस्त्र के खिलाड़ी जयपुर पहुंचे

उन्होंने बताया कि भारत सरकार के खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग से आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारत के अलावा मिस्त्र, जापान, श्रीलंका, मलेशिया, हांगकांग, कनाडा, चीन, कुवैत और दक्षिण कोरिया के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। मिस्त्र के खिलाड़ी यहां पहुंच चुके हैं। मेहमान खिलाड़ियों ने शनिवार को स्क्वैश एकेडमी कोर्ट्स पर अभ्यास किया।

### जोशना और तन्वी होंगी आकर्षण

टूर्नामेंट के महिला वर्ग में एशियाई खेलों की पदक विजेता भारत की जोशना चिनप्पा और तन्वी खन्ना भी हिस्सा लेंगी। जोशना को वर्ल्ड में 108 और तन्वी को 126वीं रैंक हासिल है। इसके अलावा वर्ल्ड रैंकिंग में 94वें नम्बर की खिलाड़ी नूर खाफागी (मिस्त्र), वर्ल्ड नम्बर 99 मेन्ना वलीद (मिस्त्र), 105वीं रैंक की अकारी मिदोरिकावा (जापान), 114वीं रैंक की गोह झी शुआन (मलेशिया) जैसी शीर्ष खिलाड़ी आकर्षण का केन्द्र होंगी।

### पुरुष वर्ग में सूरज करेंगे भारतीय चुनौती का नेतृत्व

पुरुष वर्ग में विश्व में 153वें नम्बर के खिलाड़ी सूरज कुमार चंद भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे। वहीं हाल ही मिस्त्र में वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता आर्यवीर दीवान को वाइल्ड कार्ड एंट्री दी गई है। इसके अलावा टूर्नामेंट शीर्ष खिलाड़ियों में मिस्त्र के यासिन शोहडी (105 रैंक), जापान के टोमों एंडो (110), श्रीलंका के रविन्दु लक्सिरी (113), मलेशिया के डैरेन प्रगासस (115) और मिस्त्र के मोहम्मद गोहर (150) शामिल हैं।

### उच्च श्रेणी की होगी इवेंट

एचसीएल के ब्रांड प्रमुख रजत चंदोलिया ने कहा कि हमने टूर को उच्च श्रेणी के इवेंट्स में अपग्रेड किया है ताकि भारतीय खिलाड़ी देश में रहकर भी अंतरराष्ट्रीय मुकाबले कर सकें और पीसीए अंकों की दौड़ में मजबूत हों। 2028 ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए हमारा लक्ष्य एक ग्रेस टैलेंट पाइपलाइन बनाना है। वहीं एसआरएफआई के महासचिव साइरस पोंचा ने कहा कि 2016 से एचसीएल के साथ साझेदारी ने भारतीय स्क्वैश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

## आरसीए (पुरुष-महिला) टीमों के सपोर्ट स्टॉफ से आगामी क्रिकेट सत्र की तैयारियों पर की अहम चर्चा : कुमावत



जयपुर, 2 अगस्त। आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत ने बताया कि आज बीसीसीआई के आगामी क्रिकेट सत्र 2025 - 26 की विभिन्न आयु वर्ग की राष्ट्रिय क्रिकेट प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली राजस्थान टीम के सपोर्ट स्टाफ के साथ व आरसीए के घरेलू क्रिकेट सत्र की आगामी गतिविधियों व प्रतियोगिताओं के दौरान खिलाडियों को उच्च स्तरीय सुविधा उपलब्ध कराने व उनके प्रदर्शन को बेहतर बनाने के विभिन्न क्षेत्रों पर अहम् चर्चा हुई।

संयोजक ने बताया कि टीमों के सपोर्ट स्टाफ ने खिलाडियों के प्रदर्शन में निखार लाने के लिए विभिन्न सुझाव दिए। मीटिंग के दौरान एडहॉक संयोजक डी डी कुमावत , सदस्य पिंकेश पोरवाल, आरसीए सीनियर चयन कमेटी चेयरमेन राहुल कांवट, आरसीए सीनियर चयन कमेटी चेयरमेन कोमल चौधरी, आरसीए पुरुष टीमों के मेंटर पंकज सिंह, आरसीए महिला टीमों की मेंटर मेघा गौड़ ने भी सभी टीमों के स्पोर्ट स्टाफ के साथ उनके सुझावों की उपयोगिता पर गहन चर्चा की।

**आरसीए पैनल अंपायर-स्कोरर रिफ्रेशर 2025 आगामी 5-6 को जयपुर में**

आरसीए एडहॉक कमेटी संयोजक डी डी कुमावत ने कहा कि जब से एडहॉक कमेटी का गठन हुआ है उनका व सभी सदस्यों का पूरा प्रयास रहा है की राज्य के युवा खिलाडियों के लिए हर स्तर पर उचित खेल का वातावरण व सहायता उपलब्ध कराई जाये जिससे उन्हें आगामी घरेलू क्रिकेट सत्र में न केवल खेलने का मौका मिले साथ ही उन्हें उच्च स्तरीय विकेट, मैदान व प्रशिक्षित मैच ऑफिशल्स उपलब्ध हो सके।

संयोजक के अनुसार राज्य के भजन लाल शर्मा के विजन राज्य में खेल व खिलाडियों के उच्चस्तरीय विकास की राह से न केवल सभी अवरोधों को दूर करना साथ जी युवा खिलाडियों को सभी संभव विकसित तकनीक उपलब्ध कराने के साथ राज्य में बेहतर खेल का माहौल बने की कड़ी में हम लगातार कार्य कर रहे हैं। संयोजक के अनुसार आरसीए द्वारा आयोजित होने वाले अंपायर व स्कोरर फ्रेशर सेमिनार से मैच ऑफिशियल को न केवल लाभ मिलेगा साथ ही उन्हें खेल के दौरान आने वाली सभी परिस्थितियों में किस प्रकार धैर्य, संयम व एकाग्रचित होकर क्या निर्णय लेना से जिस से खेल व खिलाडी का भविष्य उज्जवल हो व खेल को किसी भी प्रकार से कोई हानि न पहुंचे उस निर्णय को लेने में आसानी होगी।

राजस्थान क्रिकेट संघ खिलाडियों के प्रशिक्षण शिविर के साथ मैच ऑफिशियल के लिए सेमिनार आयोजित कर रहा है उससे न केवल खिलाडियों को फायदा मिलेगा साथ ही मैच ऑफिशियल को भी घरेलू क्रिकेट में कठिन परिस्थितियों का सामना करने व निर्णय लेने में मदद मिलेगी।

# विशेष अदालत ने वाड्रा के खिलाफ धन शोधन मामले में नोटिस जारी किया

## ईडी ने गुरुग्राम जमीन सौदे में भ्रष्टाचार के मामले में वाड्रा के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था

नयी दिल्ली, 02 अगस्त। दिल्ली की एक विशेष अदालत ने धन शोधन के मामले में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा को शनिवार को नोटिस जारी किया।

राउज़ एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सुशांत चंगोत्रा ने हरियाणा के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से गुरुग्राम में एक जमीन सौदे से जुड़े कथित भ्रष्टाचार की शिकायत पर दर्ज मुकदमे में यह नोटिस जारी किया। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष की शिकायत पर संज्ञान लेने से पहले वह वाड्रा और मामले के 10 अन्य के प्रस्तावित आरोपियों का पक्ष सुनेगी। ईडी ने उनके खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है।

- **वाड्रा की कंपनी ने फरवरी 2008 में 7.5 करोड़ रूपये में 3.5 एकड़ भूमि खरीदी। आरोप है कि यह लेन-देन कथित तौर पर झूठे दस्तावेज़ों के आधार पर किया गया था।**

विशेष अदालत इस मामले में अगली सुनवाई 28 अगस्त को करेगी।

शिकायत के मुताबिक, यह मामला वाड्रा की कंपनी स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी द्वारा फरवरी 2008 में ओंकारेश्वर प्रॉपर्टीज़ से 7.5 करोड़ रुपए में खरीदी गई 3.5 एकड़ ज़मीन से जुड़ा है। यह लेन-देन कथित तौर पर झूठे दस्तावेजों के आधार पर किया गया था। ईडी का दावा है कि इस लेनदेन के बाद संपत्ति का बैनामा स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी के पक्ष में करने के 24 घंटे के भीतर हस्तांतरित की प्रक्रिया पूरी कर ली गई।

केंद्रीय जांच एजेंसी ने यह भी यह आरोप लगाया है कि तत्कालीन हरियाणा सरकार ने वाड्रा की फर्म को तुरंत वाणिज्यिक लाइसेंस प्रदान कर दिया, जिससे जमीन का बाजार मूल्य नाटकीय रूप से बढ़ गया।

स्काईलाइट हॉस्पिटैलिटी ने सितंबर 2012 में यह जमीन दिग्गज कंपनी डीएलएफ को 58 करोड़ रुपए में बेच दी, जिससे कथित तौर पर वाड्रा को अप्रत्याशित मुनाफा हुआ।

## सुरक्षा बलों ने कुलगाम में दो आतंकवादी मारे

श्रीनगर, 02 अगस्त। जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में शनिवार को दो आतंकवादी मारे गये।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक तीन से पांच आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस, सीआरपीएफ और सेना की संयुक्त टीमों ने शुक्रवार की शाम अखल खुलसन वन क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया था। सुरक्षा बलों ने वहां छिपे हुए आतंकवादियों पर निशाना साधा जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गयी।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ में अब तक दो आतंकवादी मारे गए हैं। मुठभेड़ अभी भी जारी है।

उन्होंने बताया कि मारे गए आतंकवादियों की अभी पहचान नहीं की जा सकी है।

कश्मीर में इस सप्ताह सुरक्षा बलों की आतंकवादियों के साथ यह दूसरी मुठभेड़ है। इससे पहले गत 28 जुलाई को श्रीनगर के बाहरी इलाके हरवान-दाचीगाम वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा के तीन पाकिस्तानी आतंकवादी मारे गये थे जो 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में शामिल थे।

# कुल्लू में जल विद्युत परियोजना का कोफर-डैम टूटा

## सामने आये वीडियो में कई वाहन बहते दिखे, निचले इलाकों में दहशत

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 02 अगस्त। हिमाचल प्रदेश में लगातार हो रही भारी बारिश के बीच एक बांध टूट गया, जिससे कई वाहन बह गए और नीचे के इलाकों में दहशत फैल गई। एक डरावना वीडियो सामने आया है, जिसमें हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में मलाणा-1 जलविद्युत परियोजना का कोफरडैम अचानक आई बाढ़ के चलते टूटता हुआ दिखाई दे रहा है।

सौभाग्यवश, इस हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। लगातार बारिश और अचानक आई बाढ़ के कारण पार्वती नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। यह नदी भुंतर के पास ब्यास नदी से मिलती है, जो कुल्लू से लगभग 10 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है।

इससे पहले, मंडी जिले के पंडोह डैम के पास चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे पर एक भारी भूस्खलन हुआ,

- **चंडीगढ़-मनाली नैशनल हाईवे पर भारी भूस्खलन से सड़क का हिस्सा धंस गया। इससे यह हाईवे फिलहाल बंद कर दिया गया है।**

जिससे सड़क पूरी तरह बंद हो गई और क्षेत्र में यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ।

रिपोर्ट्स के अनुसार, हाईवे का लगभग 50 मीटर हिस्सा धँस गया। माना जा रहा है कि यह भूस्खलन लगातार बारिश की वजह से हुआ। पंडोह डैम और बगलामुखी रोपवे के बीच चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे का एक हिस्सा सड़क धँसने के कारण टूट गया।

मंडी की पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा ने बताया, "पंडोह डैम के पास भूस्खलन के कारण मंडी में चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे बंद हो गया है। पिछले रात से लगातार हो रही बारिश को इसका कारण माना जा रहा है।'

इस बीच, हिमाचल प्रदेश में मानसून की मार ने पूरे राज्य में आवश्यक सेवाओं को बुरी तरह प्रभावित किया है। राज्य आपातकालीन संचालन केन्द्र (एच.ई.ओ.सी.) के अनुसार, 2 अगस्त सुबह 10:00 बजे तक कुल 383 सड़कें बंद हैं, 747 डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर (डी.टी.आर.) काम नहीं कर रहे हैं, और 249 जलापूर्ति योजनाएं बारिश से हुए नुकसान के कारण बंद पड़ी हैं।

पिछले कुछ दिनों की तुलना में यह स्थिति काफी गंभीर हो गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग एन.एच.- 305, एन.एच.-505, एन.एच.-21 और -एन.एच.-03 जैसे मुख्य मार्ग भूस्खलन और मलबे के कारण बंद हो चुके हैं। चंबा, कुल्लू, मंडी और ऊना जैसे जिलों की कई आंतरिक सड़कें भी बंद हैं, जिससे राहत और मरम्मत कार्यों में और कठिनाई हो रही है।

## चुनाव आयोग ने बूथ लेवल अधिकारियों का पारिश्रमिक दोगुना किया

नयी दिल्ली, 02 अगस्त। चुनाव आयोग ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) का पारिश्रमिक दोगुना करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही आयोग ने निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी और सहायक अधिकारियों को भी मानदेय देने का निर्णय किया है। आयोग ने यहां जारी विज्ञिप्त में बताया कि मतदाता सूची बनाने और पुनरीक्षण कार्य में लगे अधिकारियों के पारिश्रमिक में महत्वपूर्ण वृद्धि की गई है। बीएलओ का वार्षिक पारिश्रमिक दोगुना कर दिया है। इसके अलावा, बीएलओ पर्यवेक्षकों के पारिश्रमिक में भी वृद्धि की गई है। चुनाव आयोग ने कहा है कि इसके साथ ही पहली बार निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी और सहायक निर्वाचक पंजीकरण

- **मतदाता सूची बनाने व पुनरीक्षण करने वाले अधिकारियों को भी उल्लेखनीय वृद्धि दी गई।**
- **चुनाव आयोग के अनुसार, इन अधिकारियों के मानदेय में पिछली बार संशोधन 2015 में किया गया था।**

अधिकारी को भी मानदेय देने का निर्णय लिया गया है। पिछली बार इस संबंध में संशोधन 2015 में किया गया था। आयोग ने संशोधित पारिश्रमिक का विवरण देते हुए कहा कि बूथ लेवल अधिकारी को 6000 से 12000, मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए बीएलओ को प्रोत्साहन राशि 1000 से 2000, बीएलओ पर्यवेक्षक को 12000 से 18000 तथा सहायक पंजीकरण अधिकारी को अब 25000 रुपए रुपए मिलेंगे। इसी तरह से सहायक पंजीकरण अधिकारी को 30000 देने का निर्णय लिया गया है। पहले इस दोनों अधिकारियों को कुछ नहीं मिलता था। इसके अतिरिक्त, आयोग ने विशेष गहन पुनरीक्षण के अंतर्गत बीएलओ को 6000 की अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि देने की भी मंजूरी दी है।

### अनिल अंबानी प्रकरण:

# ईडी ने बिस्वाल ट्रेडलिंक प्राइवेट के एमडी को गिरफ्तार किया

## इस कंपनी ने 68.2 करोड़ रूपये की फर्जी बैंक गारन्टी तैयार की थी

नई दिल्ली, 02 अगस्त। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने फर्जी बैंक गारंटी मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए, बिस्वाल ट्रेडलिंक प्राइवेट लिमिटेड (बीटीपीएल) के मैनेजिंग डायरेक्टर पार्थ सारथी बिस्वाल को मनी लॉन्ड्रिंग कानून के तहत गिरफ्तार कर लिया है। यह मामला दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा द्वारा दर्ज एफआईआर पर आधारित है। इस एफआईआर में कंपनी, उसके डायरेक्टर्स और अन्य लोगों के खिलाफ सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया में फर्जी बैंक गारंटी जमा करने के आरोप हैं।

ईडी की जांच में खुलासा हुआ है कि बीटीपीएल ने 68.2 करोड़ रुपये की फर्जी बैंक गारंटी तैयार की। उसे एसबीआई की फर्जी एंडोर्समेंट और

- **ईडी की जाँच में सामने आया कि 2019 में शुरु की गई छोटी सी कंपनी कई ऐसे बैंक खातों का इस्तेमाल कर रही थी, जिनकी जानकारी अधिकारिक रिकॉर्ड में नहीं थी।**

बनावटी ईमेल आईडी के जरिए वैध दिखाने की कोशिश की। इस फर्जी बैंक गारंटी के बदले रिलायंस पावर लिमिटेड से कंपनी को 5.40 करोड़ रुपये मिले थे। जांच में यह भी सामने आया कि 2019 में शुरू हुई यह छोटी सी कंपनी कई ऐसे बैंक खातों का इस्तेमाल कर रही थी, जिनकी जानकारी आधिकारिक रिकॉर्ड में नहीं थी। कंपनी के लेनदेन उसके घोषित टर्नओवर से कहीं ज्यादा पाए गए हैं। कंपनी के रजिस्टर्ड ऑफिस पर जरूरी दस्तावेज भी नहीं मिले, जैसे कि अकाउंट बुक्स, शेयरहोल्डर रजिस्टर आदि। जांच में यह भी पाया गया कि कई डमी डायरेक्टर्स को सिर्फ दस्तावेजों पर साइन करने के लिए इस्तेमाल किया गया था। अब तक कंपनी के कम से कम 7 ऐसे बैंक खाते मिले हैं, जिनमें करोड़ों की मनी लॉन्ड्रिंग का पैसा ट्रैक किया गया है। ईडी ने पार्थ सारथी बिस्वाल को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें रिमांड पर भेज दिया गया है। मामले की जांच अभी जारी है।

# नौ वर्ष के बालक की बलि, 4 गिरफ्तार

## कथित तौर पर पूजा पाठ के बाद चाकू से गला रेत कर बलि दी गई

देवरिया,02 अगस्त। उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के भलुअनी क्षेत्र में तंत्र-मंत्र के चक्कर में एक नौ वर्षीय बालक की नरबलि देने के आरोप में पुलिस ने शनिवार को चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर ने बताया कि 17 अप्रैल को क्षेत्र के ग्राम पटखौली निवासी सोमनाथ गौड़ ने पुलिस को सूचना दी थी कि उसका भतीजा आरुष 16 अप्रैल की शाम से गायब है।

इस मामले में पुलिस मुकदमा दर्ज कर बालक की खोजबीन कर रही थी। इस क्रम में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार को जयप्रकाश गौड़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया।

जयप्रकाश की निशानदेही पर पुलिस ने इन्द्रजीत कुमार गौड़ उर्फ अतुल कुमार और उसके मौसी के लड़के भीम गौड़ को सदर कोतवाली क्षेत्र के देवरिया को मिसकारी गाँव के पास से गिरफ्तार किया।

पूछताछ में पता लगा कि इन्द्रजीत की शादी दिसम्बर 2024 में शम्भा,

- **शादी के बाद बीमार रहने पर युवक को झाड़-फूंक वाले के पास ले गए। उसने बहला फुसला कर रिश्तेदार के पुत्र की एक बगीचे में रात को बलि दे दी।**

पुत्री परशुराम गौड़ से हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद बीमार होने पर ससुराल वालों ने उस पर कथित तौर पर, देवी मां सवार होने की बात बताई और झाड़-फूंक के लिये इंद्रजीत के मामा जयप्रकाश के पास ले गये जहां उसने नरबलि देने की बात कही।

पुलिस ने बताया कि इन्द्रजीत गौड़ ने अपने साढ़ू रमाशंकर उर्फ शंकर गौड़ को पूरी बात बतायी तथा 50 हजार रुपये में नरबलि के लिये एक छोटे बच्चे की व्यवस्था करने के लिये कहा।

रमाशंकर 16 अप्रैल को अपने बड़े साले योगेश कुमार के बड़े लड़के आरुष गौड़ (09) को बहला-फुसलाकर अपने घर लेकर चला गया और 19 अप्रैल को इन्द्रजीत के मौसेरे भाई भीम को बुलाकर दे दिया।

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि इन्द्रजीत द्वारा अपने मामा जयप्रकाश व अपने मौसी के लड़के भीम के साथ मिलकर थाना कोतवाली क्षेत्र के पिपरा चन्द्रभान के बगीचे में रात्रि में कथित तौर पर पूजा-पाठ कर चाकू से गला रेतकर उसकी हत्या कर दी गयी और शव को वहीं पर गाड़ दिया गया। बाद में इन्द्रजीत ने शव को निकाल लिया और भीम गौड़ के साथ मिलकर 20 अप्रैल को एक बोरे में रखकर गौराघाट, बरहज में नदी में फेंक दिया।

पुलिस जय प्रकाश गौड़,इन्द्रजीत गौड़ उर्फ अतुल,भीम गौड़ और रमा शंकर उर्फ शंकर गौड़ को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई कर रही है।

## चचेरे भाई से कुकर्म ....

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

रिपोर्ट पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अभियुक्त को 1 जून को गिरफ्तार किया। पुलिस जांच में सामने आया कि अभियुक्त का विवाह नहीं हुआ था और वह बच्चों से अश्लील हरकतें करता था।

गिरफ्तारी के बाद पुलिस अभियुक्त को लेकर उसके जीजा के खोह-नागोरियान स्थित खाली पडे मकान में लेकर गई। इसकी चाबी अभियुक्त के पास ही रहती थी।

अभियुक्त की निशानदेही पर पुलिस ने मकान के दूसरी मंजिल के कमरे में प्लास्टिक के बोरे में सड़ी-गली लाश बरामद की। पुलिस जांच में सामने आया कि यह मकान उसके जीजा ने खरीदा था और उसकी चाबियां अभियुक्त के पास रहती थी। घटना से पहले की सीसीटीवी रिकॉर्डिंग में भी अभियुक्त मृतक को ले जाता नजर आया था। अभियुक्त उसे किसी बहाने ने खाली पड़े मकान में लाया और कुकर्म करने के बाद उसकी हत्या कर दी।

## फड़णवीस बच्चों पर हिन्दी थोप रहे हैं- राज ठाकरे

नवी मुंबई, 02 अगस्त। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने शनिवार को मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस पर बच्चों पर कथित तौर पर हिंदी थोपने, और राज्य के मूल निवासियों के हितों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया।

ठाकरे ने रायगढ़ में एक सभा को संबोधित करते हुए स्थानीय युवाओं से अपने भविष्य की सुरक्षा के लिए सतर्क और सक्रिय रहने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, "मुख्यमंत्री फड़नवीस बच्चों पर हिंदी थोपने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने रायगढ़ के स्थानीय लोगों की दुर्दशा को नज़रअंदाज़ कर दिया है।

- **ठाकरे ने यह आरोप किसान श्रमिक पार्टी के स्थापना दिवस समारोह में लगाया।**

बाहरी उद्योग इस क्षेत्र में प्रवेश कर रहे हैं, लेकिन स्थानीय युवाओं को विस्थापित किया जा रहा है। इन उद्योगों को भूमिपुत्रों को रोज़गार प्रदान करना चाहिए और स्थानीय उद्यिमता को बढ़ावा देना चाहिए।"

ठाकरे किसान एवं श्रमिक पार्टी (पीडब्ल्यूपी) के 78वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस सभा में शिवसेना (यूटीबी) सांसद संजय राउत, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ( राकांपा) के प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत शिंदे और कांग्रेस विधायक दल के नेता विजय वडेट्टीवार सहित अन्य प्रमुख नेता मौजूद थे।

# चमोली की जल विद्युत परियोजना का भूस्खलन से काम रुका

## घटना स्थल पर 70 मजदूर काम कर रहे थे, 12 घायल हुए

गोपेश्वर/देहरादून, 02 अगस्त। उत्तराखंड के चमोली जिले में हेलंग के पास टीएचडीसी की विष्णुगढ़ जलविद्युत परियोजना स्थल पर भूस्खलन होने से शनिवार को 12 मजदूर घायल हो गए। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि भूस्खलन के समय परियोजना स्थल पर लगभग 300 मज़दूर काम कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि पहाड़ से पत्थर लुढ़कने लगे तो मजदूर जान बचाने के लिए भागे। आठ मज़दूरों को मामूली चोटें आईं, जबकि चार गंभीर रूप से घायल हो गए। जिलाधिकारी ने बताया कि सभी घायल मज़दूरों को पीपलकोटी स्थित विवेकानंद

- **पहाड़ से पत्थर लुढ़कने लगे तो मजदूर जान बचाकर भागे। चार मजदूर गंभीर रूप से घायल हुए तथा 8 को मामूली चोटें आईं।**

अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

उन्होंने बताया कि एक मज़दूर के पैर में चोट आई है, जबकि दूसरे मजदूर को एम्बुलेंस से पौड़ी ज़िले के श्रीनगर स्थित एक अस्पताल ले जाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दूसरे मजदूर की रीढ़ की हड्डी का एमआरआई होना है। जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने कहा कि एमआरआई रिपोर्ट से चोट की गंभीरता का पता चलेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि जिस स्थान पर भूस्खलन हुआ, वहां लगभग 70 मजदूर मौजूद थे। उन्होंने कहा कि परियोजना स्थल पर फिलहाल काम रोक दिया गया है। उन्होंने कहा कि टीएचडीसी को परियोजना स्थल पर मौजूद लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के बाद ही काम फिर से शुरू करने के लिए कहा गया है। भूस्खलन की सूचना मिलने के बाद राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ), पुलिस और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंच गए।

## मु.मंत्री भजनलाल...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

भजनलाल ने केन्द्रीय मंत्री हरदीप पुरी से भी भेंट की। सूत्रों का कहना है कि भाजपा नेतृत्व फिलहाल व्यस्त है तथा पार्टी अध्यक्ष नियुक्त करने को लेकर उलझन में है, और अब उपराष्ट्रपति के लिए उपयुक्त उम्मीदवार की तलाश भी उसके लिए एक नई चुनौती बन गई है, क्योंकि नामांकन की अंतिम तिथि 21 अगस्त है। ऐसे समय में पार्टी नेतृत्व किसी भी राज्य में मुख्यमंत्री के मोर्चे को खोलना नहीं चाहता, क्योंकि भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के भीतर समस्याएं तेजी से बढ़ती जा रही हैं।

## पूर्व सांसद ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

दोषी ठहराने के एक दिन बाद सुनायी है। न्यायाधीश संतोष गजानन भट ने रेवन्ना के खिलाफ फैसला सुनाते समय अपराधों की गंभीर प्रकृति को ध्यान में रखा। यह फैसला रेवन्ना की गिरफ्तारी के लगभग 14 महीने बाद और आठ हफ़्तों तक चली फास्ट ट्रैक सुनवाई के बाद आया है।

# वाराणसी के सभी 84 घाट पानी में डूबे

## दशाश्वमेध घाट पर होने वाली मशहूर गंगा आरती छत पर हो रही है

वाराणसी, 02 अगस्त। मध्य प्रदेश समेत देश के अन्य राज्यों में हो रही मूसलाधार बारिश का असर यूपी में भी देखने को मिल रहा है। बारिश का पानी गंगा नदी में आने से निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। वाराणसी में गंगा का पानी तेज़ी से बढ़ रहा है। गंगा नदी चेतावनी स्तर से ऊपर बह रही है। काशी के सभी 84 घाट पानी में डूब गए हैं। अस्सी घाट का पानी सड़क पर आ गया है। अस्सी घाट की दुकानें खाली कराई जा रही हैं।

अस्सी घाट पर दुकानदार अपना सामान लेकर जा रहे हैं, क्योंकि कभी भी गंगा का पानी दुकानों में घुस सकता है। दशाश्वमेध घाट पर होने वाली मशहूर गंगा आरती छत पर हो रही है, क्योंकि घाट की सभी सीढ़ियाँ पानी में डूब गई हैं और तेज बहाव में पानी बह रहा है। मणिकर्णिका घाट पर शवों का अंतिम संस्कार छत पर किया जा रहा है क्योंकि घाट पानी में डूबा है।

- **मणिकर्णिका घाट पर शवों का अंतिम संस्कार, छत पर किया जा रहा है, क्योंकि घाट पानी में डूबा है।**

पानी के तेज बहाव की वजह से गंगा में नाव चलाने पर रोक लगा दी गई है। सावन का महीना है।

गंगा में डुबकी लगाने और जल लेने श्रद्धालु और कांवडिये दूर-दूर से आ रहे हैं। उन्हें सीढ़ियों पर स्नान करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार, वाराणसी में वार्निंग लेवल 70.262 मीटर है और डेंजर लेवल 71.262 मीटर है। अभी यहां गंगा वार्निंग लेवल क्रॉस कर चुकी है और 70.87 मीटर पर बह रही है। जिस तरह से पानी बढ़ रहा है शाम तक पानी का लेवल 71.3 मीटर हो जाने की उम्मीद है।

# 'भारत ने रूस से ऑयल खरीदना बंद कर....

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

के चलते पश्चिमी प्रतिबंधों के बावजूद भारत द्वारा सस्ते रूसी तेल की खरीद जारी रखने की आलोचना की थी।

तथापि, विदेश मंत्रालय के सूत्रों ने कहा कि उन्हें रूस से तेल आयात बंद होने की कोई जानकारी नहीं है। एक सूत्र ने कहा, "भारत की ऊर्जा खरीद राष्ट्रीय हित और बाजार की परिस्थितियों के आधार पर होती है। हमें भारतीय तेल कंपनियों द्वारा रूस से तेल खरीद रोकने की कोई जानकारी नहीं है।"

हालाँकि, रिपोर्ट लिखे जाने तक मंत्रालय की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया था, लेकिन शुक्रवार को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जैसवाल ने भी इसी तरह की बात कही थी। शुक्रवार को साप्ताहिक ब्रीफिंग में जैसवाल ने कहा, "आप हमारी ऊर्जा खरीद से जुड़े समग्र दृष्टिकोण से अवगत हैं। हम बाजार में उपलब्ध विकल्पों और वैश्विक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हैं। हमें किसी विशेष बदलाव की जानकारी नहीं है।"

हाल की कई रिपोर्टों में दावा किया गया था कि इस सप्ताह भारतीय सरकारी रिफाइनरियों ने रूस से तेल खरीदना बंद कर दिया है, क्योंकि इस महीने छूट कम हो गई है और अमेरिका ने रूस से तेल खरीदने पर चेतावनी जारी की है। भारत, जो दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा तेल आयातक है, समुद्र मार्ग से भेजे जाने वाले रूसी कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार है।

रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार, देश की सरकारी रिफाइनरियां, इंडियन ऑयल कॉर्प, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्प, भारत पेट्रोलियम कॉर्प और मैंगलोर रिफाइनरी पेट्रोकेमिकल लिमिटेड, ने पिछले एक सप्ताह में रूस से नया तेल खरीदने का कोई प्रयास नहीं किया है। इन रिफाइनरियों और पेट्रोलियम मंत्रालय ने रॉयटर्स के सवालों का तत्काल जवाब नहीं दिया।

सूत्रों ने बताया कि ये चारों रिफाइनरियां आम तौर पर रूस से डिलिवर्ड बेसिस (आपूर्ति स्थल तक पहुँचकर डिलीवरी के आधार पर) पर तेल खरीदती हैं, लेकिन अब वे विकल्प के तौर पर, स्पॉट मार्केट से तेल खरीद रही हैं, जिसमें अबू धाबी का मुरबान क्रूड और पश्चिम अफ्रीका का तेल शामिल है।

भारत में निजी रिफाइनर, रिलायंस इंडस्ट्रीज़ और नायरा एनर्जी भारत में रूसी तेल के सबसे बड़े खरीददार हैं, लेकिन सरकारी रिफाइनरियां देश की कुल 5.2 मिलियन बैरल प्रतिदिन की रिफाइनिंग क्षमता के 60 प्रतिशत से अधिक हिस्से पर नियंत्रण रखती हैं।

14 जुलाई को ट्रंप ने धमकी दी थी कि जो देश रूस से तेल खरीदते रहेंगे, उन पर 100 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा, जब तक कि रूस यूक्रेन के साथ कोई बड़ा शांति समझौता नहीं करता।

## शिक्षक पेपर लीक ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

दर्शाता है। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक बीएस चौहान ने बताया कि 23 दिसंबर, 2022 को उदयपुर की सुखेर थाना पुलिस गश्त पर थी। इस दौरान पुलिस को सुबह करीब पांच बजे बेकरिया सर्किल पर एक बस में आरपीएससी की शिक्षक द्वितीय श्रेणी भर्ती के पेपर संबंधी दस्तावेज मिले। वहीं, बस में मिले एक व्यक्ति ने पूछताछ में बताया कि उसके कुछ साथी सुखेर की एक होटल में ठहरे अभ्यर्थियों को प्रश्न पत्र हल करवा रहे हैं। पुलिस ने होटल में दबिश दी तो मंगलाराम, गोपाल और पुखराज वहां मौजूद नौ लडकों और एक लडकी को प्रश्न पत्र हल करवा रहे थे।

# 'मेरा नाम बिहार की वोटर लिस्ट में...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

एक महीने तक चले विशेष पुनरीक्षण अभियान के बाद प्रकाशित की गई है।

यादव ने कहा, "हर विधानसभा क्षेत्र से लगभग 20 से 30 हजार नाम हटा दिए गए हैं। कुल मिलाकर करीब 65 लाख मतदाता, यानी लगभग 8.5 प्रतिशत नाम सूची से हटा दिए गए हैं। जब भी चुनाव आयोग विज्ञापन देता था, तो उसमें बताया जाता था कि बहुत से लोग स्थानांतरित हो गए हैं, बहुत से लोगों की मृत्यु हो गई है, और बहुत से नाम दोहराए गए हैं।

लेकिन इस बार चुनाव आयोग द्वारा जो सूची हमें दी गई है, उसमें बड़ी चालाकी से किसी भी मतदाता का पता, बूथ नंबर या ईपीआईसी नंबर नहीं दिया गया है, ताकि हम पता ही न लगा सकें कि किनके नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए हैं।"

तेजस्वी यादव ने सवाल उठाया, जब मेरा ही नाम मतदाता सूची में नहीं है तो मैं चुनाव कैसे लड़ूंगा?

इसके जवाब में चुनाव आयोग ने कहा कि यादव का नाम प्रारंभिक सूची में बिल्कुल मौजूद है, और वह दीघा विधानसभा क्षेत्र में क्रम संख्या 416 पर दर्ज हैं।

यह विवाद ऐसे समय पर सामने आया है, जब कुछ दिन पहले ही चुनाव आयोग को कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा चुनाव में गड़बड़ी किये जाने के आरोपों का जवाब देना पड़ा था।

# 'स्वतंत्र भारत के ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

माँग करें।

मंत्री ने कहा कि सुरक्षा बल की तैनाती इस प्रकार की (अनुचित) कार्यवाही को रोकने के लिये की गई थी, किन्तु किसी भी सांसद को बोलने से नहीं रोका जायेगा।

रिजिजू ने कहा, "जब तक सांसद कोई विद्वेषपूर्ण कदम नहीं उठायेंगे, तब तक मार्शल तथा सुरक्षा बल सदन के अन्दर कोई कार्यवाही नहीं करेंगे।"

जहाँ कुछ सांसद बिहार के एस.आई.आर. मुद्दे पर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे, वहीं कुछ सदस्य, कथित रूप से, सदन के वैल में पहुँच गये थे तथा इस कवायद के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे विपक्षी दल 21 जुलाई को शुरू हुये संसद के मानसून सत्र के आरंभ से ही इस कवायद पर चर्चा तथा इसे वापस लेने की माँग कर रहे हैं।

कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने कहा कि सदन "सी.आई.एस.एफ. के जवानों द्वारा "काउन्सिल ऑफ स्टेट्स के चैम्बर के अधिग्रहण" का साक्षी बन रहा है।

राज्य सभा में टी.एम.सी. संसदीय दल के नेता डैरेक'ओ ब्रायन ने कहा कि जो कुछ सदन में घटित हुआ, वह "अभूतपूर्व" था।

उन्होंने एक बयान में कहा, "मार्शलों (या सी.आई.एस.एफ. जवानों) ने वैल का रास्ता पहले ही बन्द कर दिया था।

ए.आई.टी.सी., डी.एम.के. तथा आप के सांसदों को वैल में जाने से रोका गया। इस प्रकार की स्थिति पहले कभी नहीं देखी गई।

एस.आई.आर.-वोट चोरी पर चर्चा से इतना ज्यादा डर! मोदी-शाह! इंडिया गठबन्धन अन्त तक आपके विरूद्ध संघर्ष करेंगा।"

उन्होंने कहा "जुलाई के अन्तिम दिन और अगस्त के पहले उच्च सदन में जो कुछ हुआ, उसे देश के संसदीय इतिहास में काले अक्षरों से लिखा जायेगा।"

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908